सुविचार

अष्टमीप्रत्येक व्यक्ति सब बातों में निपुण नहीं हो सकता, प्रत्येक व्यक्ति की विशिष्ट उत्कृष्टता होती है।

यूरोपिटीज

Daily

# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

Published from Ranchi



12

विद्युत जामवाल और नोरा फतेही की...

Ranchi ● Wednesday, 20 December 2023 ● Year : 01 ● Issue : 329 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com | E-Paper : epaper.thephotonnews.com


### दिल्ली के अशोका होटल में हुई इंडिया गठबंधन के नेताओं की चौथी बैठक

## पीएम कैंडिडेट के लिए खड़गे का नाम बढ़ाया

**AGENCY NEW DELHI :** इंडिया गठबंधन के नेताओं की चौथी बैठक मंगलवार को दिल्ली के अशोका होटल में हुई। इसमें पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पीएम चेहरे के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम का सुझाव रखा। अरविंद केजरीवाल ने इसका समर्थन किया। यह जानकारी बैठक के बाद एमडीएमके के सांसद वाइको ने दी। हालांकि पीएम फेस के सवाल पर यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने चुप्पी साध ली। पत्रकारों के सवाल के जवाब में खड़गे ने कहा- पहले हम सभी को लोगों को जीतकर आना है, पहले इस पर विचार करना होगा। अगर हमारे पास सांसद नहीं होंगे तो पीएम फेस के बारे में बात करके हम क्या करेंगे।




इंडिया गठबंधन की बैठक में राहुल गांधी, खड़गे, केजरीवाल व अन्य।

- ममता बनर्जी ने आगे बढ़ाया मल्लिकार्जुन का नाम, केजरीवाल का भी समर्थन
- खड़गे बोले- हमारे पास सांसद नहीं होंगे तो पीएम फेस के बारे में बात करके क्या करेंगे

### जनवरी के दूसरे सप्ताह में सीट शेयरिंग पर फैसला

इंडिया गठबंधन की बैठक में सीट शेयरिंग को लेकर भी चर्चा की गई। जिसमें तय किया गया कि जनवरी, 2024 के दूसरे सप्ताह तक सीट बंटवारे को अंतिम रूप देना है। बैठक से एक दिन पहले आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने विपक्षी पार्टियों की मुश्किलें बढ़ा दी थीं। उन्होंने पंजाब के लिए सभी 13 सीटों की मांग कर दी थी। बैठक में साक्षा रैली को लेकर भी सहमति बनी। खबर है कि विपक्षी पार्टियां अगले साल 30 जनवरी को पटना के गांधी मैदान में महारैली करने की तैयारी कर रही हैं। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, गठबंधन की चौथी बैठक में 28 दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया। खुशी की बात है कि सभी ने एक होकर यह फैसला किया कि आगे किस तरह से मिलकर काम करना है। उन्होंने कहा कि सभी दलों ने 8-10 जनसभाएं करने का फैसला किया।

### संसद के लाइब्रेरी परिसर में हुई भाजपा संसदीय दल की बैठक, विपक्ष को घेरा

## विपक्ष ने 'विपक्ष' में रहने का मन बनाया : मोदी

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संसद सुरक्षा चूक मामले पर विपक्ष को घेरा। भाजपा संसदीय दल की बैठक में उन्होंने कहा कि विपक्ष ने विपक्ष में ही बने रहने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने संसद की सुरक्षा में सेंध मारी, कुछ दल एक तरह से उनके समर्थन में आवाज उठा रहे हैं। यह सेंधमारी की ही तरह खतरनाक है। भाजपा की संसदीय दल की बैठक संसद के लाइब्रेरी परिसर में हुई। प्रधानमंत्री के साथ रक्षामंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बैठक में शामिल हुए। पीएम ने कहा कि लोकतंत्र में भरोसा करने वाले हर व्यक्ति को संसद परिसर में हुई घुसपैठ की घटना की निंदा करनी चाहिए, पर कुछ पार्टियां सुरक्षा चूक के मामले को सपोर्ट कर रही हैं।



भाजपा संसदीय दल की बैठक के बाद रक्षामंत्री राजनाथ, पीएम मोदी व अन्य।

- संसद परिसर में हुई घुसपैठ की घटना की निंदा करनी चाहिए : पीएम
- मोदी बोले- कुछ पार्टियां संसद सुरक्षा चूक को सपोर्ट कर रही, उनका ये आचरण बेहद खतरनाक

### इंडिया ब्लॉक का टारगेट हमको हटाना : प्रधानमंत्री

पीएम ने कहा कि इंडिया ब्लॉक का लक्ष्य हमारी सरकार को हटाना है, जबकि हमारी सरकार का लक्ष्य इस देश के लिए बेहतर भविष्य तैयार करना है। विपक्षियों के इस व्यवहार से 2024 में इनके नंबर और कम होंगे। भाजपा को फायदा होगा। पीएम ने कहा कि संसद में विपक्षी सांसद शामिल होंगे या नहीं, इससे फर्क नहीं पड़ता। हमें जरूर शामिल होना है। कुछ बिल बहुत महत्वपूर्ण हैं, जिन पर चर्चा होनी चाहिए। अगर विपक्ष चर्चा में शामिल होता तो अच्छी बात होती, लेकिन शायद अच्छे काम उनके भाग्य में नहीं हैं। दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में संसद सुरक्षा चूक के लिए बेरोजगारी और महंगाई को दोषी ठहराया था। इसे लेकर पीएम ने कहा, 'मैं नहीं समझ पा रहा हूं लोकतंत्र में भरोसा करने वाली कोई पार्टी कैसे इस घटना को सही ठहरा सकती है।' पीएम ने ये भी कहा कि विपक्षी दल हालिया विधानसभा चुनावों में मिली हार से परेशान हैं और अपनी बौखलाहट में संसद की कार्यवाही में बाधा डाल रहे हैं।

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 71,437.19 |
| निफ्टी | : | 21,453.10 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,890 |
| चांदी | : | 79.07 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### चीन में भूकंप से अब तक 116 लोगों की मौत

**BEIJING :** चीन में सोमवार रात करीब 12 बजे आए शक्तिशाली भूकंप से कम से कम 116 लोगों की मौत हो गई। पहले 111 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई थी। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.2 मापी गई है। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र का कहना है कि तेज झटके लगते ही लोगों में दहशत फैल गई। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, भूकंप से अब तक उत्तर पश्चिम चाइना के गांसु प्रांत में 105 और किंघई प्रांत में 11 लोगों की मौत हो गई। गांसु प्रांत में मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। देश की ब्लू स्काई रेस्क्यू टीम राहत और बचाव अभियान में जुटी हुई है।

### ज्ञानवापी केस में मुस्लिम पक्ष की 5 याचिकाएं खारिज

**PRAYAGRAJ :** ज्ञानवापी मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंगलवार 19 दिसंबर को मुस्लिम पक्ष की 5 याचिकाएं खारिज कर दीं। इसमें ज्ञानवापी परिसर के अंदर मंदिर मरम्मत को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने वाराणसी कोर्ट को निर्देश दिए कि इस मामले 1991 में दायर सिविल मामले में से एक की सुनवाई 6 महीने में पूरी करें। ज्ञानवापी मस्जिद, वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में है। हाईकोर्ट ने जिन 5 याचिकाओं को खारिज किया, उनमें से तीन ज्ञानवापी मस्जिद कमेटी और दो उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने दायर की थी। इनमें से तीन याचिकाओं में 1991 में वाराणसी कोर्ट में दायर एक केस की मेरिट को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट के जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने सभी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया।

### विस शीतकालीन सत्र : तीसरा दिन भी हंगामेदार, तीन बीजेपी विधायक पूरे सत्र के लिए सस्पेंड

# मार्शल आउट फिर भाजपा विधायक वॉकआउट

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र का तीसरा दिन भी हंगामेदार रहा। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही बाधित होने का हवाला देते हुए स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने बीजेपी के तीन विधायकों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया। जिसके बाद मार्शन ने उन्हें उठाकर सदन से आउट कर दिया। सबसे पहले स्पीकर ने बीजेपी विधायक भानु प्रताप शाही को निलंबित किया। भानु प्रताप शाही के निलंबन के विरोध में बीजेपी के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण वेल में पहुंच गए। जिसके बाद स्पीकर ने कहा कि बार-बार आग्रह के बावजूद आपलोग सदन का संचालन होने नहीं दे रहे हैं। ऐसा कहते हुए स्पीकर ने दोनों को निलंबित किया। जिसके बाद विधायक भानु प्रताप शाही और सस्पेंशन के खिलाफ वेल में बैठे बिरंची नारायण को मार्शल की टीम ने उठाकर सदन से बाहर कर दिया। विधायकों ने बताया कि जेपी पटेल को भी निलंबित कर दिया गया है।



कार्यवाही बाधित करने पर भाजपा विधायकों को मार्शल आउट करती मार्शन।

### विपक्ष ने हेमंत सरकार को घेरा

बीजेपी के तीन विधायकों को निलंबित किए जाने के बाद नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने सदन के बहिष्कार की घोषणा की। सदन का बहिष्कार करने का बाद नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी के साथ बीजेपी के सभी विधायकों ने वॉकआउट कर लिया। इधर, निलंबन के बाद सभी बीजेपी विधायक विधानसभा परिसर में अटल मूर्ति के सामने धरना पर बैठ गए। बता दें कि विधानसभा सत्र का तीसरा दिन भी काफी हंगामेदार रहा। इस दौरान सदन के भीतर भी हंगामा हो रहा था और सदन के अंदर भी हंगामा हो रहा था। सदन के बाहर विपक्ष के विधायकों का हंगामा दिनभर जारी रहा। नियोजन नीति स्पष्ट करने को लेकर विपक्ष ने हेमंत सोरेन सरकार को घेरा।

## नियोजन नीति के मुद्दे पर सत्ता पक्ष व विपक्ष का हंगामा




सदन परिसर में सत्ता पक्ष और विपक्ष ने जमकर नारेबाजी की। भाजपा के बिरंची नारायण, ढुल्लू महतो ने नियोजन नीति स्पष्ट करने को लेकर हेमंत सरकार को घेरा। उन्होंने राज्य सरकार के अधीन सवा तीन लाख पद को भरने की मांग की और कहा कि यदि युवा नौकरी की मांग करता है, तो सरकार लाठी चलाकर उन्हें डराने का काम करती है। मनीष जायसवाल ने जिला में स्कूल में बांटी जाने वाली पोशाक की गुणवत्ता पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा सरकार ने दो एनजीओ के माध्यम से 17 करोड़ की पोशाक खरीदी है, जिसकी गुणवत्ता बेहद खराब है। इसपर कांग्रेस के विधायक उमाशंकर अकेला ने पलटवार करते हुए कहा कि मनीष जायसवाल को इसका टेंडर नहीं मिला, जिससे वो नाराज हैं। साथ ही जिला शिक्षा अधीक्षक पर आरोप लगा रहे हैं। इरफान अंसारी ने यूपी और एमपी में दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया।

### दूसरा बजट पास, बीजेपी विधायक रहे अनुपस्थित

झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन बीजेपी विधायकों की अनुपस्थिति में सरकार ने 8 हजार 111 करोड़ रुपये का दूसरा अनुपूरक बजट सदन से पास करा लिया। इसके साथ ही सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

### इधर, राज्यसभा से दिल्ली बिल को मिली मंजूरी

## लोस से फिर 49 सांसद सस्पेंड, दोनों सदनों से अबतक 141 सांसद निलंबित



संसद के मकर द्वार के बाहर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते विपक्षी नेता।

**AGENCY NEW DELHI :** राज्यसभा में नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ डेल्ही लॉज (स्पेशल प्रोविजंस) सेकेंड (अमेंडमेंट) बिल 2023 पास हो गया। ये बिल मानसून सत्र में लोकसभा में पास हो गया था। अब बिल को दस्तखत के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। सांसदों के निलंबन को लेकर दोनों सदनों में हंगामा हुआ। विपक्षी सांसदों ने सदन के गेट और परिसर में नारेबाजी और प्रदर्शन किया। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सुबह से 3 बार स्थगित की गई। इसके बाद लोकसभा से विपक्ष के 49 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। इस तरह अब कुल 141 सांसद सदन की कार्यवाही में हिस्सा नहीं ले सकेंगे।

## साहिबगंज में दाहू यादव के घर सीबीआई की छापेमारी

**PHOTON NEWS SAHIBGANJ :** साहिबगंज के मंडरो अंचल के सिमरिया मौजा (नींबू पहाड़) में हुए अवैध खनन मामले में सीबीआई की टीम एक बार फिर एक्शन में है। सीबीआई की टीम मंगलवार सुबह शोभनपुरभट्ठा स्थित दाहू यादव के घर और बथान पर पहुंच कर जांच की।

अवैध खनन मामले में फरार चल रहे दाहू यादव के घर पर सीबीआई की टीम ने छापेमारी की। सीबीआई की टीम मंगलवार पूर्वाह्न 11:15 बजे दाहू यादव के आवास पहुंची और उसके आवास के निकट बने बथान में पहुंचकर जांच की। साथ ही कई से पूछताछ भी की।

- अवैध खनन मामले में अबतक फरार चल रहा है दाहू यादव
- 11:15 बजे दाहू यादव के आवास पहुंची एजेंसी, कई से की पूछताछ

### जय कुमार सिंघानिया के ठिकानों पर आईटी रेड

**RANCHI :** झारखंड में आईटी की कार्रवाई जारी है। शराब कारोबारी सह कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के बाद आयकर ने पान मसाला कारोबारी जय कुमार सिंघानिया के ठिकानों पर छापेमारी की है। मंगलवार सुबह आईटी विभाग की टीम राज्य के बड़े कारोबारी जय कुमार सिंघानिया के ठिकानों पर रेड करने पहुंची। दो गाड़ियों से टीम राजधानी के अपर बाजार स्थित जय सिंघानिया के यहां छापेमारी कर रही है। जय सिंघानिया राज्य के बड़े पान मसाला व्यापारी हैं और इनका राज्यभर में एक बड़ा कारोबार है। अपर बाजार स्थित जय सिंघानिया के कार्यालय के बाहर आयकर विभाग की गाड़ी खड़ी है और सुरक्षा में सीआरपीएफ जवान तैनात हैं।

## नक्सली संगठन को मजबूत करने में जुटा था विजय

### झारखंड-बिहार में माओवादी के मगध क्षेत्र के अन्य हितधारकों के बीच कर रहा था काम

**जांच में खुलासा**

**CRIME REPORTER RANCHI :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच में खुलासा हुआ है कि नक्सलियों के गांधी कहे जाने वाला विजय आर्य भाकपा माओवादी संगठन के पूर्व कैडर को जोड़ने में जुटा था। एनआईए ने रांची में एनआईए की विशेष अदालत के समक्ष दोनों नक्सलियों के खिलाफ दूसरी पूरक चार्जशीट दाखिल की है। जांच से पता चला है कि विजय कुमार आर्य भाकपा माओवादी का केंद्रीय समिति सदस्य था, जबकि आनंद पासवान प्रतिबंधित संगठन का एक प्रमुख समर्थक और पूर्व कैडर था। विजय को पूर्व कैडरों को प्रेरित करने में शामिल पाया गया था। वहीं वह संगठन के कार्यकर्ताओं और झारखंड-बिहार में माओवादी के मगध क्षेत्र के अन्य हितधारकों के बीच एक माध्यम के रूप में भी काम कर रहा था। आनंदी पासवान बीते 23 जून 2023 को गिरफ्तार हुआ था। वहीं विजय कुमार आर्य को बिहार पुलिस ने रोहतास थाना क्षेत्र से 14 अप्रैल 2022 को गिरफ्तार किया था।



### नक्सली का टॉप कमांडर है विजय आर्य

साल 2018 में जेल से रिहा होने के बाद टॉप नक्सली कमांडर में से एक विजय आर्या को झारखंड और बिहार के कई इलाको में संगठन को मजबूत करने की जिम्मेवारी सौंपी गयी थी। जानकारी के मुताबिक, माओवादियों के चाल्हो सब जोन (गया, औरंगाबाद और पलामू का इलाका) को एक्टिवेट करने की जिम्मेदारी उसे मिली थी। इस जोन में माओवादी 2005 के बाद बेहद कमजोर हो गये थे। विजय आर्या बिहार के गया का रहने वाला हैं। साल 2018-19 में माओवादियों की बड़ी बैठक छकरबंधा में हुई थी। इस बैठक में एक करोड़ के इनामी माओवादी प्रशांत बोस ने भाग लिया था। इसी बैठक में विजय आर्य को कई इलाकों में माओवादियों को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गयी थी।

### गुमला में बोले सीएम सोरेन- पांच हजार उत्कृष्ट विद्यालयों का जल्द होगा शुभारंभ

## झारखंड में क्वालिटी एजुकेशन पर विशेष फोकस : हेमंत

**PHOTON NEWS GUMLA :** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में पांच हजार उत्कृष्ट विद्यालय शुरू करने की योजना है। फिलहाल राज्य में 80 उत्कृष्ट विद्यालय का शुभारंभ कर दिया गया है। झारखंड की 80 प्रतिशत आबादी गांवों में बसती है। सरकार गठन से पूर्व कहा था हमारी सरकार का संचालन गांव और पंचायत से होगा। राज्यवासियों को सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए, यहां के लोगों को प्रखंड कार्यालय और जिला मुख्यालय नहीं बुलाएगी बल्कि आपकी सरकार खुद आपके द्वार आकर आपकी समस्याओं का समाधान करेगी। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए हमारी सरकार तीसरी बार आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन गांव और पंचायत में कर रही है। आयोजित शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान और उन्हें योजनाओं का लाभ मिल रहा है। गुमला की कसीरा पंचायत में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में वे लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा इस तरह के उत्सव और त्यौहार रूपी शिविर का आयोजन होता रहेगा। गांव को मजबूत किए बिना राज्य को सशक्त नहीं कर सकते। यही वजह है कि आपकी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देगी।

- झारखंड की 80 प्रतिशत आबादी गांवों में बसती है
- हमारी सरकार का संचालन गांव और पंचायत से होगा



### फूलो झानो आशीर्वाद योजना से जुड़िए

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हड़िया, शराब निर्माण और बिक्री कार्य से जुड़ी महिलाओं से आग्रह करते हुए कहा कि ऐसे कार्य से जुड़ी महिलाएं अपने सिर पर योजना की गठरी रखें। सरकार फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत 50 हजार रुपए इस कार्य से जुड़ी महिलाओं को उपलब्ध करा रही है ताकि ये भी सम्मानजनक आजीविका से जुड़ सकें। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार ने पात्र वंचित गरीबों के आवास को स्वीकृति नहीं दी, परंतु आपकी सरकार राज्य के जरूरतमंद आठ लाख लोगों को आवास उपलब्ध कराएगी। हर गरीब का अपना आवास होगा। सरकार ने अबुआ आवास योजना के तहत 8 लाख गरीबों का अपना घर होने के सपने को पूरा करेगी। अगर जरूरत हुई तो योजना का दायरा और भी बढ़ाया जाएगा ताकि कोई भी जरूरतमंद बिना अपना आवास के न रहे। एक-एक पाई इकट्ठा कर जरूरतमंदों को आवास देंगे।

### बिटकॉइन पोंजी स्कीम मामले में ईडी का एक्शन प्रमोटर गिरफ्तार

**MUMBAI :** बिटकॉइन में इन्वेस्टमेंट और भारी रिटर्न देने के नाम पर मुंबई की वेरिएबल पीटीई लिमिटेड कंपनी के खिलाफ ईडी ने एक्शन लिया है। कंपनी की प्रमोटर सिम्पी भारद्वाज को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। ईडी ने मंगलवार को बताया कि कंपनी ने लोगों को झांसे में लेकर 6600 करोड़ रुपए का हेरफेर किया है। ईडी ने प्रमोटर सिम्पी भारद्वाज के घर पर छापेमारी करते हुए तीन लग्जरी कारें और कुछ ज्वलेरी जब्त की है। अब तक 69 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क कर ली गई है। दरअसल, महाराष्ट्र और दिल्ली पुलिस ने वेरिएबल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के प्रमोटर्स और कई मल्टी-लेवल मार्केटिंग एजेंटों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया था। ईडी ने इस मामले पर एक्शन लेते हुए प्रमोटर्स सिम्पी भारद्वाज, उनके पति अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक भारद्वाज और महेंद्र भारद्वाज की जांच की।

## शाहरुख की पत्नी गौरी खान को ईडी का नोटिस

### पूछा- ब्रांड एंबेसडर बनने के लिए कितने पैसे लिए

**AGECY NEW DELHI :** बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान को ईडी (प्रर्वतन निदेशालय) ने नोटिस भेजा है। गौरी खान लखनऊ की रियल एस्टेट कंपनी तुलसियानी ग्रुप की ब्रांड एम्बेसडर हैं। इस कंपनी पर निवेशकों और बैंक का करीब 30 करोड़ रुपए हड़पने का आरोप है। इस कंपनी की जांच के दायरे में गौरी खान भी आ रही हैं। गौरी खान को तुलसियानी ग्रुप ने 2015 में अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया था। लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी में तुलसियानी ग्रुप का प्रोजेक्ट है। ईडी की लखनऊ शाखा ने गौरी खान को भेजे नोटिस में पूछा है कि तुलसियानी ग्रुप ने उन्हें ब्रांड एम्बेसडर बनाने के लिए कितना भुगतान किया है। यह पैसे उनको कैसे दिए गए हैं। इसके लिए क्या-क्या अनुबंध हुए हैं और इस अनुबंध का कागज भी एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट को दिखाने के लिए कहा गया है।

- लखनऊ की रियल एस्टेट कंपनी की ब्रांड एंबेसडर है गौरी खान
- कंपनी पर 30 करोड़ हड़पने का आरोप

# गढ़वा में मुठभेड़ के बाद JJMP का उग्रवादी गिरफ्तार, एके 47 बरामद

## चार मैगजीन, 83 गोलियां, चार मोबाइल, वॉकी-टॉकी समेत 18 सामान जब्त

**PHOTON NEWS GARHWA :** जिले के रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत ढेगुरा के जंगल में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) और रंका पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ के बाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सर्च ऑपरेशन के दौरान शिवपूजन मुंडा उर्फ शिवपूजन भूईहर को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक एके 47, चार मैगजीन, 83 गोली, वॉकी-टॉकी एक, मोबाइल चार, वर्दी एक, पिट्ठू बैग सहित छोटे मोटे 18 सामान को बरामद किया है।

पलामू जोन की आईजी राजकुमार लकड़ा ने मंगलवार को बताया कि गत दो माह से जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के क्रियावादी टुनेश उरांव अपने दस्ते के सदस्यों के जरिये गढ़वा जिले के रमकंडा, रंका, चिनियों, भंडरिया इत्यादि क्षेत्रों में भ्रमणशील होकर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों से लेवी वसूलने के लिए धमकी दे रहा है। निमार्ण कार्यों ये लगे मशीनरी को नुकसान पहुंचाने का कार्य करते हुए संवेदकों एवं आम जनता को आतंकित कर रहा है।


मीडिया को जानकारी देते आईजी राजकुमार लकड़ा। ● फोटोन न्यूज

इस दौरान खुटवों मोड़ थाना-रंका में बन रहे एल एंड टी कंपनी के पानी टंकी में टुनेश उरांव के दस्ते ने लेवी लेने के उद्देश्य से सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट किया था। इस संबंध में रंका थाना में 17 दिसम्बर को 17 सीएलएक्ट दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बीच गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ढेगुरा स्थित सुअरमरवां जंगल में टुनेश उरांव अपने दस्ते के साथ लेवी लेने के लिए विध्वंसक कार्रवाई करने की योजना बना रहा है। इसी सूचना पर थाना प्रभारी रंका, रमकंडा, चिनियों एवं सशस्त्र बल के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया।

छापेमारी टीम जैसे ढेगुरा गांव की ओर स्थित जंगल के नाला के पास पहुंची तो सामने की ओर से आ रहे जेजेएमपी के एरिया कमांडर टुनेश उरांव के दस्ते के साथ मुठभेड़ हो गयी। टीम में शामिल पदाधिकारी और सशस्त्र बल ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए आत्मसुरक्षार्थ टुनेश के दस्ते के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान रंका थाना प्रभारी को दो गोली लगी, जिसमें एक गोली छाती पर लगी लेकिन बीपी जैकेट पहने होने की वजह से कोई नुकसान नहीं पहुंचा जबकि एक गोली उसके कलाई पर लगी, जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गये। प्राथमिक उपचार के बाद रांची के मेडिकल अस्पताल भेजा गया।

इस दौरान गढ़वा एसपी दीपक पांडेय सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान हथियार के साथ चार धराए


मीडिया को जानकारी देते एसीडीपीओ अविनाश कुमार। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHATRA :** राजपुर थाना पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। जबकि तीन नाबालिग को निरुद्ध किया है। गिरफ्तार अपराधी का नाम कमलेश कुमार बताया गया है। इनके पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा गोली, दो मोबाइल फोन और दो बाइक बरामद किया गया है। एसीडीपीओ अविनाश कुमार ने मंगलवार को बताया कि अपराध नियंत्रण के लिए स्थान बदल - बदल कर एंटी क्राईम चेकिंग करने का एसपी से आदेश प्राप्त हुआ था।

इसी क्रम में सूचना मिली कि पेलतौल गांव के पास अपराधी किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना के बाद वाहन चेकिंग शुरू किया गया।चेकिंग के क्रम में दो बाइक को रोका गया जिस पर चार लोग सवार थे। जांच के दौरान एक अपराधी के पास से हथियार बरामद किया गया। जबकि तीन अन्य नाबालिग को निरुद्ध किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अपराधी ने बताया कि वे लोग चोरी और छिनतई कि घटना को अंजाम देने के फिराक मे थे। इसी दौरान पकड़े गए।

## BRIEF NEWS

### बिरसा कॉलेज में दो दिवसीय मूक बधिर शतरंज प्रतियोगिता शुरू

**KHUNTI :** स्थानीय बिरसा कॉलेज में बधिर क्रीड़ा परिषद की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय दो दिवसीय मूक बधिर शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। प्रतियोगिता में पूरे राज्य से मूक बधिर शतरंज खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ बिरसा कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या प्रो जीके किड़ो, जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, विभागीय सांसद प्रतिनिधि ज्योतिष भगत, चैंबर ऑफ कॉमर्स खूंटी के अध्यक्ष प्रियांक भगत, चंद्रकिशोर भगत, राजकुमार गुप्ता, अभिषेक कुमार आदि ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर अतिथियों सहित कॉलेज के प्राध्यापक डॉ सुधांशु शर्मा ने प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। बताया गया कि बुधवार को प्रतियोगिता के समापन पर विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा।

### कड़ाके की ठंड में रात भर राशन के लिए कतार में खड़े रहे ग्रामीण

**GUMLA :** जिले के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत छतरपुर पेट्रोल पंप के पास मंगलवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने दो घंटे तक चैनपुर गुमला मुख्य सड़क में जाम लगाकर छतरपुर की डीलर खिस्टिना लकड़ा के विरुद्ध प्रदर्शन किया। इस दौरान चैनपुर गुमला मुख्य सड़क में दोनों और वाहनों की कतारे लग गई। ग्रामीणों ने बताया कि वे लोग सोमवार की रात दस बजे से राशन लेने के लिए राशन दुकान के बाहर लाइन लगाकर खड़े हैं। हाड़ कंपा देने वाली कड़ाके की ठंड में राशन लेने के लिए सैकड़ों की संख्या में लाभुक रात भर पांच डिग्री तापमान में अलाव ताप कर सुबह होने का इंतजार कर रहे थे। कार्डधारकों का कहना है कि राशन डीलर तानाशाह है, राशन डीलर मेरी मर्जी की तर्ज पर गरीबों को राशन वितरण करता है। पूरे माह में वह सिर्फ एक दिन राशन बांटता है।

### एनएच-33 में तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को कुचला, मौत

**JAMSHEDPUR :** एमजीएम थाना अंतर्गत एनएच 33 स्थित मुखियाडांगा के समीप मंगलवार की शाम एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक महिला को कुचल दिया। इस घटना में बालीगुमा सुकना बस्ती निवासी विजय बहादुर यादव की पत्नी ज्ञानता देवी (52) की मौत हो गई। उन्हें आनन-फानन में तत्काल टीएमएच अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। यह दुर्घटना तब हुई जब ज्ञानता देवी अपने पति की एनएच 33 स्थित दुकान जा रही थीं, तभी ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

### आजाद समाज पार्टी और अंजुमन इस्लामिया ने लगाया नेत्र जांच शिविर

**JAMSHEDPUR :** आजाद समाज पार्टी और अंजुमन इस्लामिया की तरफ से मंगलवार को ह्मकतब अल तकवाह्व में फ्री आई चेकअप कैम्प आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में आजाद समाज पार्टी के जिला संगठन सचिव मोहम्मद शोएब मौजूद थे। बता दें कि आजाद समाज पार्टी और अंजुमन इस्लामिया नियमित रूप से इस तरह के मुफ्त कैम्प आयोजित करते आ रही हैं। इस संबंध में अंजुमन इस्लामिया के सदर शाहिद रजा ने बताया कि पिछले महीने उन्होंने 24 लोगों का मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन कराया था।

# सेल की भूमि पर IMC की स्थापना के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री से मिले सांसद

**PHOTON NEWS PALAMU :** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित वाणिज्य भवन में केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री सोम प्रकाश से मुलाकात की। इस क्रम में गढ़वा जिले के भवनाथपुर में सेल के 1180 हेक्टेयर भूमि पर केन्द्र सरकार का राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉरपोरेशन (एनआईसीडीसी) के तहत (अमृतसर कोलकाता इंडस्ट्रियल) प्रोजेक्ट का झारखंड राज्य में मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर स्थापित करने से संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

सांसद ने कहा कि इस संबंध में एनआईसीडीसी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं प्रबंध निदेशक भारत सरकार द्वारा उपायुक्त गढ़वा को पत्र लिखकर उक्त भूमि पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) की स्थापना के संबंध में 6 बिन्दुओं पर प्रतिवेदन मांगा था। उपायुक्त झारखंड सरकार को प्रतिवेदन समर्पित कर दिया है। उक्त स्थान पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना से झारखंड राज्य के आर्थिक ढांचे में परिवर्तन संभावित है एवं राज्य का संतुलित विकास में इसका बहुत बड़ा योगदान होगा एवं उद्योग के साथ-साथ बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार उपलब्ध हो पाएगा, जिससे गढ़वा जिला आकांक्षी जिलों की सूची से बाहर निकल सकेगा एवं राज्य के अन्य विकसित जिलों की श्रेणी में आ खड़ा होगा।


केंद्रीय राज्यमंत्री से मुलाकात करते सांसद विष्णु दयाल राम। ● फोटोन न्यूज

उल्लेखनीय है कि सेल द्वारा जो भवनाथपुर में जमीन ऑफर की गयी है (1180 हेक्टेयर) वह बोकारो स्थित जमीन (करीब 700 हेक्टेयर) से कहीं ज्यादा है, जो भविष्य में यदि इस आईएमसी का विस्तार आवश्यक हो तो उसके लिए जमीन की उपलब्धता हो।

### दिल्ली ने कोल्हान विवि के कुमार कुशाग्र को 7.20 करोड़ रुपये में खरीदा

**JAMSHEDPUR :** कोल्हान विश्वविद्यालय के खिलाड़ी कुमार कुशाग्र को आईपीएल की टीम दिल्ली डेयरडेविल्स ने सत्र 2024-25 के लिए बेस्ड प्राइस से 36 गुना ज्यादा 7 करोड़ 20 लाख देकर अपनी टीम में शामिल किया है। इसे लेकर कोल्हान विश्वविद्यालय के तमाम अधिकारियों और सभी खिलाड़ियों के बीच हर्ष का माहौल है। सभी ने इसके लिए कुमार कुशाग्र को बधाई दी। इसके साथ ही विशेष रूप से कोल्हान के आयुक्त और विश्वविद्यालय के कुलपति मनोज कुमार, कुलसचिव राजेंद्र भारती, खेल पदाधिकारी डॉ मन्मथ नारायण सिंह, कोल्हान के क्रिकेट कोच अखिलेश सिंह सहित अन्य ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। आपको बताते चलें कि कुमार कुशाग्र ने वर्ष 2023-24 सत्र के दौरान कोल्हान विश्वविद्यालय की ओर से खेलते हुए लगभग 200 के करीब रन बनाकर टीम को पहली बार रोहिंटन बारिया ट्रॉफी में प्रवेश दिलाया था।

# समस्या के निदान के लिए विस्थापित परिवारों का किया जाएगा सर्वे : वृंदा करात

**PHOTON NEWS GODDA :** सीपीएम पोलित ब्यूरो की सदस्या सह पूर्व सांसद वृंदा करात मंगलवार को बोआरीजोर प्रखंड के लोहंडिया गांव में कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लिया एवं उनकी समस्याओं को सुनकर निदान को लेकर आश्वस्त किया।

सीपीएम कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वृंदा करात ने कहा कि विस्थापितों की समस्या के निदान के लिए यहां के विस्थापित परिवारों का सर्वे किया जाएगा। पैसे लेकर बिकने वाले लोगों से होशियार रहने की आपको आवश्यकता है। वर्तमान सांसद की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि सांसद चुनकर कंपनी के हाथों बिक जाते हैं तथा आपकी बात को सदन में नहीं उठाते हैं। उन्होंने कहा कि बिकने वाले लोगों की नहीं बल्कि लड़ने वाले लोगों की यहां आवश्यकता है। उन्होंने संगठन संघर्ष और एकता का मंत्र लोगों को बताया।


सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करतीं वृंदा करात। ● फोटोन न्यूज

सीपीएम नेता अशोक साह ने कहा कि राजमल परियोजना द्वारा 17 गांव का पुनर्वासित किया गया पर विस्थापितों की समस्याओं का अब तक निदान नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार देने की बात कही है, पर यहां उसका अनुपालन नहीं हो रहा। परियोजना द्वारा वर्तमान दर से जमीन के बदले प्लॉट नहीं दिया जा रहा है, जिस कारण लोग अपने घर नहीं बन पा रहे हैं। तमाम समस्याओं को लेकर उन्होंने जनवरी माह में विशाल रैली तथा अंचलाधिकारी के घेराव की भी घोषणा की।

# शैक्षणिक विकास के लिए विवि प्रतिबद्ध सभी कॉलेजों में लागू होगा मास्टर रूटिन : कुलपति

**PHOTON NEWS PALAMU :** नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो. डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि शैक्षणिक विकास के लिए विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध है। सभी कॉलेजों में मास्टर रूटिन लागू कराया जाएगा। वे मंगलवार को जेएस कॉलेज में छात्र संवाद में छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों से छात्रों की समस्याओं से अवगत हुए। छात्र संगठन अभाविप, आप्सू, एनएसयूआई, छात्र आजसू, पीएसएसएफ, वाईजेके स्टूडेंट फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने कुलपति के समक्ष समस्याओं की बौछार लगा दी।

आपसू की छात्रा प्रमुख शालिनी अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक महाविद्यालय में उपस्थित नहीं रहते इसकी जांच कुलपति महोदय को मास्टर रूटिन, बायोमेट्रिक उपस्थिति पंजी और सीसीटीवी की जांच द्वारा तय किया जाए कि विद्यार्थी दोषी है या प्राध्यापक? अभाविप के सुमित पाठक ने कहा कि मुलभूत समस्याओं के साथ साथ सीयूइटी की परीक्षा केंद्र मेदिनीनगर में सुनिश्चित हो।


छात्र प्रतिनिधियों को संबोधित करते कुलपति। ● फोटोन न्यूज

छात्र संगठनों ने कॉलेजों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव, शिक्षक-छात्राओं के खराब हो रहे आपसी समन्वय, गर्ल्स, कॉमन रूम की समस्या, क्लास रूम का अभाव, मास्टर रूटिन का पालन नहीं होने, शिक्षकों के द्वारा कितने क्लास लिये जा रहे हैं इसकी जांच कराने, जेएस कॉलेज के दो शिक्षकों की जांच रिपोर्ट के आधार पर अब तक कार्रवाई नहीं होने, जीएलए कॉलेज में बने महिला छात्रावास को प्रारंभ कराने, एनपीयू के आउट सोर्सिंग एजेंसी, एनपीयू के परीक्षा विभाग में डॉ एमके दीपक के जगह दूसरे को इंचार्ज बनाने आदि समेत अन्य मुद्दा को कुलपति के समक्ष रखा।

कुलपति ने सभी प्रतिनिधियों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि वे जल्द ही सभी कॉलेजों के प्राचार्यो के संग बैठक करेंगे और सभी कॉलेजों में मास्टर रूटिन बनाने का निर्देश दिया जाएगा। साथ ही कॉलेजों में इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है, उसका डीपीआर बनाकर सरकार को भेजने को कहा जाएगा।

### महाविद्यालय के शिक्षकों पर चल रही जांच पर कार्रवाई की मांग

आजसू के अभिषेक राज ने महाविद्यालय के शिक्षकों पर चल रही जांच पर कार्रवाई की मांग की। पीएसएसएफ के विकास मिश्रा ने नैतिकता खत्म हो रही उसे सुधार पर सवाल उठाया। एनएसयूआई के अमरनाथ तिवारी ने एमबीए के लिए क्लास रूम की कमी, स्नातकोत्तर के हिंदी के शिक्षक गायब रहने की बात समेत कई छात्र समस्या को उठाया। कुलपति ने सभी छात्र संगठन के प्रतिनिधियों की बात को गंभीरता पूर्वक सुना।

### राष्ट्रीय स्कूली गेम में गुमला के अनीत उरांव ने झारखंड को दिलाया स्वर्ण पदक

**GUMLA :** लखनऊ में आयोजित 67 वीं नेशनल स्कूली गेम्स 2023 (एसजीएफआई) में एथलेटिक्स के यूझ14 आयु वर्ग में आवासीय एथलेटिक्स बालक प्रशिक्षण केंद्र ,परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला के प्रशिक्षु अनीत उरांव ने 80 मीटर बाधा दौड़ में 11:31 सेकेंड समय के साथ गोल्ड पदक जीता। इस प्रतियोगिता में ही 100 मीटर दौड़ में 11:71 सेकेंड के साथ कांस्य पदक झारखंड दिलवाया था। उल्लेखनीय है कि खेल विभाग की ओर से संचालित आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के अनीत उरांव ने इस वर्ष राष्ट्रीय जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में ट्रायथलन में भी सिल्वर पदक एवम 60 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीत चुका है। इस उपलब्धि पर पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवम युवाकार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार, निदेशक सुशांत गौरव, उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, उप विकास आयुक्त हेमंत सती, अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता, जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार, सभी विभागीय प्रशिक्षक एवम खिलाड़ियों ने अनीत और उनके प्रशिक्षक आलोक सिंह को बधाई दी है ।

### मोटिवेशनल स्पीकर को सुनकर रोने लगे लोग

# हम हारना नहीं चाहते, इसलिए जीतते नहीं : सईद अहमद

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड की राजधानी रांची के ऐतिहासिक कॉलेज में आज इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर सह राब्ता फाउंडेशन पुणे के अध्यक्ष सईद अहमद मौलाना आजाद कॉलेज अपर बाजार, रांची ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जिसमें उन्होंने कहा कि शिक्षा से ज्यादा प्रशिक्षण (तरबियत) की जरूरत है, अच्छे शब्द जिंदगी बदल देते हैं। विद्यार्थियों में शिक्षा की प्यास होनी चाहिए, शिक्षा की भूख बढ़नी चाहिए। मैं क्या हूं, कैसा हूं, ये भीड़ को बताना होगा। दिमाग उन चीजों को कभी नही भूलता जिनको वो समझता है। इसलिए समझकर पढ़ना जरूरी है। यदि आप जीवन में एक अच्छा वक्ता बनना चाहते हैं तो सबसे पहले आपको एक अच्छा श्रोता बनना होगा। कोई अपनी चीज को नुकसान नहीं पहुंचाता. यह समाज आपका है, यह देश आपका है। आप इस समाज और देश को कितना नुकसान पहुंचाते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि हम हारना नहीं चाहते, इसलिए जीतते नहीं। हार आपको मजबूत बनाता है। परीक्षा में असफल होना बुरा नहीं है, निराश होना बुरा है। प्रकाश फैलाने के लिए जलने की आवश्यकता होती है। जो अपने विचारों को ऊंची उड़ान देता है, भगवान उसे नया आसमान देता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंजुमन इस्लामिया रांची के अध्यक्ष हाजी मुख्तार अहमद ने की और संचालन कॉलेज के प्रोफेसर डॉ इलियास मजीद ने किया।

कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज के उर्दू प्रोफेसर डॉ. मौलाना उबैदुल्लाह कासमी द्वारा पवित्र कुरान की तिलावत से हुई। मौलाना डॉ. ओबैदुल्लाह कासमी ने अपने संबोधन में कहा कि इस संस्था का निर्माण मौलाना आजाद के हाथों हुआ था। मौलाना आजाद ने यह इमारत रांची को विरासत में दी है। 31 मार्च 1916 को मौलाना आजाद राँची में नजर बंद हुए। रांची के मुसलमानों को दिया ऐतिहासिक तोहफा।

### पलामू में मनरेगा की योजनाओं में भारी गड़बड़ी की मिली शिकायत

# मुखिया व कनीय अभियंता की मिलीभगत से हुई फर्जी निकासी

**PHOTON NEWS PALAMU :** जिले के हुसैनाबाद प्रखंड का जंगलों पहाड़ों से घिरा ग्राम पंचायत महुदंड में मनरेगा की योजनाओं में भारी गड़बड़ी की शिकायत ग्रामीणों ने मंगलवार को उप विकास आयुक्त पलामू से की है। आवेदन में कहा गया है कि आधार कार्ड में विद्यार्थियों की उम्र बढ़ाकर उनके नाम पर निकासी की गई है। इतना ही नहीं जेल में बंद व्यक्ति, बाहर में काम कर रहे व्यक्ति और होमगार्ड की नौकरी कर रहे व्यक्ति के नाम पर विभिन्न योजनाओं में फर्जी निकासी की गई है।

योजना संख्या 7080902998609 प्रमोद यादव की जमीन में मेढ़बंदी कार्य जेल में बंद सुरेंद्र यादव के नाम जॉब कार्ड संख्या 002/215 में निकासी की गई है। योजना संख्या 7080902979990 शीला देवी के खेत में मेढ़बंदी कार्य में एक वर्ष से दूसरे राज्य में कार्य कर रहे आमोद यादव के नाम जॉब कार्ड संख्या 002/220 में निकासी की गई है।

**मुखिया का नहीं मिला पक्ष :** ग्रामीणों ने उप विकास आयुक्त से महुदंड पंचायत में किए गए मनरेगा कार्यों की निष्पक्ष जांच कराने व दोषी लोगों पर कार्रवाई करने का आग्रह किया है। मुखिया मीना देवी से इस संबंध में उनका पक्ष लेने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।




### बैंककर्मी भी बना मनरेगा मजदूर

आरोप है कि मुखिया व कनीय अभियंता की मिलीभगत से जिनके पास जमीन नहीं है, उनका भी मेढ़बंदी का बिल बनाया गया है। आरोप है कि योजना संख्या 7080902919080 रामजी यादव के खेत में मेढ़बंदी कार्य में एसबीआई हुसैनाबाद में कार्यरत रामजी यादव के नाम जॉब कार्ड संख्या 11/403 से फर्जी निकासी की गई है।

### सात लाख की रिकवरी राशि नहीं हुई जमा

आरोप है कि कई योजनाएं ऐसी भी है जो सिर्फ कागज पर ही कर ली गई। आरोप है कि मुखिया के लोगों के द्वारा ही योजनाओं पर कार्य कराया जा रहा है। पूर्व में प्रखंड के द्वारा की गई जांच में मनरेगा योजनाओं में भारी गड़बड़ी उजागर हुई थी। रोजगार सेवक पंचायत सेवक समेत अन्य पर सात लाख रुपए की रिकवरी गिराई गई थी। आज तक रिकवरी की राशि किसी ने जमा नहीं की है।

### वेरिफिकेशन के बाद होगी कार्रवाई : लोकपाल

मामले में मनरेगा लोकपाल शंकर कुमार ने बताया कि उनके संज्ञान में भी यह मामला आया है। आवेदन देकर इस सिलसिले में शिकायत की गई है। मामले में वेरिफिकेशन करने के बाद संबंधित आरोपितों पर कार्रवाई की जाएगी। यह वित्तीय अनियमित का मामला है। राशि रिकवरी के साथ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

# रेड क्रॉस सोसाइटी के पुनर्गठन के लिए चुनाव संपन्न, अमित सिन्हा को मिला सर्वाधिक वोट

## पद के लिए शुरू हुई राजनीति, कार्यकारिणी के सभी सदस्य शामिल

**PHOTON NEWS RAMGARH :** रामगढ़ जिले में रेड क्रॉस सोसाइटी के पुनर्गठन को लेकर हुए चुनाव ने शहर का तापमान बढ़ा दिया है। हालांकि इस कड़ाके की ठंड में बेहद शांतिपूर्ण तरीके से यह चुनाव संपन्न हुआ। लेकिन अब इस कमेटी में पद को लेकर राजनीति भी शुरू हो गई है। 15 सदस्यों के कार्यकारिणी समिति में शामिल सभी सदस्यों ने आपस में बैठक भी की है। इस कमेटी में शहर के सभी नामचीन लोगों के नाम शामिल है और उन लोगों ने समाज सेवा की शपथ भी ली है।

निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत अमित कुमार सिन्हा ने सबसे ज्यादा 92 मत प्राप्त किया। राहुल जैन 89, मनोज कुमार मंडल 85, विजय मेवाड़ 80, अमित साहू (अमित कुमार) 72, अनूप कुमार 72, दीपक कुमार सिन्हा 68, अभिषेक अग्रवाल 67, कमल किशोर अग्रवाल 67, मनोज चतुर्वेदी 66, अजीत कुमार जायसवाल 65, महावीर प्रसाद अग्रवाल 65, हरीश कुमार चौधरी 64, इंद्रपाल सिंह सैनी 64 एवं निशांत गुप्ता ने 64 मत प्राप्त किए।


चुनाव के बाद जुटे कार्यकारिणी के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

### योजना बनाकर रेड क्रॉस सोसाइटी का हो कार्य : डीसी

उपायुक्त चंदन कुमार ने सभी निर्वाचित अभ्यर्थियों से रेड क्रॉस सोसाइटी रामगढ़ द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर कार्य योजना तैयार करने एवं जिले में रेड क्रॉस सोसाइटी के बेहतर संचालन के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने की अपील की।

## BRIEF NEWS

### दो वार्डों में 82 आवेदनों का ऑन स्पॉट निबटारा

**RANCHI :** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को रांची नगर निगम की ओर से दो वार्डों में शिविर लगाया गया। इनमें वार्ड नंबर 41 और वार्ड नंबर 42 में कुल 82 आवेदनों का निपटारा ऑन स्पॉट किया गया। इसके अलावा दोनों वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 180 कंबल का वितरण भी किया गया। अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि शिविर में होल्डिंग, ट्रेड, जन्म-मृत्यु निबंधन, जल कर भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन लिया गया। सभी शहरवासी निगम स्तर के सेवाओं का लाभ इन शिविरों में आकर ले सकते हैं।

### निमार्णाधीन पुल से गिरने से दो बाइक सवार की मौत

**RANCHI :** जिले के मांडर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात निमार्णाधीन मलटूटी पुल से गिरने के कारण बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मंगलवार सुबह लोगों को मिली जब उन्होंने युवकों के शवों और दुर्घटनाग्रस्त बाइक को मौके पर देखा। बताया जाता है कि अंधेरा होने और तेज गति में होने के कारण मांडर से रांची की ओर जा रहे मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति मोटरसाइकिल समेत पुल के नीचे गिर गए, जिससे मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गया तथा दोनों बाइक सवार की मौत घटनास्थल पर ही हो गई है। बाइक का नंबर जेएच01एफ-एफ 7103 है। खबर लिखे जाने तक शवों की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस दोनों की शिनाख्त में जुटी है।

### पुलिस हिरासत में मरने वाले के परिजन को मिलेगा मुआवजा

**RANCHI :** झारखंड पुलिस की हिरासत में मरने वाले के परिजन को मुआवजा मिलेगा। इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि पुलिस हिरासत में मरने वाले जसीम अंसारी (गिरिडीह के बरवाडीह निवासी) के भाई रुस्तम अंसारी को पांच लाख की राशि मुआवजा के रूप में देने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। जसीम अंसारी को अपनी पत्नी अफसाना परवीन की हत्या के आरोप में पुलिस ने चार जुलाई 2019 को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद उसने मुफस्सिल थाना के हाजत में देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसके परिजनों ने मुफस्सिल थाना पुलिस पर अपने बेटे को हाजत में मार डालने का आरोप लगाया था।

### शीतलहर का असर, पारा 7 के नीचे

**RANCHI :** झारखंड में शीतलहर का असर दिखने लगा है। शीतलहर के कारण कनकनी बढ़ रही है और तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा। सबसे अधिक तापमान 26 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में जबकि न्यूनतम तापमान 6 l9 डिग्री सेल्सियस गढ़वा में दर्ज किया गया। राज्य में अधिकतम तापमान में गिरावट से सुबह भी ठंड महसूस हो रही है। मौसम विभाग ने शीतलहर को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है। आने वाले दो दिनों में तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। 22 दिसंबर के बाद आंशिक बादल देखे जा सकते हैं। पिछले पांच सालों के डाटा के अनुसार दिसंबर 2018 में रांची में सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया था। वहीं सबसे अधिक तापमान 31.4 जमशेदपुर में दर्ज किया गया था। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष ज्यादा ठंड है।

### अनीत उरांव को 80 मीटर हार्डल में गोल्ड

**RANCHI :** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से लखनऊ में आयोजित 67 वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023-24 आयोजित हुआ। जिसमें अंडर 14 एथलेटिक्स के 80 मीटर हार्डल स्पर्धा में झारखंड के अनीत उरांव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। अनीत का चयन खेलो झारखंड के अंतर्गत राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के द्वारा राज्य टीम में किया गया था।

atomy ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# प्रश्नकाल को हंगामाकाल कर दें क्या : स्पीकर

## सत्र शुरू होते ही जोरदार हंगामा




**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को सदन की कार्यवाही 11 बजकर 9 मिनट पर शुरू हुई। कार्यवाही शुरू होते ही नियोजन नीति के मुद्दे को लेकर भाजपा विधायक वेल में पहुंच गये और जोरदार हंगामा करने लगे। भाजपा विधायकों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस पर स्पीकर ने कहा कि प्रश्नकाल को हंगामाकाल कर दें क्या?

हंगामे के कारण स्पीकर रविंद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही 12.30 तक स्थगित कर दी। इससे पहले भानु प्रताप शाही ने राज्य में नियुक्तियां नहीं होने का मामला उठाया था। उन्होंने कहा कि नियोजन नीति नहीं होने के कारण परीक्षाएं रद्द हो रही है। युवाओं का भविष्य दांव में लगा है। विधायक प्रदीप यादव ने लोकसभा और राज्यसभा से सांसदों को निलंबित करने का मामला उठाया था। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ सदन में निंदा प्रस्ताव लाना चाहिए। इसके बाद भाजपा विधायक वेल में जाकर हंगामा करने लगे थे। पूर्णिमा नीरज सिंह ने झारखंड में राज्य महिला आयोग को मजबूत करने और महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा के लिए अध्यक्ष पद पर नियुक्ति का मसला रखा। राजेश कच्छप ने सरला बिरला स्कूल, राजाचलातू वाली सड़क के मरम्मति की मांग की। विनोद सिंह ने सउदी अरब में फंसे झारखंड के मजदूरों को वापस लाने और बकाया मानदेय दिलाए जाने की मांग रखी। बिक्सल कोंगाडी ने उनके विधानसभा क्षेत्र में बन रही सड़कों से एसटी समाज के लोगों और वन क्षेत्र को उजाड़ने से बचाए जाने और सिमडेगा में फ्लाईओवर बनाए जाने की मांग की। सरयू राय ने कुड़माली को कुरमाली भाषा के तौर पर नोटिफाई करने और राज्यादेश जारी करने की अपील की। लंबोदर महतो ने बीआरपी, जेएसएसपीएस, आंगनबाड़ी कर्मी, सहायक अध्यापक सहित अनुबंध पर कार्य कर रहे कर्मियों को स्थायी किए जाने की मांग की। रामचंद्र सिंह ने लातेहार में वनरोपण में लापरवाही, मुआवजा भुगतान का मसला रखा। मथुरा प्रसाद महतो ने स्कूल, महाविद्यालय में जनजातीय भाषा, क्षेत्रीय भाषाओं में अध्यापन कार्य के लिए शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की।

### खरसावां डिग्री कॉलेज में प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर नियुक्ति का मामला उठा

विधायक दशरथ गागराई ने विधानसभा में कोल्हान यूनिवर्सिटी के खरसावां डिग्री कॉलेज में प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर नियुक्ति नहीं होने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि नियुक्ति नहीं होने के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रहा है। विधायक ने कहा कि वह सरकार के जवाब से संतुष्ट नहीं है। सरकार बताये कब तक वहां शिक्षकों की नियुक्ति होगी। इसपर प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सरकार की ओर से जवाब देते हुए कहा कि विभाग ने प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए जेपीएससी को अधियाचना भेज दी है। जल्द ही नियुक्ति होगी।

### भाजपा के मारे हुए लोग सड़कों पर हैं : मिथिलेश ठाकुर

हंगामे पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि यह सही परिपाटी नहीं है। भाजपा विधायकों को जब अपनी बात सदन में कहनी होती है तो यह लोग शांत हो जाते हैं, लेकिन जब सरकार की ओर से या सत्ता पक्ष के विधायक बोलना चाहते हैं तो ये लोग हंगामा शुरू कर देते हैं।

## सदन में मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने किया दावा, जल्द आएगी नई नियोजन नीति

**PHOTON NEWS RANCHI :** श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने सदन के बाहर पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि सरकार जल्द ही नयी नियोजन नीति लाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले चार सालों से सरकार लगातार नियुक्तियां कर रही है। खाली पदों के लिए विज्ञापन भी जारी हो रहा है। सरकार जनहित में कार्य भी कर रही है। सदन में भाजपा विधायकों द्वारा नियोजन नीति के लिए उठाए मसले पर भोक्ता ने कहा कि विपक्ष सरकार द्वारा दी गई नौकरियों को अपना ही बता रहा है। यदि ऐसा ही है तो अपने समय में ही वह नियुक्ति पत्र बांट देता। वे जानबूझकर हंगामा कर रहे हैं। सत्ता से बाहर रहने के कारण विपक्ष बौखलाहट में है। एक सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि सरकार जल्द ही नयी नियोजन नीति लाएगी। युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खुलेंगे।

### नियोजन नीति पर भागती रही सरकार : भानु

सदन के बाहर विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि भाजपा ने सदन में युवाओं का विषय उठाया, उनके लिए नियोजन नीति पर सवाल पूछे लेकिन सरकार भागती नजर आयी। पिछले चार सालों में 800 से भी कम नियुक्तियां इस सरकार में हुई। सरकार के मुताबिक हर साल पांच लाख युवाओं को रोजगार देना था। इस हिसाब से 20 लाख को नौकरी अबतक देनी थी। पारा शिक्षकों को स्थायी नहीं करने की लिखित सूचना सदन में आयी है। सरकार ने अपने कार्यकाल के शुरुआती तीन माह में ही शिक्षकों को नियमित करने की बात कही थी लेकिन जो सूचना अब सरकार ने दी है, उससे लगता है कि लाखों पारा शिक्षकों की भावनाओं के साथ सरकार ने खिलवाड़ किया। उन्होंने कहा कि अब मुख्यमंत्री पत्रकारों के सामने भी आएं और कहें कि उन्होंने युवाओं, पारा शिक्षकों को ठग कर सत्ता हासिल की। सरकार युवाओं को चार सालों तक बोका समझती रही। आने वाले दिनों में पता लग जाएगा कि सरकार बोका है, युवा नहीं।

## झारखंड में भी दो वर्ष का मातृत्व अवकाश दिए जाए : अंबा प्रसाद

**PHOTON NEWS RANCHI :** शून्यकाल के जरिये विधायकों ने अपनी मांगें रखी। कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने केंद्र और दूसरे राज्यों की तरह यहां भी कामकाजी महिलाओं (विशेषकर सरकारी विभागों में) के लिए दो वर्ष का मातृत्व अवकाश दिए जाने की मांग सरकार से की। मंगल कालिंदी ने हो भाषा की पढ़ाई स्कूल से महाविद्यालयों तक सुनिश्चित करने की मांग रखी। इसके बाद दीपिका पांडेय सिंह ने महगामा में बार एसोसिएशन का भवन उठाए जाने की मांग सरकार से की।भूषण बाड़ा ने सिमडेगा जिले में खडिया भाषा के शिक्षकों की नियुक्ति की मांग रखी। इरफान अंसारी ने जामताड़ा के जयपालपुर में सात वर्षों से बंद पडे लिफ्ट इरिगेशन सिस्टम को चालू करने की मांग की ताकि 12 हजार किसानों को सिंचाई का लाभ मिल सके। भाजपा विधायकों के सदन से बाहर निकलने के बाद शून्य काल में समीर मोहंती, संजीव सरदार, शिल्पी नेहा तिर्की, सुनीता चौधरी सहित अन्य ने भी अपनी मांग रखी। समीर मोहंती ने बहरागोडा में 108 एंबुलेंस सेवा को तत्काल शुरू किए जाने की मांग की। उमाशंकर अकेला ने हजारीबाग में पांच किमी इको सेंसेटिव एरिया को एक किमी तक में ही सीमित किए जाने की मांग की। संजीव सरदार ने उनके विधानसभा क्षेत्र में हाईस्कूल का अभाव और इसके लिए राजेन्द्र मध्य विद्यालय को उत्क्रमित करते हाई स्कूल में बदलने की मांग की।

## भाजपा विधायकों ने राजभवन पहुंचकर की हेमंत सरकार की शिकायत

# राज्य में है सवैधानिक संकट, लें एक्शन


राज्यपाल को पत्र सौंपते भाजपा के विधायक-नेता।

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा विधायकों के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से हेमंत सरकार की शिकायत की। कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। भ्रष्टाचार बढ़ा हुआ है और राज्य संवैधानिक संकट के दौर से गुजर रहा है। इस सरकार में आए दिन, हत्या, लूट, अपहरण, बलात्कार, चोरी, डकैती की घटनाएं अखबारों की सुर्खियां बनी हुई हैं। सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार ने रिकॉर्ड बना लिया है। खान, खनिज, बालू, पत्थर, जमीन की लूट के साथ अब तो झारखंड देश के सबसे बड़े कैश कांड का गवाह बन गया है। इस दौरान भाजपा विधायकों ने विधानसभा में 2 विधायकों के निलंबन का भी मामला राज्यपाल के सामने रखा। भाजपा ने राज्यपाल से कहा कि अब तो मुख्यमंत्री ने सभी संवैधानिक मयार्दाओं को ठेंगा दिखा दिया है। ईडी उनसे पूछताछ के लिए अबतक 6 समन भेज चुकी है। लेकिन वे पूछताछ से लगातार भाग रहे हैं। भाजपा ने कहा कि राज्य के संवैधानिक प्रमुख होने के नाते राज्यपाल अविलंब इन मामलों पर विधिसम्मत कार्रवाई करें। प्रतिनिधिमंडल में बाबूलाल मरांडी के साथ नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, विधायक सीपी सिंह, बिरंची नारायण,जेपी पटेल, नवीन जायसवाल, अनंत कुमार ओझा, कोचे मुंडा, केदार हाजरा,भानु प्रताप शाही, नीरा यादव, राज सिन्हा, नारायण दास, अमित मंडल, ढुल्लू महतो, आलोक चौरसिया, मनीष जायसवाल, समरी लाल, अपर्णा सेनगुप्ता, शशि भूषण मेहता, किशुन कुमार दास और पुष्पा देवी शामिल थे।

### नई नियमावली अनुसार ही होगी इंस्पेक्टर के पद पर प्रोन्नति

**RANCHI :** नई नियमावली के अनुसार ही इंस्पेक्टर के पद पर प्रोन्नति होगी। मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग में पुलिस अवर निरीक्षक से पुलिस निरीक्षक के पद पर पदोन्नति के मामले में नई नियमावली के अनुरूप ही पदोन्नति दी जायेगी। मंगलवार को विधानसभा में शून्यकाल के दौरान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा पूछे गये अल्प सूचित प्रश्न का उत्तर देते हुए आलमगीर आलम ने कहा कि सरकार इस बात को सुनिश्चित करेगी कि सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर के पद पर प्रोनत्ति के मामले में किसी भी दृष्टिकोण से पुरानी नियमावली के तहत कार्य नहीं हो। नेहा तिर्की ने आरोप लगाया था कि झारखंड के पुलिस महानिदेशक के कार्यालय द्वारा 41 पुलिस अवर निरीक्षकों से पुलिस निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति के लिये 27 नवंबर 2023 तक मनोनयन की मांग की गई थी, और वह पुरानी नियमावली के अनुसार है।

## विधानसभा का घेराव करने पहुंचे पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के सैकड़ों अभ्यर्थी


विरोध-प्रदर्शन करते झारखंड पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के सदस्य।

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड विधानसभा के बगल में मौजूद कुटे मैदान में सैकड़ों की संख्या में झारखंड पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के लोग विधानसभा घेराव करने पहुंचे। मौके पर भारी संख्या में तैनात पुलिस प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से शांति बनाए रखने की अपील की। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने कहा कि विभिन्न मांगों को लेकर पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ बीते 166 दिनों से राजभवन के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठे हुए हैं। संघ ने पांच सूत्री मांगों को लेकर सरकार और उनसे जुड़े विधायकों को अपनी ओर से ज्ञापन सौंपा है लेकिन धरना खत्म कराने को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की गई। पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ की ओर से जारी सूचना के अनुसार, पांच सूत्री मांगों को लेकर तीन बार पहले भी झारखंड विधानसभा का घेराव हो चुका है। उस समय पंचायती राज निदेशक निशा उरांव, पंचायती राज मंत्री आलमगीर आलम की ओर से भी मांगों को माने जाने का आश्वासन दिया गया था लेकिन तीन महीने के बाद भी इस संबंध में अभी तक कोई ठोस पहल नहीं किया गया है। संघ की ओर से झारखंड मंत्रालय का एक बार, मुख्यमंत्री आवास का 2 बार, झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय का 2 बार, कांग्रेस कार्यालय का एक बार घेराव किया जा चुका है। प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने कहा कि संघ के द्वारा सत्ता पक्ष के कई विधायक एवं मंत्रियों को अपनी मांगों से अवगत करा चुके हैं।

## शहरों में लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के रूल-रेगुलेशन का ड्राफ्ट तैयार

**PHOTON NEWS RANCHI :** शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार ने कहा कि राज्य सरकार ने शहरों में लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए रूल-रेगुलेशन का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। अब वेस्ट डिस्पोजल से लेकर यूजर्स चार्ज तथा रीयूज पर मंथन शुरू किया गया है। जल्द ही इसे धरातल पर उतारा जायेगा। अमित कुमार मंगलवार को होटल रेडिशन ब्लू में लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट विषय पर आयोजित स्टेकहोल्डर्स बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकांश नगर निकायों में या तो सिवरेज या फिर सेप्टेज की योजनाओं पर तेजी से कार्य चल रहा है। उन्होंने देश के कई प्रतिष्ठित पीएसयू के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में कहा कि हमारी सरकार हर शहरी नागरिक के घर तक पाइपलाइन से शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए कृतसंकल्पित है और इसलिए हम सभी को निःशुल्क वाटर कनेक्शन दे रहे हैं लेकिन यह कार्य नगर निकायों की आंशिक जिम्मेदारी है और केवल इतना करने से हमारी जिम्मेदारियां पूरी नहीं होतीं।

उन्होंने कहा कि हमें प्राकृतिक संसाधनों को सशक्त बनाना है और इसके लिए री यूज प्रणाली को अपनी जीवनशैली में अपनाना पड़ेगा। इसलिए जरूरी है कि हम उपयोग किये गये पानी को रीट्रीट करके उसका उपयोग सेकेंडरी वाटर के रूप में करें। उन्होंने भारी उद्योग में उपयोग होनेवाले फ्रेश वाटर के जगह अधिक से अधिक ट्रीटेड वाटर के इस्तेमाल का आग्रह किया।

### राज्य शिक्षा परियोजना परिषद के कार्यशाला का समापन

**RANCHI :** राज्य शिक्षा परियोजना परिषद और युनिसेफ के संयुक्त रूप से दो दिवसीय कार्यशाला का समापन मंगलवार को हुआ। यह कार्यशाला जीवन कौशन पर आधारित था। कार्यशाला के दूसरे दिन सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपनी बातों को रखा। वहीं कस्तूरबा विद्यालय के छात्राओं के लिंग भेद जीवन कौशल समेत कई विषयों पर नाटक प्रस्तुत किया। बच्चियों ने अपनी प्रस्तुतियों में बताया कि पितृसत्तात्मक समाज में अपने आत्म-सम्मान के साथ-साथ एक सकारात्मक शारीरिक आत्मविश्वास का निर्माण कैसे किया जाए। कार्यशाला में राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, यूनिसेफ की राज्य पदाधिकारी कनीनिका मित्रा, यूनिसेफ की राज्य पदाधिकारी लक्ष्मी रंजन, यूनिसेफ की एजुकेशन स्पेशलिस्ट पारुल शर्मा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी अभिनव कुमार और यूनिसेफ के पदाधिकारी संजीव कुमार मौजूद रहे।

## झारखंड में बाढ़ से निबटने के लिए रांची के धुर्वा डैम में कल की जाएगी मॉक ड्रिल, तैयारियों की हुई समीक्षा


आपदा प्रबंधन प्रभाग के सभागार में बैठक करते अधिकारी।

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में बाढ़ से निबटने के लिए धुर्वा डैम में 21 दिसंबर को मॉक ड्रिल किया जाएगा। आपदा प्रबंधन प्रभाग की एक टेबल टॉप एक्सरसाइज मंगलवार को धुर्वा स्थित आपदा प्रबंधन प्रभाग के सभागार में की गई। इस अवसर पर सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं ज़िलों के पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (भारत सरकार) के ब्रिगेडियर बीरेन्द्र ठाकर की अध्यक्षता में झारखंड में बाढ़ से निबटने के लिए झारखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं सभी संबंधित विभागों की तैयारियों की समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि झारखंड में यदि बाढ़ आती है तो रेस्क्यू और जान-माल की सुरक्षा की तैयारी पुख्ता रखनी है। हर एक जान कीमती है और हर एक जान बचाने के लिए हमें अपनी तैयारी मजबूत रखनी है। सभी संबंधित विभागों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करना है। इस अवसर पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के उपनिदेशक ललित इंदवार, केंद्रीय जल आयोग के निदेशक प्रमोद नारायण, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल के सेकंड इन कमांड हरविंदर सिंह, रेलवे डिवीजन से मनीष कुमार, आर्मी मेडिकल मेजर रूही इशा, परिवहन विभाग से राज किशोर कुमार, सब ऑफिसर जीतेन्द्र तिवारी, मौसम केंद्र रांची से अभिषेक आनंद, एनडीआरएफ से जितेश कुमार, उपनिदेशक स्कीपा सुमन पाठक सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### माइनिंग दुर्घटना पर एनडीएमए ले संज्ञान

आपदा प्रबंधन विभाग के उपसचिव राजेश कुमार ने झारखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने झारखंड की स्थानीय आपदाओं को चिन्हित किया। भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति से अवगत कराया। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए इसके पूर्व की तैयारियों एवं बाढ़ आने पर इसके बचाओ के साथ रेस्क्यू , रिलीफ और रिहैबिलिटेशन पर जोर दिया जाना चाहिए ताकि लोगों को समय रहते रेस्क्यू किया जा सके। रेस्क्यू किए गए लोगों को रिलीफ पहुंचायी जा सके। इसके साथ ही उनका रिहैबिलिटेशन भी हो सके। इसी उद्देश्य के साथ हमें काम करना है। उन्होंने झारखंड में वज्रपात से होने जान माल के नुकसान, माइनिंग एरिया खास कर धनबाद के झरिया में होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में अवगत कराया।

## 1984 सिख दंगा पीड़ितों के मुआवजा भुगतान मामले में गृह सचिव और डीजीपी वर्चुअली हुए हाजिर

# मुआवजा भुगतान जल्द हो सुनिश्चित : हाईकोर्ट




**SPECIAL REPORTER RANCHI :** वर्ष 1984 के सिख दंगा में झारखंड में प्रभावित लोगों को मुआवजा दिलाने एवं सिख दंगा से संबंधित केस क्रिमिनल केस की मॉनिटरिंग करने को लेकर दायर सतनाम सिंह गंभीर जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं डीजीपी कोर्ट में वर्चुअल मोड में उपस्थित हुए, और कोर्ट के सवाल का जवाब दिया। कोर्ट ने इनसे सिख दंगा केस के बारे में पूछा जिस पर उनकी ओर से बताया गया कि पूरे राज्य में करीब 600 केस दर्ज किए थे , इनमें से कई केस में फाइनल फॉर्म दाखिल हो गए हैं, जो केस बचे हैं उनकी मॉनिटरिंग की जा रही है। कोर्ट में राज्य सरकार को निर्देश दिया कि सिख दंगा के पीड़ितों को जल्द से जल्द मुआवजा भुगतान सुनिश्चित करें। प्रार्थी के अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने जनहित याचिका दायर करने वाले सतनाम सिंह गंभीर को सुरक्षा दिलाने का आग्रह कोर्ट से किया, जिस पर कोर्ट ने सतनाम सिंह गंभीर को सुरक्षा के संबंध में जमशेदपुर एसएसपी के पास आवेदन देने को कहा है।

### चार जिलों में होना है मुआवजे का भुगतान

राज्य सरकार की ओर से बताया गया था की तीन जिलों रांची, पलामू और रामगढ़ में पीड़ितों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया शुरूआत कर दी गई है, वही बोकारो में मुआवजा वितरण के लिए अतिरिक्त फंड की आवश्यकता है, फंड मिलते हैं बोकारो में भी मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। प्रार्थी के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया था कि कमीशन ने 4 जिलों में सिख दंगा पीड़ितों को मुआवजा भुगतान करने का राज्य सरकार को निर्देश दिया है । वही, राज्य सरकार की ओर से बताया गया था कि हाई कोर्ट द्वारा गठित वन मैन कमीशन की रिपोर्ट आ चुकी है। हाई कोर्ट के आदेश पर सिख दंगा मामले को लेकर रिटायर्ड जस्टिस डीपी सिंह की अध्यक्षता में वन मैन कमिशन बनाई गई है। कमीशन ने अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को दे दी है । झारखंड के सिख दंगे से प्रभावित 4 जिलों रांची, रामगढ़, बोकारो, पलामू के लोगों को मुआवजा देने के संबंध में कमीशन ने आदेश पारित किया है ।

## सांसद के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर 24 जनवरी तक रोक बरकरार

- सचिवालय मार्च कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ झड़प का मामला

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** 11 अप्रैल 2023 को रांची में सचिवालय मार्च के दौरान सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से बहस की गई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 24 जनवरी 2024 निर्धारित की है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने प्रार्थी निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक 24 जनवरी 2024 तक जारी रखी है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने पैरवी की। दरअसल, कार्यक्रम के तहत सचिवालय की ओर मार्च कर रहे भाजपा कार्यकताओं की पुलिस के साथ झड़प हो गई थी। मामले को लेकर धुर्वा थाना में कांड संख्या 107/ 2023 दर्ज किया गया था। इसमें सांसद निशिकांत दुबे के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और रघुबर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह, विधायक अमित मंडल , समीर उरांव सहित 41 नामजद एवं कई अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

BRIEF NEWS

### मानगो में डबल मर्डर के आरोपी मोईन ने कोर्ट में किया सरेंडर

**JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के मानगो थाना अंतर्गत जवाहर नगर रोड नंबर 17 के पास सज्जाद उर्फ टांडा और टाइगर मोबाइल जवान रामदेव की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी कपाली निवासी मोईन अंसारी ने पुलिसिया दबाव में आकर मंगलवार को जमशेदपुर कोर्ट में सरेंडर कर दिया। मोईन की गिरफ्तारी के लिए मानगो, आजादनगर और कपाली की पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। सोमवार को भी पुलिस ने मोईन के घर छापेमारी की थी पर उसके घर पर महिला और बच्चों के अलावा कोई नहीं मिला जिसके बाद पुलिस ने उसके घर से एक बाइक को जब्त किया और थाने ले गई थी। पुलिस के लगाताब बढ़ते दबाव के कारण मोईन ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

### विज्ञान प्रदर्शनी में बीपीएम प्लस टू हाई स्कूल के विद्यार्थियों को प्रथम पुरस्कार

**JAMSHEDPUR :** चाकुलिया डाइट में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें जमशेदपुर के बमार्माइंस स्थित बीपीएम प्लस टू हाई स्कूल की डॉ अंजू के मार्गदर्शन में नौवीं कक्षा की छात्रा ऋषिका कुमारी एवं फरीन खातून ने गैस लीकेज एंड स्मोक डिटेक्टर मॉडल प्रस्तुत किया। इसकी उपयोगिता को बताता हुए उन्होंने कहा कि इसकी मदद से एलपीजी गैस यदि लीक होगा तो उसे डिटेक्ट कर बजल बजेगा। इस मॉडल के लिए इन दोनों छात्राओं को प्रदर्शनी में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया।

### बिष्टुपुर में जुआ खेलते चार धराए, 28 हजार नकद के समेत कई सामान बरामद

**JAMSHEDPUR :** बिष्टुपुर थाना अंतर्गत शक्ति होटल के पीछे से पुलिस ने जुआ खेल रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों के पास से 28,600 रुपए, एक स्कूटी, एक बाइक, चार मोबाइल फोन और जुआ खेलने वाली सामग्रियां बरामद हुई है। गिरफ्तार आरोपियों में सोनारी नया लाइन का रहने वाला पवन कुमार चौधरी, बागबेड़ा रेलवे ट्रैफिक कॉलोनी का दीपक कुमार शर्मा, सोनारी खुटाडीह का अभिषेक प्रसाद और मोहम्मद शमीम शामिल है। पुलिस ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि शक्ति होटल के पीछे करीब 10-15 लोग इकट्ठा होकर जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु एक टीम गठित कर छापामारी की गई। छापामारी के क्रम में करीब 10-15 लोग जुआ खेलते दिखे। उसमें से पुलिस बल के सहयोग से चार लोगों को पकड़ा गया एवं शेष भागने में सफल रहे।


### वर्कर्स कॉलेज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में करियर की संभावनाओं पर हुई चर्चा

**JAMSHEDPUR :** मानगो स्थित जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज के वोकेशनल विभाग की ओर से मंगलवार को एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय था कृत्रिम बुद्धिमता के युग में करियर की संभावनाएं। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में कोलकाता स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान के एल्युमनी एवं चित्कारा विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के स्ट्रेटेजिक निदेशक किरन कुरवड़े उपस्थित थे। सेमिनार में कॉलेज के विभिन्न संकायों से लगभग 100 विधार्थी उपस्थित थे। सेमिनार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में विभिन्न क्षेत्रों में जॉब के अवसरों पर चर्चा में छात्रों ने अपनी विशेष रुझान दिखायी।

## जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन जारी

# पुलिस बल को उड़ाने की साजिश नाकाम, टोंटो से दो आईईडी बरामद

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पश्चिम सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन के दौरान टोंटो थाना क्षेत्र के पाटातारोब और चिरियाबेड़ा गांव के बीच जंगल पहाड़ी क्षेत्र से 10 केजी का एक और 5 केजी का एक आईईडी बरामद किया है। बरामद आईईडी को बीडीडीएस टीम की मदद से उसी स्थान पर विस्फोट कर नष्ट कर दिया गया। इसकी पुष्टि करते हुए एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में


बरामद आईईडी। ● फोटोन न्यूज

गैर कानूनी गतिविधि के लिए घूम रहे है।

इस सूचना के आलोक में चाईबासा पुलिस, कोबरा 209 बटालियन, 203 बटालियन, 205 बटालियन, झारखण्ड जगुआर एवं सीआरपीएफ 60 बटालियन, 197 बटालियन, 157 बटालियन, 174 बटालियन, 193 बटालियन, 07 बटालियन, 26 बटालियन की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान चलाई जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 10 अक्टूबर से गोईलकेरा थानान्तर्गत ग्राम कुईडा, छोटा कुईडा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरू, तिलायबेडा बोयपाईससांग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह एवं टोन्टो थानान्तर्गत ग्राम हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगडा, पाटातोरब, गोबुरू, लुईया के सीमावर्ती क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान प्रारंभ किया गया है।

19 दिसंबर को टोंटो थानान्तर्गत पाटातारोब और चिरियाबेड़ा गांव के बीच जंगल पहाड़ी क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है। इस दौरान आस-पास जंगल पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये 10 किलो का एक आईईडी एवं 5 किलो का एक आईईडी बम बरामद कर लिया गया। वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से आईईडी को नष्ट कर दिया गया।

### वन कर्मियों को विजिलेंस ने सात हजार रुपये घूस लेते पकड़ा




**ROURKELA :** सुंदरगढ़ जिला के बणई वन रेंज के धरणीधरपाली नर्सरी के चौकीदार सनातन पात्रा, वन रक्षक और नरेंद्र कालो दोनों को एक शिकायतकर्ता से 7,000 रुपये की रिश्वत की मांग करने और स्वीकार करने के आरोप में मंगलवार को ओडिशा सतर्कता द्वारा गिरफ्तार किया गया है। शिकायतकर्ता की पति के जब्त किए गए दोपहिया वाहन को छोड़ने के लिए 7000 हजार रूपए की मांग की जा रही थी। आरोपी वन रक्षक सनातन पात्रा के निर्देश पर वॉचर नरेंद्र कालो ने शिकायतकर्ता से रिश्वत की रकम प्राप्त की। पूरी कार्रवाई के दौरान आरोपी वन रक्षक सनातन पात्रा मौके पर मौजूद थे। नरेन्द्र कालो के पास से रिश्वत के पूरे 7,000 हजार रुपए बरामद हुए। ट्रैप के बाद आय से अधिक संपत्ति के एंगल से फॉरेस्ट गार्ड के दो ठिकानों पर एक साथ छापेमारी चल रही है। इस संबंध में राउरकेला विजिलेंस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## हत्या के जुर्म में दोषी करार आजीवन कारावास की सजा

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति की हत्या कर देने के मामले में चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के ठेसापीड निवासी अभियुक्त बुधराम सोय को न्यायालय में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही 10000 रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। इस संबंध में अभियुक्त के खिलाफ 4 मई 2022 को थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी। दर्ज प्राथमिक्की के अनुसार 3.5.2022 को शाम 8 बजे अभियुक्त बुधराम सोय एवं मृतक रामराई सोय के बीच गाली गलौज हुआ था। रात को जब सभी सो गये तभी अभियुक्त बुधराम सोय अपने घर से लोहे का कुल्हाडी निकाल कर अपने घर पर सो रहे रामराई सोय के सिर पर जोर से मार दिया जिसे रामराई सोय की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। पूर्व में भी अभियुक्त और मृतक के बीच बराबर जमीन को


बुधराम सोय की फाईल फोटो।

लेकर झगडा होते रहता था। अनुसंधान के क्रम में चाईबासा पुलिस ने अभियुक्त बुधराम सोय को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया तथा सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया। जिसके आधार पर 19 दिसंबर को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय दोषी करार देते हुए अभियुक्त बुधराम सोय को आजीवन कारावास तथा 10,000 रुपए जुमार्ना की सजा दी गई है।

## ग्राम गाड़ी योजना के तहत जिले में छह चयनित रुटों पर चलेगी छह बसें

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देशानुसार समाहरणालय स्थित परिवहन कार्यालय में जिला परिवहन पदाधिकारी के राजहंस की अध्यक्षता बस ओनर एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक में क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार सुषमा नीलम सोरेन तथा अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक बैंक आफ इंडिया दिवाकर सिन्हा मौजूद रहे । इस दौरान मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना से संबंधित विचार विमर्श किया गया।

बैठक में बताया गया कि पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत 6 बसों के साथ 6 चयनित रुटों पर ग्राम गाड़ी योजना को प्रारंभ किया जा रहा है। चयनित रूट के आधार पर एक बस गुवा से चाईबासा भाया लूईया, रेंगड़ा, पुरानापानी तक चलेगी। दूसरी बस चाईबासा


बैठक में शामिल उपायुक्त व अन्य। ● फोटोन न्यूज

से बेनीसागर भाया मंझगांव, नाइगांव, घोड़ाबाँदा तक चलेगी। जबकि एक बस चाईबासा से नोआमुंडी भाया मंझारी, जैंतगढ़ तक चलेगी। एक बस गुदड़ी से चक्रधरपुर भाया लोढ़ाई, सोनुआ तक चलेगी। एक बस बालिबाँध से चाईबासा भाया चोया, कुमारडूंगी तक चलेगी और एक बस खैरपाल से चाईबासा भाया मंझगांव, कुमारडूंगी तक चलेगी।

इस संदर्भ में जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि सभी बसों का रजिस्ट्रेशन ग्राम गाड़ी योजना के तहत जिला परिवहन कार्यालय से किया जाएगा। जिससे वाहन मालिक को योजना का सुचारू रूप से चलाने में मदद मिलेगी तथा सभी रजिस्टर बसों का परमिट फ्ळअ चाईबासा के द्वारा निर्गत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजना को लेकर बहुत सारे नए बस ओनरों ने रुचि दिखाई है, उन सभी से भी आवेदन प्राप्त कर ग्राम गाड़ी योजना से जोड़ा जाएगा।

### राउरकेला में डायरिया से मरने वाले प्रणब स्वाई को दी गई श्रद्धांजलि



**ROURKELA :** डायरिया से मृत प्रणब की याद में मंगलवार को मृतक के परिवारवालों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। वहीं फल व ओआरएस का वितरण राउरकेला सरकारी अस्पताल में किया गया। 2 दिन पहले नीलांचल होटल के मालिक प्रणब कुमार स्वाई (लकी) की डायरिया के कारण आकस्मिक मौत हो गई थी। राउरकेला हाईटेक अस्पताल में इलाज के दौरान प्रणब की मौत हो गई थी। डायरिया के कारण उन्हें शुक्रवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने से उनके मौत हो गया।रविबार को उनका गांव में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान पूर्व नगरपाल कालंदी बड़जेना, देवानंद श्रीचन्दन, बलि चौधरी, संग्राम मोहंती, रंजीत नायक, बिंदर सिंह, मनोरंजन मिश्र मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## डायरिया हो रहा जानलेवा, अब तक 10 की मौत, बनी क्विक रिस्पांस टीम

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला में डायरिया जानलेवा होता जा रहा है। इस्पात नगरी में उल्टी-दस्त का आतंक अब भी जारी है। डायरिया से एक और मरीज की मौत हो गयी। बनहमुंडा तिलकनगर की अंजलि सुंडी (81) की मौत हो गयी। अब मरने वालों की संख्या 10 हो गई है।

पिछले एक सप्ताह से राउरकेला में फैल रहे डायरिया की स्थिति चिंताजनक है। जबकि आधिकारिक तौर पर मरने वालों की संख्या 9 थी। निजी सूत्रों ने कहा कि यह संख्या अधिक होगी। जहां विभिन्न अस्पतालों में डायरिया के 250 से अधिक मरीजों का इलाज चल रहा है, वहीं अकेले सरकारी अस्पतालों में 142 मामलों का इलाज किया जा रहा है। इनमें 12 बच्चे भी हैं।

आरजीएच की प्रभारी निदेशक सुधारानी प्रधान ने कहा कि


अस्पताल में लगी परिजनों की भीड़। ● फोटोन न्यूज

डायरिया का कारण जल प्रदूषण है, पीने के पानी की गुणवत्ता ठीक है। हालाँकि, शहर में 37 पाइप फट गए हैं, 35 स्थानों पर मरम्मत पूरी कर ली गई है।

दूसरी ओर राउरकेला नगर निगम कमिश्नर ने बताया कि सरकारी अस्पताल में 10 अतिरिक्त डॉक्टरों के साथ 20 स्टाफ नर्स मरीजों की सेवा कर रही हैं। इसके अलावा आयुक्त ने कहा कि विभिन्न आवासीय क्षेत्रों एवं डायरिया प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए 9 रैपिड रिस्पांस टीमों का गठन किया गया है। आरएमसी आयुक्त डॉ.सुभांकर महापात्र ने कहा, चूंकि डायरिया एक जल-जनित बीमारी है, इसलिए पानी की गुणवत्ता निर्धारित करने के लिए एक संयुक्त समिति का गठन किया गया है। इसके अलावा पानपोस उपजिलापाल विजय कुमार नाइक डायरिया की रोकथाम के लिए उठाए गए कदमों की निगरानी कर रहे हैं।

## देवगढ़ से अपहृत छह वर्षीय बच्ची को सुंदरगढ़ बड़गांव से छुड़ाया

**PHOTON NEWS ROURKELA :** देवगढ़ से अपहृत कपड़ा व्यवसायी आलोक अग्रवाल की 6 वर्षीय बेटी पीहू को सुंदरगढ़ जिले के बड़गांव से छुड़ाया जा रहा है। पीहू को बड़गांव पुलिस स्टेशन के भोईपाली पोल के नीचे से बचाया गया। एक स्थानीय महिला ने बच्ची को खंभे के नीचे रोते हुए देखा और पुलिस को सूचना दी।

देवगढ़ पुलिस से संपर्क करने के बाद पुलिस और पीहू के पिता सुंदरगढ़ पहुंचे और पीहू को वापस देवगढ़ ले गए। कल शाम जब लड़की अपनी नानी के साथ ट्यूशन से लौट रही थी, तभी



बाइक पर सवार तीन लोगों ने उसकी नानी को टक्कर मार कर लड़की को अपहरण कर लिया। पुलिस जहां अपहृत लड़की को विभिन्न स्थानों पर चढ़ाओ कर तलाश की कोशिश कर रही थी, वहीं मंगलवार सुबह उसे बड़गांव से छुड़ा लिया गया। अपहरण का कारण अज्ञात है।इस संबंध में आगे की जांच चल रही है।

## चाकू मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर देने के आरोपी को सात साल की सजा

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** चाकू मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर देने के आरोपी सदर थाना क्षेत्र के बड़ी बाजार निवासी शंभू गोप को न्यायालय में दोषी करार देते हुए 7 साल की सजा सुनाई गई है। साथ ही ?20000 का जुमार्ना लगाया गया है। अभियुक्त शम्भु गोप स्थायी रूप से कुमारडुंगी थाना क्षेत्र के जोरापोसी का रहने वाला है। इसके विरूद्ध बड़ी बाजार पुलहातु निवासी अनिकेत सिरका ने 6 सितंबर 2022 को चाकू मार कर गंभीर रूप से जख्मी करने के आरोप में दर्ज कराई थी। दर्ज



प्राथमिक्की के अनुसार 6 सितंबर 2022 को सुबह 5.30 बजे अभियुक्त शम्भु गोप जख्मी अनिकेत सिरका के घर में घुस कर मोबाईल चोरी के आरोप लगाकर चाकू मार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। अनुसंधान के क्रम में चाईबासा पुलिस ने अभियुक्त शम्भु गोप को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया तथा सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया। जिसके आधार पर 19 दिसंबर को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में अभियुक्त शम्भु गोप को दोषी करार देते हुए 7 वर्ष कारावास तथा 20,000 रुपए जुमार्ना की सजा दी गई है।

## BJD का तीन दिवसीय सक्रिय सदस्य प्रशिक्षण शिविर शुरू

**PHOTON NEWS ROURKELA :** बीजू जनता दल के कार्यकताओं का तीनदिवस प्रशिक्षण शिविर छेंद कॉलोनी स्थित मधुसूदन भवन में आयोजित हो रहा है। मंगलवार को इसकी शुरूआत हुई। राउरकेला बीजेडी के सक्रिय सदस्यों को मंगलवार से गुरुवार तक प्रदेश नेताओं द्वारा प्रशिक्षण दी जायेगी।

नवीन पटनायक ने 24 वर्षों तक ओडिशा की समस्त जनता के स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक, आर्थिक और परिवहन के क्षेत्र में लोगों के विकास के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं बनाकर ओडिशा का विकास किया है।



ओडिसा सरकार के लोककल्याणकारी कार्य को और अधिक प्रचार प्रसार और लोग इन सभी कार्य का लाभ उठा पाए। इसके लिए विधायक एवं राउरकेला के श्रम मंत्री सारदा प्रसाद नायक के नेतृत्व में एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

## पोल से टकराकर नाले में गिरी कार, चार जख्मी

**PHOTON NEWS SUNDARGARH :** सुंदरगढ़ में तीसरे दिन एक और हादसा हुआ। सदर थाना कटरा के पास एक तेज रफ्तार कार पोल से टकराकर पानी से भरी नाला में जा गिरी। कार में सवार चारों युवक सुरक्षित हैं। किसी तरह वे कार से बाहर निकलने में कामयाब रहे, पर कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।

हादसा उस वक्त हुआ जब किन्जिरकेला और सुंदरगढ़ के 4



युवक किसी काम से कटरा इलाके में जा रहे थे। क्रेन की मदद से गाड़ी को पानी से बाहर निकाला गया। गौरतलब है कि रविवार को सदरथाना के तेलेंडीही में ट्रक-ऑटो टक्कर में एक बच्ची समेत 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। इसी तरह, सोमवार को सुंदरगढ़ टाउनथाना बीजू एक्सप्रेसवे के पास सड़क के किनारे खड़ी एक कार षाड़ंगी पेट्रोल पंप के पास बोरवेल गाड़ी से टकरा गई। गाड़ी का अगला हिस्सा पिचक गया जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने उसे बचाया और जिला प्रमुख अस्पताल में भर्ती कराया।

## घर में लगी आग, सारा सामान जलकर खाक

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के सोनारी थाना अंतर्गत क्रिस्चन बस्ती निवासी अनूप राजन के आवास पर मंगलवार दोपहर आग लग गई। आग घर के पिछले हिस्से में बने किचन से होते हुए पूरे घर पर फैल गई। धुआं निकलता देख घर में मौजूद महिला और बच्चे बाहर की ओर भागे। इधर घटना की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। सूचना पाकर झारखंड अग्निशमन विभाग की एक और टाटा स्टील की दो दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के



प्रयास में जुट गई। कमरों में धुआं भर जाने के कारण घर से सटे किताब दुकान का दरवाजा तोड़कर दमकल कर्मी अंदर घुसा और ऑक्सीजन मास्क लगाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। डेढ़ घंटे को कड़ी मकक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### सिलेंडर फटने से लगी आग

अनूप राज ने बताया कि उनके बड़े भाई टाटा स्टील कर्मी है। घर पर महिला और बच्चे ही मौजूद थे। घर के किचन में खाना बन रहा था। सिलेंडर में अचानक विस्फोट हुआ जिससे आग फैल गई। इसके बाद दूसरे सिलेंडर में धमाका हुआ। आग से घर के निचले तल्ले में आग फैल गई जिसमे फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स के अलावा सभी समान जलकर खाक हो गया है। आग से लाखों के नुकसान होने का अनुमान है।

## आदिवासी सेंगेल अभियान का सेंगेल जन जागरण सभा का हुआ आयोजन

# 30 दिसंबर के भारत बंद को सफल बनाने पर दिया जोर

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** आदिवासी सेंगेल अभियान का पिल्लई हाल में सेंगेल जन जागरण सभा का आयोजन हुआ। सेंगेल के कोल्हान प्रभारी सूबेदार बिरवा की अध्यक्षता और सेंगेल के जिला अध्यक्ष चरण चातर के स्वागत भाषण के साथ सभा प्रारंभ हुई। मुख्य अतिथि सालखन मुर्मू को माल्यार्पण के बाद 14 कर्मठ कार्यकर्ताओं को सरना धर्म कोड आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए सरना मान सकम (सरना मान पत्र) देकर सम्मानित किया गया। जिसमें हो समाज महासभा सरायकेला


कार्यक्रम में बोलते अतिथि व उपस्थित अन्य। ● फोटोन न्यूज

जिला अध्यक्ष गणेश गागराई, युवा महासभा के सरायकेला जिला अध्यक्ष विष्णु बानरा, मानकी मुंडा संघ सरायकेला जिला अध्यक्ष कोल झारखंड बोदरा और हो समाज महासभा जिला कोषाध्यक्ष सुंदर बानरा के साथ सूबेदार बिरवा, चरण चतर, महती पूर्ति, प्रताप बिरूवा, वीरसिंह गागराई (मझगांव), सेंगेल मानकी लक्ष्मी नारायण बोदरा (उड्ढ), श्रीमोती हेंब्रम, पोथीराम हांसदा, शंखो टुडू, सोनोत बास्के शामिल हैं।

दिशोम परगाना सोनाराम सोरेन, पोनोत परगाना सुगनाथ हेंब्रम, सेंगेल मानकी लक्ष्मी नारायण बोदरा, सेंगेल केंद्रीय संयोजक सुमित्रा मुर्मू और बीमो मुर्मू आदि ने अपने विचार देते हुए सरना धर्म कोड के लिए आहूत 30 दिसंबर के भारत बंद को सफल बनाने पर जोर दिया। पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने कहा कि आदिवासी समाज मरणासन्न है, रोज मर रहा है। इसको अपनी आदिवासी एजेंडा अर्थात हासा भाषा जाति धर्म रोजगार आदि बचाने के लिए एकजुट होना पड़ेगा और जोरदार आंदोलन करना होगा। साथ ही आदिवासी समाज में समाज सुधार भी जरूरी है। फिलवक्त पार्टियों और उसके वोट बैंक को बचाने से ज्यादा आदिवासी समाज को बचाने की जरूरत है। अन्यथा कोई न कोई पार्टी चुनाव तो जीतेंगे ही मगर आदिवासी समाज निश्चित हारता रहेगा, लुटता मिटता रहेगा। 30 दिसम्बर के भारत बंद को सफल बनाने में पार्टियों और संगठनों की संकीर्णताओं से ऊपर उठकर सभी प्रकृति पूजक आदिवासियों को योगदान करना जरूरी है।

## महिला कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग में फ्रेशर्स डे का आयोजन

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** महिला कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग में मंगलवार को फ्रेशर्स डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य के द्वारा किया गया। सभी सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों का स्वागत किया गया। प्राचार्य ने अपने आशीर्वचन में कहा कि फ्रेशर्स डे नए सदस्यों को अपने परिवार में शामिल करने के लिए मनाया जाता है। समाज में यह परंपरा सदियों से है कि परिवार के सदस्य नए सदस्य का अपने परिवार में स्वागत करते हैं। विभाग की हिंदी विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ




सुचिता बड़ा ने कहा कि सभी विद्यार्थी अपने विभाग का नाम रोशन करें और यदि कोई समस्या आती है तो उसे अपने विभाग अध्यक्ष या प्राचार्य से भी मिलकर अपने समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की। मनोविज्ञान विभाग की विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर डोरिस मिंज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने विभाग में नए सदस्यों को पाकर मनोविज्ञान विभाग आनंदित महसूस कर रहा है। विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी सफलता के परचम लहराए और अपने विभाग का नाम रोशन करें। सेमेस्टर वन की छात्राओं ने तरह-तरह के कार्यक्रम के द्वारा अपनी प्रस्तुति दी। सेमेस्टर 2 की छात्राओं ने नृत्य और संगीत के माध्यम से छात्राओं का मनोरंजन किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हुए।

# दरोगा लिखित भर्ती परीक्षा पर खड़े होने लगे सवाल

## अभ्यर्थियों के मन में संशय बरकरार






**पटना:**BPSSC आयोग को गुरु रहमान ने कटघरे में खड़ा कर दिया है। निष्पक्षता पर सवाल खड़ा किया है। परीक्षा के दिन सोशल मीडिया में वायरल हुए प्रश्न पत्र का मामला अब आर्थिक अपराध इकाई में पहुंच गया है। गुरु रहमान ने आर्थिक अपराध इकाई के एसपी सुशील कुमार से इसकी शिकायत की है और जांच करने की मांग की है। उनके द्वारा आयोग से भी इस पूरे मामले में निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है। गुरु रहमान ने बताया कि परीक्षार्थियों और हमारी डिमांड रही है कि कि परीक्षा खत्म होने के बाद अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र दे दिया जाए। प्रश्न पत्र के कार्बन कॉपी को दे दीजिए और एक सप्ताह के अंदर आंसर शीट जारी कर दीजिए। इस पर इनलोगों ने कोई ध्यान नहीं दिया।

लेकिन परीक्षा समाप्त होने के बाद हमलोग देखते हैं कि दोनों सिटिंग का प्रश्न पत्र सोशल मीडिया पर तैर रहा है। आंसर भी तैरने लगा गुरु रहमान के मुताबिक 9:13 मिनट से ही तरह तरह का आंसर सोशल मीडिया पर तैरने लगा। उसपर संदेह तो निश्चित रुप से खड़ा हो गया। तो ऐसे में के.एस द्विवेदी साहब को चाहिए कि जब आपने प्रश्न पत्र किसी को दिया नहीं, सभी प्रश्न पत्र पर यूनिक कोड है, बार कोड दिया है, तो सबसे पहले पता लगाइए कि कहां से किस जगह से ये वायरल हुआ है। अगर ऐसी बात हुई है तो कार्रवाई होनी चाहिए। दूध का दूध पानी का पानी करें।

लड़कों के मन में संशय है कि प्रश्न पत्र वायरल हुआ है, तो हुआ है.... के.एस द्विवेदी साहब आयोग के अध्यक्ष हैं अगर वो सामने आकर नहीं बताते हैं,

जांच का आश्वासन नहीं देते हैं, तब तक लोग कैसे मानेंगे कि प्रश्न पत्र समय से पहले वायरल हुआ है या समय के बाद हुआ है। उन्होंने ये भी दावा किया है की प्रश्न पत्र वही था, जो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है।

गुरु रहमान ने बताया कि इस पूरे मामले को लेकर उन्होंने आर्थिक अपराध इकाई के एसपी सुशील कुमार से शिकायत की है। उन्होंने ये भी कहा है कि अगर कार्रवाई नहीं होती है,

जांच नहीं की जाती है तो छात्रों के साथ अहिंसात्मक ढंग से आंदोलन भी करेंगे।

## संक्षिप्त डायरी

### नए अंदाज में दिखेगी जिला पुलिस



**गया :**विश्व विख्यात ज्ञान की धरती पर अब जिला पुलिस नए अंदाज में दिखेगी। वह नए कलेवर के साथ बोधगया की सड़कों पर पैट्रोलिंग करती हुई लोगों को नजर आएगी। चूंकि बोधगया विश्व पटल पर खासा पहचान रखती है। इसलिए दशकों पुरानी पैट्रोलिंग को छोड़ कर अब जिला पुलिस हाईटेक तरीके से बाइक से पैट्रोलिंग करेगी। बाइक में पुलिस सायरन बजेगें और लाइट भी जलेगी। इस काम के लिए फिलहाल 10 बाइक पहले चरण में मुहैया कराई गई है जो सिर्फ बोधगया में ही इस्तेमाल किए जाएंगे। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि बोधगया यातायात थाना और कालचक्र मैदान के बाहर बने अस्थाई थाने को 10 बाइक्स उपलब्ध कराई गईं है। इनमें सायरन व लाइट्स लगे हैं। एसएसपी ने बताया कि भीड़ वाले क्षेत्र में क्विक रिस्पांस के लिहाज से 10 बाइक उपलब्ध कराए गए हैं।इनके माध्यम से हर वक्त पैट्रोलिंग होगी और विशेष परिस्थिति में त्वरित रूप से कार्रवाई भी संभव होगी। उन्होंने बताया कि इन दिनों बोधगया में विभिन्न देशों के श्रद्धालुओं और सैलानी मौजूद हैं। बौद्धधर्म गुरु पावन दलाईलामा की मौजूदगी और कार्यक्रम को लेकर काफी संख्या में देश-विदेश के लोग मौजूद हैं। बड़ी संख्या में लोगों के आने का सिलसिला भी बना है। ऐसे में यातायात व्यवस्था के साथ ही किसी भी सूचना पर मुख्य सड़क के अलावा गलियों में भी बाइक सवार पुलिसकर्मी त्वरित रूप से कार्रवाई कर सकेंगे और पर्यटकों व श्रद्धालुओं के बीच जिला पुलिस सुंदर व अमिट छाप छोड़ सकेगी। उन्होंने बताया कि पुलिस मुख्यालय की ओर से रेडियम स्टैंड भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे पहले यह सुविधा नही थी। लेकिन अब 200 रेडियम स्टैंड भी मुहैया कराए गए हैं जो बोधगया के अलावा गया शहर के प्रमुख स्थानों पर लगाये जाने हैं।

### टीचर ने एडिट कर वायरल किया स्टूडेंट का अश्लील वीडियो



**समस्तीपुर:**समस्तीपुर में एक शिक्षक आशीष रंजन (24) ने छात्रा (18) के फोटो को एडिट कर अश्लील वीडियो बनाया और फिर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पूरा मामला जिले के मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र का है। पीड़िता का कहना है कि वह प्रखंड के पास कौशल विकास केंद्र में कंप्यूटर सीखने के लिए जाती थी। 15 दिन तक जाने के बाद उसे वहां की पढ़ाई समझ में नहीं आ रही थी। इसके कारण मैंने वहां जाना छोड़ दिया। इसके बाद कंप्यूटर शिक्षक आशीष रंजन ने वॉट्सऐप ग्रुप से मेरा नंबर निकाला। पढ़ाई करने नहीं आने के बारे में जानकारी ली और वीडियो कॉल किया। इस दौरान स्क्रीनशॉट ले लिया। फिर अश्लील वीडियो एडिट कर उसे वायरल करने लगा। यह सिलसिला पिछले पिछले दो महीने से जारी था। इस दौरान उसने एक बार फोन कर रेप करने की भी धमकी दी। इस बीच छात्रा ने परिवार के साथ मिलकर फोन करने वाले शिक्षक को खोज निकाला। युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं छात्रा के बयान पर मोहिउद्दीनगन थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। युवक के पास से बरामद मोबाइल में फर्जी वीडियो भी मिला है। मोहिउद्दीननगर थानाध्यक्ष गौरव प्रसाद ने कहा कि छात्रा के बयान पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया है।

### दबंगों ने दलित महिलाओं को लाठी-डंडे से पीटा..झोपड़ी जलाई



**मोतिहारी :** मोतिहारी में दबंगों ने दलित महिलाओं के साथ जमकर मारपीट की है। फिर उसके घर को आग के हवाले कर दिया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। मामला सामने आने के बाद एसपी कांतेश मिश्रा ने जांच के आदेश दिए हैं। दबंगों की पिटाई से गीता देवी के साथ बिंदी देवी, प्रतिमा देवी और रिंकू देवी गंभीर रूप से घायल हो गई है। सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच रेफर कर दिया गया। घटना पकड़ी दयाल नगर पंचायत के डुमरवाना वार्ड नंबर 9 की है। बताया जा रहा है कि महिला सरकारी जमीन पर झोपड़ी बनाकर कई सालों से रह रही थी। महिला के घर के पीछे ही दबंगों ने भी जमीन खरीदी है। जमीन पर जाने-आने के लिए रास्ता नहीं था। इससे दबंग घर हटाने को कह रहा था। घर नहीं हटाया तो उसके साथ मारपीट की गई और झोपड़ी में आग लगा दी।

## आग लगने पर ओनर को कॉल करके करेगा अलर्ट



**पटना:**सीतामढ़ी के स्वर्णिम कुमार ने एक फायर फाइटिंग रोबोट मॉडल बनाया है, जो ऑटोमेटिक आग को सेंस करके पानी की मदद से आग को बुझाता है। इसके साथ ही अपने ओनर और फायर अथॉरिटी को कॉल करके अलर्ट भी करता है। स्वर्णिम ने बताया कि उन्हें इस मॉडल को बनाने का आइडिया टीवी देखकर आया। दरअसल टीवी में उन्होंने देखा कि एक जगह पर भयंकर आग लगी है, जिसमें बहुत सारे लोग मारे गए और फायर अथॉरिटी को भी आग बुझाने में काफी मुश्किल हुई। इस पूरे मॉडल को तैयार करने में स्वर्णिम को 2 महीने का समय लगा था। 14 साल के स्वर्णिम ने बताया कि इस रोबोट में एक सिम मॉड्यूल लगा हुआ है जिसकी मदद से रोबोट अपने ओनर और फायर अथॉरिटी को कॉल करके अलर्ट भी करता है। दरअसल इस मॉडल में एक मदरबोर्ड है, जो कि एड्रेनो आईडी सॉफ्टवेयर से कोड हुआ है। इस कोडिंग में फायर अथॉरिटी का नंबर और ओनर का नंबर डाला गया है, जिसपर कॉल जाएगा। ये नंबर बाद में चेंज भी कर सकते हैं और इसे अपने हिसाब से सेट भी किया जा सकता है। इस मॉडल के आगे वाले हिस्से में तीन क्फ्र सेंसर लगे हैं और एक गैस सेंसर लगा है, जो आग को ऑटोमेटिकली डिटेक्ट करेगा। इसमें एक वाटर पंप और एक नोजल है जो 360 डिग्री घूमकर आग को बुझा सकता है। जैसे ही आग लगेगा, सेंसर की मदद से मदरबोर्ड को इस बारे में पता चल जाएगा, जिसके बाद वह एक्टिव हो जाएगा। मदरबोर्ड सिम मॉड्यूल को मैसेज भेजेगा, जिसके बाद सिम मॉड्यूल डायरेक्टली कॉल कर देगा। यह मॉडल एक फर्स्ट एड किट की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि फायरफाइटर आग बुझाने में काफी जूझते हैं। वह मैनुअली ऑपरेटेड फायर एक्सटिंग्विशर अपने साथ में लेकर जाते हैं, जिसमें उनकी जान का खतरा काफी ज्यादा होता है। यह रोबोट एक फर्स्ट एड किट की तरह रहेगा जो पहले ही जाकर आग को बुझा देगा ताकि फायरफाइटर को आग को बुझाने में बहुत ही सहूलियत हो। यह रोबोट मॉडल मैनुअली ऑपरेटेड फायर एक्सटिंग्विशर को हटाने में मदद करेगा। स्वर्णिम का मकसद इस रोबोट को और बड़े स्तर पर तैयार करना है। इस मॉडल को बनाने में उत्कर्ष कुमार ने उनका साथ दिया है। वहीं, सिभु झा गाइड टीचर हैं। स्वर्णिम अपनी पढ़ाई सीतामढ़ी के आर्य पब्लिक स्कूल से कक्षा 9 में कर रहे हैं।

## विकसित भारत के बैनर तले भागलपुर में रैली



**भागलपुर:**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर पूरा देश विकसित भारत अभियान मना रहा है। जहां आने वाले सालों में देश कितनी उन्नति पर है, इसको मद्देनजर रखते हुए लोगों को इससे जोड़ने की कवायद की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को भागलपुर के घंटाघर चौक से विकसित भारत के बैनर तले एक रैली निकाली गई। इसमें तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति जवाहर लाल समेत कई शिक्षकों ने शिरकत की। इसके अलावा दो दर्जन से अधिक एनएसएस के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। लोगों के एकत्रित होने के बाद यह रैली घंटाघर चौक से तिलकामांझी विश्वविद्यालय पर जाकर समाप्त हुई। इस रैली के कुलपति जवाहरलाल ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भारतवर्ष को एक विकसित देश बनाना चाहते हैं। जिसे देखते हुए हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी बनती है की भारत किस प्रकार विकसित हो। उन्होंने कहा कि आजादी के 75वें वर्ष तक देश विकाशील बन चुका है। लेकिन विश्व भर में भारत विकसित कैसे हो इसको लेकर पहल की जा रही। साथ ही कहा की देश जब 100वें वर्ष की तरफ रुख करेगा तो आगामी 2047 तक भारत विश्व भर एक विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। रैली के दौरान प्रतिकूलपति रमेश कुमार दर्जनों की संख्या में विश्वविद्यालय शिक्षक और एनएसएस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सदर अस्पताल निरीक्षण करने पहुंचे जदयू विधायक

### एड्स के बारे में दी जानकारी, बोले-एड्स जो है, छुआछूत की बीमारी नहीं है



**बेगूसराय :**बेगूसराय के सदर अस्पताल में एक बार फिर मटिहानी के जदयू विधायक राजकुमार सिंह निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान सदर अस्पताल के सभी वार्डों में निरीक्षण किया गया। इस दौरान विधायक ने सभी मरीजों से हाल-चाल भी जाना।

मीडिया से बात करते हुए जदयू विधायक राजकुमार सिंह ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा आम लोगों के लिए और गरीब लोगों के लिए सुविधा दी जाती है। इसको देखने के लिए लगातार जनप्रतिनिधि को एक कर्तव्य होता है।

सरकार द्वारा जो दी जा रही है सुविधा लोगों तक पहुंच पा रही है की नहीं। आज इसी के तहत सदर अस्पताल में एड्स सेंटर पर पहुंच कर मुझे जानकर बड़ी खुशी हुई है। एड्स के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाई जा रही है। इस दौरान उन्होंने कहा कि एड्स जो है, छुआछूत की बीमारी नहीं है।

उन्होंने बताया कि लोगों में भ्रम फैल जाती है कि अगले आदमी को एड्स है तो इससे दूरी बना लेते हैं। लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए क्योंकि एड्स छुआछूत कोई बीमारी नहीं है।

इस दौरान उन्होंने कहा कि इसका संक्रमण बस ब्लड एक दूसरे में सट जाने के कारण एड्स फैलती है। उन्होंने पिछले बार डॉक्टर के साथ विवाद होने के मामले में अपना खराब प्रतिक्रिया देते हुए मीडिया पर ही भड़ास निकाले।

उन्होंने कहा कि मीडिया बस तिल का ताड़ बनाती है। उन्होंने कहा कि पिछले बार जो बात विवाद डॉक्टर के बीच हुई थी।

एक गरीब बच्चों को इलाज को लेकर हुआ था। उसे गरीब बच्चों को जो इलाज सदर अस्पताल में होनी चाहिए वह नहीं हुई थी। जिसके कारण से बात विवाद बढ़ गया था। लेकिन ऐसा कोई बात नहीं था। कुछ पत्रकार द्वारा उसे वीडियो को बना लिया गया था। इन चीजों से सरकार की कोई योजनाएं नहीं रुकेगी। सरकार के द्वारा दिए गए निर्देश हैं। उनके पालन में किसी प्रकार की लापरवाही सरकार की जो कर्मी उनके द्वारा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो सेवा स्वास्थ्य है बड़ा ही डेलिकेट चीज है।

## किशनगंज में बिजली के पोल पर चढ़ा युवक

### तार को छूते ही लगा झटका



**किशनगंज :**किशनगंज में सोमवार संध्या करीब 7 बजे एक सिरफिरा युवक आत्महत्या करने की नीयत से बिजली के खंभे पर चढ़ गया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मामला नगर क्षेत्र की है। जहां एक युवक बिजली के खंभे में चढ़ गया, जब स्थानीय लोगों ने युवक को बिजली के खंभे पर चढ़ते हुए देखा तो नीचे से लोग उसे उतरने के लिए चिल्लाने लगे मगर युवक पोल पर चढ़ गया। जिसके बाद युवक ने बिजली के तार को पकड़ लिया जिससे युवक को जोरदार बिजली का झटका लगा और युवक नीचे गिर गया। स्थानीय लोगों ने युवक को आनन-फानन में सदर अस्पताल किशनगंज में भर्ती करवाया है। जहां ड्यूटी में तैनात डॉक्टरों की मौजूदगी में युवक का इलाज जारी है। युवक ने अपनी पहचान वैशाली जिले के रहनेवाले सुबोध मांझी के रूप में बताया है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक युवक नशे की हालत में धूत है, उसने नशे की हालत में बिजली के खंबे में चढ़कर अपनी जान देने की कोशिश की है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर टाउन थाना पुलिस पहुंच चुकी है और मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल युवक ने वैशाली से किशनगंज आने और आत्महत्या करने का कारण नहीं बताया है।

## जमुई में जेडीयू नेता को मारी गोली..सीने में अटकी



**जमुई :**जमुई में युवा जदयू के जिला उपाध्यक्ष पवन साह को अपराधियों ने गोली मारी है। वे अपनी दुकान से सोमवार रात 10 बजे पैदल ही घर लौट रहे थे। रास्ते में पहले से इंतजार कर रहे अपराधी ने घेरकर हमला कर दिया। जहां वारदात हुई वहां से पवन के घर की दूर 100 मीटर है और दुकान 40 मीटर दूर है। पुलिस के अनुसार पवन को दो गोलियां लगी है। एक सीने में और दूसरा कान के बगल से छू कर निकल गई। एक गोली सीने में अटकी है। इसी हालत में रात के डेढ़ बजे पवन को पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। अभी तक ऑपरेशन नहीं हुआ। घटना टाउन थाना क्षेत्र के महिसौडी चौक के पास की है। अपराधी बाइक से आए थे और एक ऑटो में छिपकर बैठे थे। फिलहाल हमला क्यों किया गया है ये अब तक क्लियर नहीं हुआ है, लेकिन बस स्टैंड की ठेकेदारी को लेकर विवाद था। हमले को इससे भी जोड़कर देखा जा रहा है। बताया जा रहा है महिसौड़ी चौक के पास बगल की गली में पहले से घात लगाए ऑटो में छिपे अपराधी ने ताबड़तोड़ गोली चला दी। जिससे एक गोली कनपटी में तो दूसरी गोली सीने में लगने के बाद वे जमीन पर गिर गए। उसके बाद जब तक स्थानीय लोग कुछ समझ पाते तब तक अपराधी फरार हो गया। वारदात के बाद मौके पर टाउन थाने की पुलिस पहुंची। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से पवन को इलाज के लिए निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी के बाद जमुई एसपी शौर्य सुमन, टाउन थाना अध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी के साथ अन्य पहुंचे और छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज मिला है, जिसमें अपराधी भागते दिख रहा है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधी की पहचान में जुट गई है। मृतक के भाई बबन साह ने बताया कि सोमवार की रात प्रत्येक दिन की तरह वह शिव मंदिर में माथा टेककर घर लौट रहे थे। इसी दौरान नकाबपोश अपराधी ने उनकी कनपटी में गोली मार दी। फिर दूसरी गोली छाती में मारी। उन्होंने कहा कि मेरे भाई का किसी से कोई दुश्मनी नहीं था। पुलिस प्रशासन से पूरे मामले की जांच कर आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। सदर एसपी शौर्य सुमन ने कहा कि जदयू नेता को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारी है। जिसमें वह घायल हो गए। घटना के बाद पूरे मामले की जांच की जा रही है। हमलोग हर एंगल से जांच कर रहे हैं। एक लड़के ने गोली मारी है। सीसीटीवी फुटेज भी मिला है। पूर्व में कुछ विवाद रहा है क्या इस पहलु की भी जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# परिजन ने शादी से मना किया तो घर से भागे

### शिव मंदिर में प्रतिनिधियों ने कराई शादी, कई साल से चल रहा था प्रेम प्रसंग



**बक्सर:**बक्सर के राजपुर थाना परिसर में पंचायत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में एक प्रेमी जोड़े की शादी कराई गई। बताया गया की दोनों एक दूसरे से प्यार करते थे। लेकिन जब दोनों के परिवार इनकी शादी कराने से इनकार कर दिए तो दोनों घर से भाग गए। जिसके बाद था मामला पंचायत में पहुंच गया। जिसके बाद प्रतिनिधियों के पहल पर दोनों के परिजनों को समझाकर दोनों की शादी करा दी गई। बता दें कि राजपुर थाना क्षेत्र के पुरैनी गांव की रहने वाली एक लड़की का दादुर गांव के रहने वाले एक लड़के से कई साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसको लेकर के दोनों प्रेमी कई बार घर से भाग गए थे। इसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना राजपुर पंचायत के मुखिया अनिल कुमार सिंह तथा सरपंच विश्वामित्र सिंह को दिया। जिसके बाद लड़का-लड़की को वापस बुलाया गया। इसके बाद दोनों परिवारों की रजामंदी व समझौते के बाद प्रेमी जुगल की शादी राजपुर थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में करा दी गई। मौके पर मंत्रोचार के बीच सिंदूर दान की रस्म भी निभाई गई। शादी के बाद मिठाई भी बांटा गया। जानकारी देते हुए मुखिया अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दुरा गांव के रहने वाले ललन पासवान के पुत्र देवीलाल पासवान तथा पुरैनी गांव के रहने वाले देवव्रत पासवान की पुत्री निराशा कुमारी के साथ कई साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसको लेकर इन दोनों पक्षों के बीच समझौता करा कर शिव मंदिर में शादी करा दी गई।

# काम का समय

संसद शुक्रवार को अप्रिय स्थितियों में उठी थी और सोमवार को भी अप्रिय माहौल ही हावी रहा। लोकसभा के साथ-साथ राज्यसभा में भी बड़ी संख्या में विपक्षी सांसदों को आसन की बात न मानने पर निलंबित किया गया। 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा में जो चूक हुई थी, उसकी गूंज अभी तक संसद में बनी हुई है। हंगामे के बीच ही विधेयक पर्याप्त बहस के बिना पारित हो रहे हैं। राज्यसभा में सोमवार को जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2023 और केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक 2023 पारित हो गया। कुछ ही दलों के नेताओं ने किसी तरह से चर्चा में भाग लिया। हां, महिलाओं से जुड़े विधेयकों पर चर्चा हो सकती थी। भारतीय विधायिका या निकाय में महिलाओं का प्रतिनिधित्व लगातार बढ़ रहा है और इसके लिए बाकायदे कानूनन व्यवस्थाएं खड़ी की जा रही हैं। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2023 का उद्देश्य जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 में संशोधन करना है। यह केंद्रशासित प्रदेश की विधानसभा में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित करने का प्रावधान पेश करता है। अनुच्छेद-14 के तहत एक तिहाई सीटें अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएंगी। कश्मीर की विधानसभा में भी बड़ी संख्या में महिलाओं का पहुंचना जरूरी ही नहीं, सुखद भी है, पर जब ऐसे महत्वपूर्ण विधेयक पारित हो रहे थे, तब हंगामा क्यों हो रहा था? खैर, अगली जनगणना के बाद जब परिसीमन होगा, तब कश्मीर ही नहीं, तमाम राज्यों की रूपरेखा बदल जाएगी। केंद्रशासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 पुडुचेरी विधानसभा में सभी निर्वाचित सीटों में एक तिहाई महिलाओं के लिए आरक्षित करता है। ध्यान रहे, ये दोनों विधेयक पिछले हफ्ते ही लोकसभा में पारित हो चुके हैं। अच्छा होता, अगर ये विधेयक हंसी-खुशी पारित होते, तो निचले स्तर पर महिलाओं तक सही संदेश पहुंचता। चिंता की बात है कि पिछला सत्र मणिपुर हिंसा की भेंट चढ़ गया था और यह सत्र संसद की सुरक्षा में चूक की वजह से मुश्किल से चल रहा है। शायद संसद में सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले युवा यही चाहते होंगे कि उनकी कारस्तानी की खूब चर्चा हो। संसद में इन दिनों जो चल रहा है, वह भारतीय लोकतंत्र का बुरा चाहने वालों के मुफीद है। हमारे सांसदों को यह एहसास होना चाहिए। देश के सामने बहुत से काम पड़े हैं, राजनीति ही सब कुछ नहीं है। निचले सदन के लिए चुनाव होने हैं, वहां चुनाव का तनाव स्वाभाविक है, पर राज्यसभा क्यों पटरी से नीचे उतर रही है? चूंकि विपक्ष या खासकर कांग्रेस यह मानकर चल रही है कि उसे अपने मुद्दों पर अच्छी-खासी संख्या में मत मिले हैं, इसलिए विरोध की तीखी राजनीति को वह शायद जारी रखना चाहती है। पहले केंद्रीय गृह मंत्री से सदन में जवाब मांगा जा रहा था और अब प्रधानमंत्री से भी मांग शुरू हो गई है। जवाब मांगना सही हो सकता है, पर उसके लिए हंगामा करना विचारणीय है।

# एक धुंधला क्षितिज

इस अक्टूबर महीने में एक दुर्लभ उछाल पाने के बाद, भारत का माल निर्यात पिछले महीने संकुचन का शिकार होकर 2022 के स्तर से 2.8 फीसदी गिरकर 33.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। आयात 4.33 फीसदी गिरकर 54.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर का हो गया, जिससे माल व्यापार घाटा 20.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक कम हो गया जोकि अक्टूबर महीने के रिकॉर्ड उच्च स्तर से लगभग एक तिहाई कम है। क्रमिक आधार पर, वाणिज्य मंत्रालय द्वारा अक्टूबर महीने के आयात बिल को शुरूआती 65 बिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुमान से 1.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर कम करने के बावजूद, आयात में गिरावट तेज रही। दूसरी ओर भले ही नवंबर महीने में निर्यात में गिरावट आई, लेकिन यह निर्यात अक्टूबर के मुकाबले ज्यादा था। अक्टूबर महीने में निर्यात 12 महीनों में सबसे कम था। फिर भी, नवंबर महीने के उलट निर्यात में साल-दर-साल आधार पर बढ़ोतरी का संकेत मिला। इस किस्म के सांख्यिकीय शोर-शराबे को सुनना मुश्किल हो सकता है, लेकिन यह साफ है कि पिछले दो महीनों के दौरान निर्यात ने एक साल में सबसे कमजोर मूल्य दर्ज किया है। इसी तरह, नवंबर महीने में आयात में उल्लेखनीय गिरावट के लिए रत्न एवं आभूषण जैसे उच्च मूल्य वाले सामानों की विवेकाधीन मांग में गिरावट और पेट्रोलियम उत्पादों जैसी प्रमुख वस्तुओं की कीमतों में वैश्विक गिरावट जैसे कारकों को जिम्मेदार माना जा सकता है। अर्थशास्त्रियों को साल के शेष चार महीनों के दौरान व्यापार घाटा 20 बिलियन अमेरिकी डॉलर से 25 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बीच रहने की उम्मीद है। लेकिन यह निश्चित होना मुश्किल है झ यहां यह तथ्य याद रखा जा सकता कि सितंबर में 10 फीसदी से ज्यादा कम होने और अक्टूबर में फिर से बढ़ने से पहले अगस्त में आयात 11 महीने के उच्चतम स्तर 60.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया था। हर दूसरे महीने एक प्रकार के उतार-चढ़ाव वाले (यो-यो) प्रभाव के साथ इस किस्म के विचलन को समझना जोखिम भरा है और कुछ महीनों की सापेक्ष निश्चितता के बाद वापस आने वाले महत्वपूर्ण आंकड़े संबंधी सुधारों से यह जोखिम और बढ़ जाता है। अगस्त के माल व्यापार घाटे में लगभग तीन बिलियन अमेरिकी डॉलर की कमी आई, जबकि कुल निर्यात-आयात के आंकड़ों में 5 बिलियन डॉलर का संशोधन देखा गया।

# मोदीमय भारत के मायने

ANALYSIS



महेश वर्मा

मोदी सरकार ने 'स्वच्छ भारत अभियान' के अंतर्गत स्वच्छता के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए भगीरथ प्रयास किए। स्वच्छ जीवनशैली के लिए कई योजनाएं शुरू कीं। आज इनका प्रभाव दिख रहा है। इन योजनाओं ने स्वच्छता से जुड़े कई नवाचारों को प्रोत्साहित किया है जो धीरे-धीरे जन-जन के जीवन का हिस्सा बन रहे हैं। 'मेक इन इंडिया' अभियान के माध्यम से मोदी सरकार ने भारतीय उद्यमियों को प्रोत्साहित किया। इस योजना के माध्यम से रोजगार में वृद्धि हो रही है। स्वरोजगार को प्रोत्साहन मिल रहा है और आर्थिक समृद्धि हो रही है। 'आयुष्मान भारत' योजना के तहत सस्ती चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास करके सरकार ने आम और गरीब लोगों तक भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का प्रयास किया है। इस योजना का लाभ दूरदराज के ग्रामीण इलाकों तक पहुंच रहा है। गरीब और कमजोर वर्ग को मुफ्त चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत, सरकार ने लोगों को सस्ते मकान प्रदान करने का लक्ष्य रखा है।

किसी भी सरकार के काम का फायदा तभी है, जब वह आबादी के अंतिम व्यक्ति तक प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से पहुंचे। यह फायदा अनेक क्षेत्रों से जुड़ा है, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर, विकास आदि। नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में पहल करते हुए सुधार किए। इससे विभिन्न वर्गों को फायदा हो रहा है। मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में समृद्धि की विभिन्न योजनाओं को प्राथमिकता दी, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों का विकास हो सके। मोदी सरकार ने 'स्वच्छ भारत अभियान' के अंतर्गत स्वच्छता के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए भगीरथ प्रयास किए। स्वच्छ जीवनशैली के लिए कई योजनाएं शुरू कीं। आज इनका प्रभाव दिख रहा है। इन योजनाओं ने स्वच्छता से जुड़े कई नवाचारों को प्रोत्साहित किया है जो धीरे-धीरे जन-जन के जीवन का हिस्सा बन रहे हैं। 'मेक इन इंडिया' अभियान के माध्यम से मोदी सरकार ने भारतीय उद्यमियों को प्रोत्साहित किया। इस योजना के माध्यम से रोजगार में वृद्धि हो रही है। स्वरोजगार को प्रोत्साहन मिल रहा है और आर्थिक समृद्धि हो रही है। 'आयुष्मान भारत' योजना के तहत सस्ती चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास करके सरकार ने आम और गरीब लोगों तक भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का प्रयास किया है। इस योजना का लाभ दूरदराज के ग्रामीण इलाकों तक पहुंच रहा है। गरीब और कमजोर वर्ग को मुफ्त चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत, सरकार ने लोगों को सस्ते मकान प्रदान करने का लक्ष्य रखा है। गरीबी रेखा के नीचे के परिवारों को आवास के लिए सब्सिडी और वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। मोदी सरकार की 'जन धन योजना' (पीएमजेडीवाई) के माध्यम से आम लोगों तक बैंक सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया है। इससे न सिर्फ लोगों को सरकारी योजनाओं का त्वरित लाभ पहुंच रहा है, बल्कि भ्रष्टाचार पर भी लगाम कसी है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से सरकार ने गरीब गृहिणियों को मुफ्त गैस सिलेंडर प्रदान करके भोजन बनाने का सुरक्षित और स्वास्थ्यप्रद विकल्प प्रदान किया हैं। उज्ज्वला योजना का ही परिणाम है कि नीरधुर स्टोव जैसे नवाचार हो सके, जो न सिर्फ ग्रामीण गृहिणियों के लिए आरामदेह हैं, बल्कि पर्यावरण के भी अनुकूल हैं। मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) योजना में कामगारों को रोजगार प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार सभी राज्यों को धन आवंटित करती है और कामगारों को हर महीने निश्चित संख्या में रोजगार की गारंटी प्रदान करती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) किसानों को अपनी उपज की रक्षा के लिए सुरक्षित बीमा योजना प्रदान करती है। myfarminfo.com जैसी पहल न सिर्फ किसानों को समय-समय पर उचित सलाह देती है, बल्कि आपदा की स्थिति में फसल के नुकसान का सही आकलन भी करती है, ताकि किसानों को वाजिब मुआवजा मिल सके। मोदी सरकार ने भारतीय रेलवे को मॉडर्नाइज करने के लिए कई तरह की पहल की हैं। रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को लगातार मजबूत किया जा रहा है। परिणामस्वरूप देश के अलग-अलग हिस्सों में तेज रफ्तार वंदे भारत ट्रेनों की शृंखला देखने को मिल रही है और भारत में बुलेट ट्रेन की परिकल्पना साकार होने की दिशा में बढ़ रही है।

मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण और संविधानिक फैसले भी किए हैं। इनका भारतीय राजनीति पर गहरा प्रभाव पड़ा है। मसलन-

**राम जन्मभूमिः** मोदी सरकार ने राम जन्मभूमि मुद्दे में समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम उठाए। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद, भगवान श्रीराम की पूजा के लिए अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण शुरू हुआ। यह एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दा था जिसने राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा दिया। 22 जनवरी, 2024 को श्रीराम लला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ राम जन्मभूमि से जुड़ा सदियों पुराना सपना साकार हो जाएगा।

**अनुच्छेद 370:** मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर में लागू अनुच्छेद 370 को समाप्त करके, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को भारतीय संघ का संपूर्ण हिस्सा बना दिया। इससे भारत की एकता और संविधानिक समानता की भावना को मजबूती मिली। पहले 370 के तहत कुछेक चुनिंदा परिवारों को ही लाभ मिलता था। इसके हटने के बाद जम्मू-कश्मीर की पूरी जनता को उनके लिए सुनिश्चित सुविधाओं का अहसास हो रहा है।

महिला का सम्मान बिलःमोदी सरकार ने महिला का सम्मान बिल को पारित किया, जिसमें महिलाओं को समृद्धि, सुरक्षा, और अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई प्रावधान हैं। इस बिल का उद्देश्य महिलाओं को समाज में अधिक समर्थन, सुरक्षा और प्रतिनिधित्व प्रदान करना है।

**तीन तलाक की जिल्लतः** मोदी सरकार ने मुस्लिम महिलाओं के लिए तीन तलाक की प्रथा को बंद करने के लिए 'तीन तलाक' को जिल्लत घोषित किया। इससे मुस्लिम महिलाएं अब तलाक के प्रति अधिकारी बन गई हैं और उन्हें सामाजिक सुरक्षा मिली है।

इन निर्णयों ने भारतीय राजनीति को सुशासन, सामाजिक समरसता, और सामंजस्य की दिशा में मजबूत किया है। इन निर्णयों को अधिकांश भारतीय समाज का समर्थन मिला है और इन्होंने राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समृद्धि की दिशा में सकारात्मक परिणाम प्रदान किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कुशल नेतृत्व वैश्विक परिदृश्य पर भी दिख रहा है। आज उनकी पहचान दुनिया के सबसे सम्मानित राजनेताओं में एक है। विशेष कर उन्होंने कोरोनाकाल में भारत को अपारजनशक्ति के स्तर पर उठाने का अद्वितीय प्रयास किया, जिसके बाद उन्हें युग प्रवर्तक की भूमिका में देखा जाने लगा।

**अभूतपूर्व कदमः** मोदी सरकार ने कोरोना महामारी के प्रसार को रोकने के लिए तत्परता से कार्रवाई की। उन्होंने राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन, सामाजिक दूरी, वैक्सीनेशन अभियान और टेस्टिंग के माध्यम से नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए कई त्वरित कदम उठाए। प्रधानमंत्री के नेतृत्व ने संकटकाल में सकारात्मक रूप से प्रतिक्रियाशील वसुधैव कुटुम्बकम् का दृष्टिकोण अपनाया गया और पूरी दुनिया को सहयोग प्रदान किया।

**आत्मनिर्भर भारतः** मोदी सरकार ने 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान की शुरूआत की, जिसका उद्देश्य देश को आत्मनिर्भर बनाना और आर्थिक संवृद्धि करना था। इसके माध्यम से लोगों को रोजगार और आजीविका के नए स्रोत उपलब्ध कराने के प्रयास किए गए हैं।

**विश्वस्तरीय सहयोगः** मोदी सरकार ने विश्वस्तरीय सहयोग में भी मजबूती से आगे कदम बढ़ाया है। जलवायु प्रदूषण, खाद्य सुरक्षा जैसे वैश्विक समस्याओं के समाधान में सक्रियता से भाग लेते हुए भारत ने एक सशक्त और सहयोगी राष्ट्र की भूमिका अदा की है।

**महिलाओं का सम्मानः** मोदी सरकार ने देश की आधी आबादी को उनके अस्तित्व का सम्मानजनक अहसास कराया है। महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और 'स्वच्छ भारत अभियान' जैसी कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की हैं।

**ताकत और संघर्ष की भावनाः** मोदी सरकार ने देश की अपारजनशक्ति को एक सशक्त और सामरिक शक्ति में तब्दील करने के लिए लोगों में ताकत और संघर्ष की भावना को प्रबल किया है। आम लोगों में आत्मनिर्भरता की भावना पहले से कहीं अधिक उद्वेलित हुई है।

**सामाजिक कल्याण की योजनाएंः** मोदी सरकार ने गरीबी रेखा के नीचे रहने वालों, असमानता से प्रभावित वर्गों के लिए सामाजिक कल्याण योजनाएं शुरू की हैं, जो उन्हें समृद्धि की दिशा में ले जाने में मदद कर रहे हैं। मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान भारत की आर्थिक प्रगति को मजबूत किया और कई मानकों में सुधार किया। इनसे देश की आमदनी में वृद्धि हुई और विभिन्न आर्थिक मानकों पर बेहतरीन प्रदर्शन हुआ।

**लेखक, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी हैं।**

# प्रधानमंत्री मोदी का सुशासन और साकार होता आमजन का सपना

प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के शासनकाल के दस वर्ष पूर्ण होने वाले हैं। उन्होंने 26 मई, 2014 को प्रथम बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के पश्चात घोषणा की थी कि उनकी सरकार जनहित के लिए तथा अन्तयोदय के लिए कार्य करेगी। उन्होंने अपनी घोषणा में जो शब्द कहे, उस पर वह शत-प्रतिशत खरे सिद्ध हुए। उनके अब तक के संपूर्ण कार्यकाल पर दृष्टि डालें तो यह सेवा एवं सुशासन पर ही केंद्रित रहा है। प्रधानमंत्री का कहना है कि सुशासन राष्ट्र की प्रगति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। हमारा मंत्र, उद्देश्य व सिद्धांत नागरिकों को प्राथमिकता देने का है। मेरा सपना सरकार को लोगों के समीप लाने का है, ताकि वे प्रशासनिक प्रक्रिया के सक्रिय भागीदार बन सकें। सरकारी कामकाज की प्रक्रिया को आसान कर आसानी से सुशासन सुनिश्चित किया जा सकता है। उनका यह भी कहना है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां के नागरिक शासन का हिस्सा बनने के लिए अत्यधिक उत्साहित हैं। एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में, निर्णय लेने की प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी होना बहुत महत्वपूर्ण घटक है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विभिन्न पहलों और सुधारों के बारे में लिखते रहते हैं। उनके शब्दों में- '130 करोड़ भारतीयों ने फैसला किया है कि वे भारत को आत्मानिर्भर बनाएंगे। आत्मनिर्भरता पर हमारा जोर, वैश्विक समृद्धि में योगदान करने की दृष्टि से प्रेरित है। हमारी सरकार एक ऐसी सरकार है, जो प्रत्येक भारतीय का ध्यान रखती है और उसके लिए चिंतित रहती है। हम लोक-केंद्रित और मानवीय दृष्टिकोण से प्रेरित हैं। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र से प्रेरित होकर हमारी सरकार ने लोक-समर्थक शासन को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किए हैं, जो गरीबों, युवाओं, किसानों, महिलाओं और वंचित समुदाय की मदद करते हैं।' वास्तव में प्रधानमंत्री मोदी अन्तयोदय के मूल तत्वों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। इस समयावधि में उन्होंने विश्वभर के अनेक देशों में यात्राएं करके उनसे संबंध प्रगाढ़ बनाने का प्रयास किया है। इससे विश्व के अनेक देशों के साथ भारत के संबंध बेहतर हुए तथा उनके साथ अनेक रक्षा एवं व्यापारिक समझौते भी हुए। उन्होंने देश में लोगों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक विकास के लिए अनेक जनकल्याण की योजनाएं प्रारम्भ की हैं। मोदी सरकार ने विकास का नारा दिया तथा विकास को ही प्राथमिकता दी। विगत में जिस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश के सभी वर्गों के लिए बिना किसी पक्षपात के कार्य किया है, उससे जनता के मध्य एक सकारात्मक संदेश गया है। विपक्षी दल आरंभ से ही भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगों के मन में विष घोलने का कार्य करते आए हैं। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के शीर्ष नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी विशेषकर नरेन्द्र मोदी पर गंभीर आरोप लगाए। किन्तु जनता ने भारतीय जनता पार्टी को अपना अपार जनसमर्थन दिया। प्रधानमंत्री मोदी को जनसाधारण का विश्वास, समर्थन एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। परिणामस्वरूप जनता ने केंद्र की कांग्रेस सरकार को सत्ता विहीन करके भारतीय जनता पार्टी को केंद्र की बागडौर सौंप दी। नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने तथा उन्होंने जनकल्याण के कार्यों की गंगा प्रवाहित कर दी। इसका परिणाम भी उत्साहजनक रहा। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में जनता ने भारतीय जनता पार्टी को सराहनीय बहुमत दिलाया। इस बार भी मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बने। उन्होंने अपने जनकल्याण के कार्यों की गति को और अधिक तीव्र कर दिया। उनके कार्यों की देश ही नहीं, अपितु विश्वभर में सराहना होने लगी। विगत मई में अपने कार्यकाल के नौ वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री मोदी ने एक पुस्तिका भी जारी की, जिसमें सरकार द्वारा करवाए गए जनकल्याणकारी कार्यों का लेखा-जोखा था। इसके अनुसार सरकार ने देश के 80 करोड़ लोगों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करवाई। जनधन योजना के अंतर्गत लोगों के 48.27 करोड़ खाते खोलकर उन्हें वित्तीय सेवाओं से जोड़ा गया। सुखद बात है कि इनमें से लगभग 26.54 करोड़ खाते महिलाओं के खोले गए। इस प्रकार महिलाओं को वित्तीय अधिकार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त 133 करोड़ लोगों के आधार को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण से जोड़ा गया था तथा उन्हें लगभग 25 लाख करोड़ रुपये की धनराशि वितरित की गई। बेघर लोगों के लिए ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत 2.5 करोड़ आवासों का निर्माण करवाया गया। विशेष बात यह है कि इन आवासों में से लगभग 70 प्रतिशत में महिलाओं का नाम है अर्थात किसी में वे स्वयं स्वामी हैं तथा किसी में उनकी भागीदारी संयुक्त रूप से सम्मिलित है। इससे महिलाओं को सम्मान मिला तथा उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है। अब वे केवल घर की लक्ष्मी ही नहीं हैं, अपितु स्वामी भी हैं। महिलाओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए 11.72 करोड़ शौचालयों का निर्माण करवाया गया। इसके अतिरिक्त 6.5 करोड़ सामुदायिक शौचालयों का निर्माण करवाया गया। इस प्रकार देशभर के 4335 कस्बों एवं ग्रामों को खुले में शौच से मुक्ति दिलाई गई। महिलाओं के स्वास्थ्य के दृष्टिगत उन्हें चूल्हे के धुएं से छुटकारा दिलाने के लिए उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 9.6 करोड़ एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए। विगत मार्च में सरकार ने सिलेंडर पर 200 रुपये का अनुदान एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। पूर्व में महिलाओं को दूर से जल लाना पड़ता था, इसलिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत 8.67 करोड़ घरों में जल आपूर्ति सुनिश्चित करवाई गई। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत 69 प्रतिशत महिलाओं को लाभान्वित किया गया। इस योजना के अंतर्गत विनिर्माण, प्रसंस्करण, व्यापार या सेवा क्षेत्र में गैर-कृषि क्षेत्र में लगे आय सृजित करने वाले सूक्ष्म उद्यमों को दस लाख रुपये तक के सूक्ष्म ऋण की सुविधा प्रदान की जाती है।

# नयी राजनीति और मुख्यमंत्रियों का चयन

यह नयी राजनीति का प्रारंभ है। इस नये दौर की राजनीति में मीडिया के पास संदेश नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही संदेश, संदेशवाहक और माध्यम है। भाजपा की संस्कृति में नव सामान्य को कोई अन्य रहस्यात्मक सूत्र कैसे विश्लेषित कर सकता है, जहां राज्यों के नये नेता पूर्ण आश्चर्य की तरह हैं? कोई राजनीतिक या मीडिया विशेषज्ञ दूर-दूर तक नहीं भांप सका कि मोदी लहर की बड़ी जीत के बाद राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के नये राजनीतिक सीइओ कौन बनेंगे। जब इनके नाम सामने आये, तब सैकड़ों पत्रकार नये मुख्यमंत्रियों के गुण खोजने लगे। सबने कहा कि तीनों मोदी की अभिव्यक्ति हैं। तीनों मुख्यमंत्रियों- पहली बार विधायक बने राजस्थान के भजन लाल शर्मा, तीन बार के विधायक मध्य प्रदेश के मोहन यादव और राज्य इकाई के पूर्व अध्यक्ष रहे छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय- के चयन में जो समान कारक है, वह है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा। मोदी के इस आश्चर्यजनक चयन ने टीवी पर बतकही के लिए पूरा माहौल बना दिया। विश्लेषक इन निर्णयों को जातिगत समीकरण, क्षेत्र और संघ से जुड़ाव के आधार पर देख रहे थे। आगामी लोकसभा चुनाव में उनकी प्रासंगिकता पर भी चर्चा हुई। लेकिन इन नेताओं के बारे में जानने से अलग ही कहानी उभरती है। क्या मोदी ने जातिगत राजनीति की है? बिल्कुल नहीं। अद्भुत अनपेक्षित मतैक्य के तत्व के साथ-साथ पुराने नेताओं की जगह नये चेहरों की मोदी की तलाश जारी है। छत्तीसगढ़ में आदिवासी नेता विष्णु देव साय का चयन पर आदिवासी क्षेत्र में भाजपा को मिले बड़े समर्थन का प्रभाव रहा। प्रधानमंत्री को आशा है कि यह समर्थन 2024 में भी बना रहेगा। अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित 29 सीटों में से 17 पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। साल 2018 में उसे केवल तीन सीटें मिली थीं। राज्य में 15 साल शासन चलाने वाले कद्दावर नेता रमन सिंह के बाद उनकी जगह लेने वाला साय के अलावा कोई और नहीं था। साय पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष, तीन बार विधायक तथा एक बार सांसद रहे हैं। राजस्थान में जाति से ब्राह्मण भजन लाल शर्मा प्रधानमंत्री की पसंद हैं। चूंकि राज्य भाजपा में बहुत गुटबाजी है, इसलिए मोदी ने स्वच्छ छवि के व्यक्ति को चुना है। उन्होंने ताकतवर गुर्जर, मीणा और जाट नेताओं, जिनके पास जीती गयीं 115 सीटों का एक तिहाई से अधिक हिस्सा है, के दावों की अनदेखी कर सोचा-समझा जोखिम उठाया। मध्य प्रदेश में तीन बार के विधायक मोहन यादव गुटबाजी से परे हैं और जब स्थानीय नेता अपने पसंदीदा उम्मीदवारों के लिए लड़ रहे थे, तब वे धैर्य के साथ खड़े थे। इसी कारण उन्हें मुख्यमंत्री बनाया गया। अगले साल के चुनाव में संख्या के लिहाज से मध्य प्रदेश में यादव और राजस्थान में ब्राह्मण कोई महत्वपूर्ण कारक नहीं हैं। इन तीन नेताओं में जो समान कारक है, वह है उनकी ठोस हिंदुत्व पृष्ठभूमि। उन्होंने अपनी राजनीतिक यात्रा संघ के जरिये शुरू की थी। उपमुख्यमंत्रियों के लिए मोदी के चयन में भी जाति महज संयोग की बात रही। छह नये खिलाड़ियों में केवल दो ब्राह्मण हैं- मध्य प्रदेश में राजेंद्र शुक्ल और छत्तीसगढ़ में विजय शर्मा। शेष चार विभिन्न समुदायों से हैं। ये चयन जाति की बाधाओं को तोड़ने या उन्हें कमजोर करने के मोदी के दर्शन के विस्तार हैं। यह प्रक्रिया महाराष्ट्र और हरियाणा से शुरू हुई थी। नागपुर के युवा ब्राह्मण देवेंद्र फड़नवीस को मराठा-बहुल महाराष्ट्र के लिए चुना गया था। हरियाणा को मनोहर लाल खट्टर के रूप में पहला पंजाबी संघ प्रचारक मुख्यमंत्री मिला। तब वे पहली बार विधायक बने थे। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ का चयन अंतिम समय में हुआ था। तब वे विधायक भी नहीं थे।

# नया निजाम

पहली बार विधायक बने भजन लाल शर्मा को राजस्थान का मुख्यमंत्री बनाकर, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उस ब्राह्मण बिरादरी को आश्वस्त करने की कोशिश की है जो हर इलाके में उसका सबसे मजबूत जनाधार है। जमीनी स्तर पर काम का अपना पहला अनुभव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में हासिल करने वाले शर्मा रातोरात सबसे बड़ी कुर्सी पर पहुंच गये हैं। यह पार्टी-कैडरों के लिए भी संकेत है कि भाजपा में कुछ भी हासिल किया जा सकता है। इस नयी सत्ता संरचना का यह भी मतलब है कि पुरानी पीढ़ी को किनारे कर दिया गया है, जिसमें राज्य की पहली महिला मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे (जो दो बार इस पद पर रहीं) भी शामिल हैं। उनके लिए आगे क्या योजना है, यह साफ नहीं है। शर्मा राजस्थान में भाजपा के दूसरे ब्राह्मण मुख्यमंत्री हैं। पार्टी ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में इस बिरादरी से दो उप-मुख्यमंत्री भी नियुक्त किये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की ओर अपना झुकाव जारी रखा है, जिसे संतुलित करने के लिए पार्टी ने अपने मुख्य सवर्ण जनाधार को दिलासा देना बुद्धिमानी समझा। उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी राजपूत हैं और प्रेमचंद बैरवा दलित समुदाय से आते हैं। ये राजस्थान में भाजपा के इंद्रधनुषी जातीय समीकरण को मजबूत करते हैं। मंत्रिमंडल में 29 जगहें भरी जानी हैं। ओबीसी समुदायों में गुज्जरों व जाटों और राजस्थान के आदिवासियों को प्रतिनिधित्व की उम्मीद होगी। शर्मा को पार्टी के पूरे कुनबे को एकजुट रखना होगा। खुद प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चुना जाना उन्हें ऐसा करने की क्षमता प्रदान करता है। भाजपा का चुनाव प्रचार मोदी की गारंटी के इर्द-गिर्द केंद्रित था। भाजपा ने मतदाताओं से बहुत-से वादे किए हैं और शर्मा पर अब उन्हें पूरे करने की जिम्मेदारी है।

## Social Media Corner

सच के हक में...



वाराणसी में उन लाभार्थियों से संवाद कर और उनके अनुभव को जानकर मन को बहुत संतोष हुआ, जिन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड और मुद्रा जैसी योजनाओं के तहत बैंकों से लोन लेकर अपना जीवन बदला है।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



तृणमूल कांग्रेस के सांसद ने आज संसदीय गरिमा के विपरित व्यवहार कर देश के उप राष्ट्रपति महोदय का उपहास किया। जब तृणमूल कांग्रेस के सांसद उप राष्ट्रपति का मजाक उड़ा रहे थे, तब शहजादे राहुल गांधी मना करने की बजाय मजे से मोबाइल में वीडियो बना रहे थे। ऐसी निम्न स्तरीय हरकत से राहुल गांधी ने एक बार फिर अपनी मानसिक अपरिपक्वता का परिचय दिया है। देश के संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करने वाले इंडिया ठगबंधन के धूर्त नेताओं की शर्मनाक करतूत को देश की जनता याद रखेगी और 2024 में जबाव भी देगी।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899 Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# जनधन योजना से अब तक 51 करोड़ लोगों को हुआ लाभ: वित्त मंत्रालय

**- योजना के कुल लाभार्थियों में से 55.5 प्रतिशत महिलाएं हैं**

**नई दिल्ली ।**

वित्त मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) ने बैंकिंग सेवाओं से वंचित नागरिकों के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और इससे अब तक लगभग 51 करोड़ लोगों को लाभ हो चुका है। पीएमजेडीवाई को 28 अगस्त, 2014 को वित्तीय समावेश के लक्ष्य के साथ शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य बैंक सुविधा से वंचित हर वयस्क को बैंक सुविधाओं और बुनियादी बैंक खातों तक पहुंच मुहैया कराना था। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा है कि इस योजना के कुल लाभार्थियों में से 55.5 प्रतिशत महिलाएं हैं। मंत्रालय के मुताबिक 22 नवंबर तक इन खातों में कुल 2.10 लाख करोड़ रुपये जमा थे। हालांकि इस योजना के तहत खोले गए कुल 4.30 करोड़ खातों में शून्य राशि ही जमा थी। इसकी वजह यह है कि जनधन खातों में कोई भी न्यूनतम राशि रखने की बाध्यता नहीं है। मंत्रालय ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दिए गए दो लाख रुपये के दुर्घटना बीमा से 41 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को फायदा पहुंचा है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना ने 18 करोड़ से अधिक लाभार्थियों और उनके परिजनों को लाभान्वित किया है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सुधार की पहल से पारदर्शी और स्मार्ट बैंकिंग के जरिये ग्राहकों की पहुंच और संतुष्टि सुनिश्चित की जा रही है। इसके मुताबिक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) की शुद्ध गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) मार्च 2023 में घटकर 1.36 लाख करोड़ रुपये (0.95 प्रतिशत) रह गई जबकि पहले यह 2.04 लाख करोड़ रुपये (1.67 प्रतिशत) थी।




# सरकार ने डीजल और कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स घटाया

**- नई टैक्स दरें मंगलवार 19 दिसंबर से लागू**

**नई दिल्ली ।**

सरकार ने देश में उत्पादित कच्चे तेल और डीजल के निर्यात पर विंडफॉल टैक्स में उल्लेखनीय कटौती की है। एक ऑफिशियल नोटिफिकेशन के अनुसार घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाने वाला कर 5,000 रुपये प्रति टन से घटाकर 1,300 रुपये कर दिया गया है। डीजल के निर्यात पर एसएईडी को 1 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 0.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। हालांकि जेट ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर लेवी पहले के शून्य से बढ़ाकर 1 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। पेट्रोल पर एसएईडी शून्य रहेगा। नई टैक्स दरें मंगलवार 19 दिसंबर से लागू हो गई है। भारत ने पहली बार पिछले साल 1 जुलाई को विंडफॉल टैक्स लगाया था और यह उन देशों की बढ़ती संख्या में शामिल हो गया है जो ऊर्जा कंपनियों के असाधारण मुनाफे पर कर लगाते हैं। पिछले दो सप्ताह में तेल की औसत कीमतों के आधार पर हर पखवाड़े कर दरों की समीक्षा की जाती है। अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल और उत्पाद की कीमतों में उतार-चढ़ाव के आधार पर बिंडफाल टैक्स में पाक्षिक संशोधन होता है। इससे पहले 1 दिसंबर को सरकार ने कच्चे पेट्रोलियम पर विंडफॉल टैक्स को 6,300 रुपये प्रतिटन से घटाकर 5,000 रुपये प्रतिटन करने की घोषणा की थी। इसके अलावा 16 नवंबर को पिछली समीक्षा के दौरान, सरकार ने कच्चे पेट्रोलियम पर विंडफॉल टैक्स को 3,500 रुपये से घटाकर 9,800 रुपये प्रति टन से 6,300 रुपये प्रति टन कर दिया था। यह वैश्विक स्तर पर तेल कीमतों में गिरावट के रुझान के अनुरूप था।

# वेदांता ने 2023 के चौथे डिविडेंड का ऐलान किया

**- निवेशकों को दिया 11 रुपये का डिविडेंड**




**नई दिल्ली ।**

अनिल अग्रवाल की कंपनी वेदांत लिमिटेड ने 2023 के चौथे डिविडेंड का ऐलान किया है। वेदांत ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए प्रति इक्विटी शेयर 1 रुपये की फेस वैल्यू पर 1100 फीसदी डिविडेंड का ऐलान किया है। कंपनी हर शेयर पर 11 रुपये का डिविडेंड देगी। स्टॉक एक्सचेंज की फाइलिंग में कंपनी ने बताया कि उसने 4,089 करोड़ रुपये के डिविडेंड के भुगतान के लिए 27 दिसंबर, 2023 की तारीख को रिकॉर्ड तिथि के लिए निर्धारित किया है। 18 दिसंबर को कंपनी के बोर्ड ऑफ डॉयरेक्टर्स की मीटिंग में दूसरे अंतरिम डिविडेंड को मंजूरी दी गई। इसके तहत कंपनी ने 1 रुपए के फेस वैल्यू पर 11 रुपए प्रति शेयर का ऐलान किया। इसका मतलब यह है कि वेदांत लिमिटेड में निवेश करने वाले शेयरहोल्डर्स जितने भी शेयर खरीदे होंगे, उन्हें वेदांत की तरफ से 11 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से डिविडेंड मिलेगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक 14 दिसंबर को कंपनी द्वारा अंतरिम डिविडेंड घोषित करने के बाद से वेदांत के शेयरों में लगभग 4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। 18 दिसंबर को बीएसई पर कंपनी के शेयर 1.34 फीसदी चढ़कर 260.60 के लेवल पर बंद हुए। वहीं एनएसई पर भी कंपनी के शेयरों में 3.80 अंकों का उछाल देखने को मिला। कंपनी के शेयर 1.48 फीसदी उछलकर 261 रुपये पर बंद हुए। गौरतलब है कि वेदांत लिमिटेड 2023 में शेयरहोल्डर्स को 3 डिविडेंड दे चुकी है। पहला डिविडेंड कंपनी ने 23 जनवरी को दिया था। कंपनी ने प्रति शेयर पर 12.50 रुपये का डिविडेंड दिया था। इसके बाद 23 मार्च को 20.50 रुपये का डिविडेंड और 18 मई को 18.50 रुपये प्रति शेयर डिविडेंड दिया गया था।

# चालू विपणन वर्ष में चीनी उत्पादन 11 फीसदी कम हुआ



**नई दिल्ली ।**

चालू विपणन वर्ष की एक अक्टूबर से 15 दिसंबर के दौरान भारत में चीनी उत्पादन सालाना आधार पर 11 फीसदी कम होकर 74.05 लाख टन रह गया। इसका मुख्य कारण महाराष्ट्र और कर्नाटक में कम उत्पादन है। एक उद्योग संगठन इस्मा ने यह जानकारी दी। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक होता। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) के अनुसार चालू विपणन वर्ष 2023-24 में 15 दिसंबर तक चीनी उत्पादन 74.05 लाख टन तक रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 82.95 लाख टन था। चालू कारखानों की संख्या सालाना आधार पर 497 ही है। इस्मा के अनुसार इस वर्ष महाराष्ट्र और कर्नाटक की चीनी मिल में पिछले वर्ष की तुलना में करीब 10-15 दिन बाद काम शुरू हुआ। उत्तर प्रदेश में चीनी उत्पादन विपणन वर्ष 2023-24 के 15 दिसंबर तक बढ़कर 22.11 लाख टन हो गया, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 20.26 लाख टन था। इस्मा के आंकड़ों के अनुसार, महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन 33.02 लाख टन से घटकर 24.45 लाख टन रह गया। कर्नाटक में उत्पादन 19.20 लाख टन से घटकर 16.95 लाख टन हो गया। इस्मा ने पिछले हफ्ते अनुमान लगाया था कि विपणन वर्ष 2023-24 में कुल चीनी उत्पादन 325 लाख टन होने की उम्मीद है। देश के पास 56 लाख टन का भंडारण है। खपत 285 लाख टन रहने का अनुमान है। घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और कीमतों पर रोकथाम करने के लिए सरकार ने चालू विपणन वर्ष में चीनी निर्यात की अनुमति नहीं दी है। विपणन वर्ष 2022-23 में भारत ने 64 लाख टन चीनी का निर्यात किया था।

# भारत की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 6.3 फीसदी की दर से बढ़ेगी: आईएमएफ

**नई दिल्ली ।**

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने सोमवार देर रात कहा कि देश भारत की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। आईएमएफ ने एक परामर्श रिपोर्ट में कहा` कि देश का डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा और एक मजबूत सरकारी बुनियादी ढांचा कार्यक्रम विकास को बनाए रखना जारी रखेगा। आईएमएफ की यह रिपोर्ट देश के वर्तमान और मध्यम अवधि के आर्थिक दृष्टिकोण की समीक्षा करती है। आईएमएफ ने कहा कि यदि व्यापक सुधार लागू किए जाते हैं, तो श्रम और मानव पूंजी के अधिक योगदान के साथ भारत में और भी अधिक विकास की संभावना है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले चालू वित्तीय वर्ष के लिए आईएमएफ का विकास अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 7 प्रतिशत पूर्वानुमान से कम है। आईएमएफ ने कहा कि महंगाई धीरे-धीरे लक्ष्य तक कम होने की उम्मीद है। हालांकि खाद्य कीमतों के झटके के कारण यह अस्थिर बनी हुई है। अस्थिर खाद्य कीमतों ने नवंबर में खुदरा महंगाई को पिछले महीने के 4.87 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.55 प्रतिशत कर दिया।




जबकि यह आरबीआई के 2 प्रतिशत-6 प्रतिशत के सहनशीलता बैंड के भीतर था, यह 4 प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बना हुआ है।

## दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल के लिए एडीबी 25 करोड़ डॉलर का कर्ज देगा

**नई दिल्ली ।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने दिल्ली और मेरठ रीजनल रैपिड रेल (आरआरटीएस) गलियारे बनाने और औद्योगिक गलियारे को विकसित करने के लिए 25-25 करोड़ डॉलर के दो कर्जों को स्वीकृति दी है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 82 किलोमीटर लंबे आरआरटीएस गलियारे को बनाने के लिए एडीबी 25 करोड़ डॉलर उपलब्ध कराने जा रहा है। एडीबी ने वर्ष 2020 में आरआरटीएस के निर्माण के लिए 104.9 करोड़ डॉलर का वित्तपोषण कई चरणों में उपलब्ध कराने पर सहमति जताई थी। पहली किस्त में 50 करोड़ डॉलर का कर्ज दिया था। वित्त मंत्रालय में संयुक्त सचिव जूही मुखर्जी ने कर्ज समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद कहा कि इस निवेश से आरआरटीएस शहरी परिवहन में सुधार ला पाएगा और इससे महिलाओं एवं दिव्यांगों को भी आर्थिक लाभ होंगे। एडीबी ने विनिर्माण को अधिक प्रतिस्पर्द्धी बनाने और राष्ट्रीय आपूर्ति श्रंखला को सशक्त करने के लिए औद्योगिक गलियारा विकास के लिए भी 25 करोड़ डॉलर के एक कर्ज को मंजूरी दी है। इस सबप्रोग्राम-2 से परिवहन, लॉजिस्टिक एवं शहरी सुविधाओं से औद्योगिक गलियारों को लैस करने में मदद मिलेगी।



## भारत का निर्यात इस वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों में 2.8 प्रतिशत घटा

**- चीन, सऊदी अरब समेत प्रमुख पांच देशों का निर्यात बढ़ा**

**नई दिल्ली ।** भारत के निर्यात में इस वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों के दौरान 2.8 प्रतिशत की गिरावट आई है लेकिन प्रमुख 10 देशों में से पांच देशों सऊदी अरब, चीन, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड को निर्यात बढ़ा है। वाणिज्य मंत्रालय के संकलित आंकड़ों के अनुसार भारत के कुल वस्तु निर्यात में इन शीर्ष 10 देशों की हिस्सेदारी 49 फीसदी से अधिक है। भारत के तीसरे सबसे बड़े निर्यात मार्केट नीदरलैंड से अप्रैल-नवंबर के दौरान निर्यात सालाना आधार पर 9.6 प्रतिशत बढ़कर 13.5 अरब डॉलर हो गया। हालांकि नवंबर तक अलग-अलग देश-वार व्यापार के आंकड़े उपलब्ध नहीं थे। पहले सात महीने के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार निर्यात की वृद्धि को गति मुख्य तौर पर पेट्रोलियम उत्पादों सहित मशीनरी से मिली है भारत के चौथे सबसे बड़े निर्यात साझेदार चीन से सालाना आधार पर करीब 4 प्रतिशत बढ़कर 10.3 अरब डॉलर हो गया जबकि इस पड़ोसी देश को अप्रैल-जुलाई के दौरान निर्यात में गिरावट आई थी। हालांकि यह रुझान ऑस्ट्रेलिया के मामले में अगस्त के बाद पूरी तरह पलट गया। ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के मामले में सकारात्मक वृद्धि क्रमश- 14.6 प्रतिशत और 13.9 प्रतिशत हुई। इन देशों को निर्यात में वृद्धि पेट्रोलियम, वस्त्र, खाद्य उत्पादों की मशीनरी सहित अन्य वस्तुओं के कारण हुआ। सऊदी अरब को अप्रैल से नवंबर के दौरान निर्यात 2.2 प्रतिशत बढ़कर 7.1 अरब डॉलर हो गया। दूसरी तरफ, शेष पांच देशों को निर्यात गिर गया। इस क्रम में अमेरिका (-5.2 प्रतिशत), यूएई (-0.1 प्रतिशत), सिंगापुर (-1.87 प्रतिशत), बांग्लादेश (-14.1 प्रतिशत) और जर्मनी (-6.3 प्रतिशत) को निर्यात घटा था। इससे देश के कुल निर्यात में गिरावट आई। भारत का वस्तु निर्यात नवंबर में गिरकर नकारात्मक दायरे में आ गया था जबकि इससे पिछले महीने अक्टूबर में 11 महीनों के दौरान सबसे तेज गति से बढ़ा था। इससे वैश्विक मांग और असामान्य आर्थिक सुधार का संकेत मिलता है।

## जेडईईएल विलय अनुरोध की तारीख बढ़ाने सहमत नहीं: सोनी

**नई दिल्ली ।** सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने कहा कि वह अभी तक जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जेडईईएल) के विलय के अनुरोध की समय सीमा बढ़ाने पर सहमत नहीं हुआ है। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) ने कहा कि वह जेडईईएल की अन्य महत्वपूर्ण समापन शर्तों को पूरा करने की योजना जानने को इच्छुक हैं। बयान में कहा गया कि जी के 17 दिसंबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया को भेजे नोटिस में विलय की समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया गया। विलय की समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध इस बात को दर्शाता है कि वे एसपीएनआई, जी का विलय 21 दिसंबर 2023 की समय सीमा तक पूरा नहीं कर पाएंगे। कंपनी ने कहा कि एसपीएनआई को सभी मुद्दों पर अभी चर्चा करनी है और वह समय सीमा बढ़ाने के लिए अभी सहमत नहीं हुआ है। बयान के अनुसार हम जी के प्रस्ताव और वे अन्य महत्वपूर्ण समापन शर्तों को कैसे पूरा करेंगे यह जानने को इच्छुक है। जीईईएल से ताजा घटनाक्रम पर कोई तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है।




# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 122 अंक , निफ्टी 34.45 अंक बढ़कर बंद**

**मुम्बई ।**

मुम्बई शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आया है। इसके साथ ही वैश्विक स्तर पर रिलायंस इंडस्ट्रीज में हुई खरीददारी से भी बाजार को बल मिला। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 122.10 अंक करीब 0.17 फीसदी ऊपर आकर 71,437.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान ये 308.62 अंक उछलकर अपने शीर्ष स्तर 71,623.71 अंक पर पहुंच गया था। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी कारोबार के दौरान 86.4 अंक तकरीबन 0.40 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड 21,505.05 अंक तक आया। अंत में यह 34.45 अंक तकरीबन 0.16 फीसदी बढ़कर 21,453.10 अंक पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल नेस्ले, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड और बजाज फाइनेंस के शेयर ऊपर आये हैं।

दूसरी ओर विप्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व और मारुति के शेयर गिरे हैं। एशियाई बाजारों की बात करें तो दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त में जबकि हांगकांग का हैंगसेंग गिरा है। इसके अलावा यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में बढ़त रही। अमेरिकी बाजारों में सोमवार को बढ़त का माहौल देख गया। वैश्विक स्तर पर तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.30 फीसदी टूटकी 77.72 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने लगातार लिवाली के बाद गत दिवस 33.51 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।




इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतों की वजह से बाजार मामूली बढ़त के साथ खुले और इसके बाद इक्विटी बेंचमार्क सूचकांकों ने जल्द ही बढ़त खो दी और अनिश्चित पूर्वाग्रह के साथ कारोबार करते देखा गया। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 71,569 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, लेकिन जल्द ही 71,304 के निचले स्तर तक फिसल गया।

## जापान के केंद्रीय बैंक ने अपनी नकारात्मक ब्याज दर नहीं बदली

**- बैंक ने कहा, ब्याज दर बढ़ाने से पहले कीमत तथा वेतन रुझानों पर नजर रखेगा**

**बैंकॉक ।** इ बैंक ऑफ जापान (बीओजे) ने अपनी ऋण नीति में मंगलवार को कोई बदलाव नहीं किया और कहा कि वह अपनी नकारात्मक ब्याज दर बढ़ाने से पहले कीमत तथा वेतन रुझानों पर नजर रखेगा। हालांकि निवेशकों और विश्लेषकों का मानना है कि केंद्रीय बैंक मूल्य वृद्धि के कारण बदलाव की ओर कदम बढ़ा रहा है, जिससे मुद्रास्फीति अपने दो प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बनी है। बीओजे के मंगलवार के फैसले के बाद जापानी येन के मुकाबले अमेरिकी डॉलर में तेजी आई और शेयरों की कीमतें बढ़ गईं। नकारात्मक 0.1 प्रतिशत की नीतिगत दर का उद्देश्य बैंकों को अधिक ऋण देने और व्यवसायों तथा उपभोक्ताओं को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए अधिक उधार लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। जापान में मुद्रास्फीति बढ़ी है लेकिन अमेरिका की तुलना में बहुत धीमी गति से, साथ ही अमेरिकी डॉलर, जापानी येन के मुकाबले चढ़ा है। इससे येन की क्रय शक्ति कम हो गई है, जिससे ऊर्जा तथा अन्य वस्तुओं की लागत बढ़ गई है। अमेरिकी डॉलर के जापानी येन के मुकाबले चढ़ने की वजह मुद्रास्फीति का मुकाबला करने के लिए दरें बढ़ाना है। बीओजे के गवर्नर काजुओ उएदा दरें बढ़ाने को लेकर सतर्क हैं। उनका कहना है कि वेतन वृद्धि बढ़ती कीमतों से पीछे रह गई है और मुद्रास्फीति का तय लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि आवास निवेश कमजोर बना हुआ है और सरकारी खर्च सपाट है। बीओजे ने कहा` कि देश और विदेश में अर्थव्यवस्थाओं तथा वित्तीय बाजारों को लेकर अत्यधिक अनिश्चितताओं के बावजूद बैंक धैर्यपूर्वक मौद्रिक सहजता जारी रखेगा। केंद्रीय बैंक अपनी रणनीति की समीक्षा कर रहा है, लेकिन मात्रात्मक सहजता के अपने मौजूदा रुख को छोड़ने की जल्दबाजी नहीं करेगा।

# भारत का 2023 में आवक प्रेषण 12.3 प्रतिशत बढ़कर 125 बिलियन डॉलर रहा

**मुंबई ।**

विश्व बैंक द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, 2023 में भारत में आवक प्रेषण 12.3 प्रतिशत बढ़कर 125 बिलियन डॉलर हो गया, जो 2022 में 111.22 बिलियन डॉलर था। भारत का आवक प्रेषण अब देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.4 प्रतिशत है। विश्व बैंक की माइग्रेशन एंड डेवलपमेंट ब्रीफ में कहा गया है कि भारत विश्व स्तर पर प्रेषण का सबसे अधिक प्राप्तकर्ता बना हुआ है, इसके बाद मैक्सिको (67 बिलियन डॉलर) और चीन (50 बिलियन डॉलर) हैं। वर्तमान में दक्षिण एशिया में भेजने वाले कुल प्रेषण में भारत की हिस्सेदारी 66 प्रतिशत है, जो 2022 में 63 प्रतिशत से अधिक है। आंकड़ों के अनुसार, प्रेषण की वृद्धि दर लैटिन अमेरिका और कैरेबियन (8 प्रतिशत) में सबसे अधिक है, इसके बाद दक्षिण एशिया (7.2 प्रतिशत) और पूर्वी एशिया और प्रशांत (3 प्रतिशत) का स्थान है। भारत में बढ़ते प्रेषण के पीछे मुख्य वजह मुद्रास्फीति में गिरावट और उच्च आय वाले देशों में मजबूत श्रम बाजार हैं, जिसने अमेरिका, ब्रिटेन और सिंगापुर में कुशल भारतीयों से प्रेषण को बढ़ावा दिया। भारत में कुल प्रेषण प्रवाह में इन तीन देशों का हिस्सा 36 प्रतिशत है। खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) से उच्च प्रवाह ने भी वृद्धि में योगदान दिया, विशेष रूप से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से, जो भारत के कुल प्रेषण का 18 प्रतिशत हिस्सा है, जो अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा है। रिपोर्ट में कहा गया है, भारत में प्रेषण प्रवाह को सीमा पार लेनदेन के लिए स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने और भुगतान और मैसेजिंग सिस्टम को इंटरलिंक करने के लिए सहयोग के लिए एक रूपरेखा स्थापित करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के साथ फरवरी 2023 के समझौते से विशेष रूप से लाभ हुआ। सीमा पार लेनदेन में दिरहम और रुपये का उपयोग औपचारिक चैनलों के माध्यम से अधिक प्रेषण को प्रसारित करने में सहायक होगा। एक अन्य महत्वपूर्ण कारक दक्षिण एशिया में कम प्रेषण लागत है। 4.3 प्रतिशत पर, दक्षिण एशिया में 200 डॉलर भेजने की लागत 2023 की दूसरी तिमाही में वैश्विक औसत 6.2 प्रतिशत से 30 प्रतिशत कम है। वास्तव में, मलेशिया से भारत तक प्रेषण लागत दुनिया में सबसे सस्ता 1.9 प्रतिशत है।

## बीईई का आठ साल पुराने एसी बदलने का सुझाव

**नई दिल्ली ।** बिजली मंत्रालय के अंतर्गते आने वाले ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) ने आठ साल से अधिक पुराने एयर कंडीशनर को आधुनिक ऊर्जा कुशल उपकरण से बदलने का सुझाव दिया है। इस पहल का उददेश्य 2030-31 तक कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक बीईई के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने एक कार्यशाला के दौरान किफायती एसी और घरों को ठंडा रखने वाले अन्य उपकरणों (एएचईएडी) के उत्पादन को बढ़ाने पर जोर दिया। इस कार्यशाला का आयोजन विश्व बैंक के साथ मिलकर उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने किया था। उन्होंने आठ साल से अधिक पुराने एयर कंडीशनरों को आधुनिक और कम बिजली खपत करने वाले (पांच सितारा) एसी से बदलने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इससे 2030-31 तक कार्बन उत्सर्जन में पर्याप्त कमी लाई जा सकेगी।



## खासी मांग है देश के साथ-साथ विदेशों में भी

# मेडीकल लैब टैक्नीशियन की



"मेडीकल लैब टैक्नीशियन, डाक्टरों के निर्देश पर काम करते हैं। उपकरणों के रख-रखाव और कई तरह के काम इनके जिम्मे होता है। लैबेरेटरी में नमूनों की जांच और विश्लेषण में काम आने वाला घोल भी लैब टैक्नीशियन ही बनाते हैं। इन्हें मेडीकल साइंस के साथ-साथ लैब सुरक्षा नियमों और जरूरतों के बारे में पूरा ज्ञान होता है। लैब टैक्नीशियन नमूनों की जांच का काम करते हैं, लेकिन वे इसके परिणामों के विश्लेषण के लिए प्रशिक्षित नहीं होते।"



नमूनों के परिणामों का विश्लेषण पैथोलॉजिस्ट या लैब टैक्नोलॉजिस्ट ही कर सकता है। जांच के दौरान एम.एल.टी. कुछ सैम्पलों को आगे की जांच या फिर जरूरत के अनुसार उन्हें सुरक्षित भी रख लेता है। एम.एल.टी. का काम बहुत ही जिम्मेदारी और चुनौती भरा होता है। इसमें धैर्य और निपुणता की बड़ी आवश्यकता होती है। जमा किए गए डाटा की सुरक्षा और गोपनीयता की भी जिम्मेदारी उसकी होती है।

मेडीकल लैब टैक्नोलॉजिस्ट में सर्टीफिकेट डिप्लोमा, डिग्री एवं मास्टर्स के दौरान बेसिक फिजियोलॉजी, बेसिक बायोकैमिस्ट्री एंड ब्लड बैंकिंग, एनाटोमी एंड फिजियोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, पैथोलॉजी, एनवायरनमैंट एंड बायोमैडीकल वेस्ट मैनेजमैंट, मैडीकल लैबोरेटरी टैक्नोलॉजी एवं अस्पताल प्रशिक्षण दिया जाता है।

सर्टीफिकेट इन मैडीकल लैब टैक्नोलॉजी (सी.एम.एल.टी.) छह महीने का कोर्स है जिसके लिए योग्यता है 10वीं पास। वहीं डिप्लोमा इन मैडीकल लैब



टैक्नोलॉजी के लिए 12वीं पास होना जरूरी है। इस कोर्स की अवधि है एक वर्ष। 12वीं प्रमुख विषय के रूप में फिजिक्स, कैमिस्ट्री और बायोलॉजी (पी.सी.बी.) तथा फिजिक्स, कैमिस्ट्री या मैथ्स (पी.सी.एम.) के साथ पास होना अनिवार्य है। बी.एससी. इन एम.एल.टी. के लिए 12वीं विज्ञान विषयों के साथ उत्तीर्ण होना जरूरी है। जिसकी अवधि है 3 वर्ष। एम.एस.सी. इन मैडीकल लैबोरेटरी टैक्नोलॉजिस्ट (एम.एल.टी.) प्रोग्राम में प्रवेश करने के लिए अभ्यर्थी के पास पहले हाई स्कूल डिप्लोमा होना चाहिए, इसके बाद 2 साल का एसोसिएट प्रोग्राम करना होता है। यह प्रोग्राम कम्युनिटी कालेज, टैक्नीकल, स्कूल, वोकेशनल स्कूल या विश्वविद्यालय द्वारा कराया जाता है।

मैडीकल लैबोरेटरी तकनीशियनों को काम में निपुणता और जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण की जरूरत पड़ती है।

छात्र इस तरह क प्रशिक्षण लैबोरेटरी कार्यों के दौरान ही साथ ही साथ प्राप्त कर सकते हैं। अधिकतर प्रांतों में मैडीकल लैबोरेटरी तकनीशियनों के लिए कोई प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं होती, लेकिन कुछ राज्यों में इन तकनीशियनों के पास काम करने के लिए प्रमाण पत्र होना जरूरी है।

प्रमाण पत्र वाले तकनीशियनों के लिए इस क्षेत्र में बेहतर संभावनाएं होती हैं। आप किसी भी मैडीकल लैबोरेटरी हॉस्पिटल, पैथोलॉजिस्ट के साथ काम कर सकते हैं। ब्लड बैंक में इनकी खासी मांग रहती है। आप बतौर रिसर्चर व कंसल्टैंट के अलावा खुद का क्लीनिक खोल सकते हैं।



सामान्य तौर पर एक एम.एल.टी. का वेतन 10 हजार से शुरू होता है जबकि पैथोलॉजिस्ट को तीस हजार रुपए से चालीस हजार रुपए तक सैलरी मिल जाती है। साथ ही योग्यता और तजुर्बे के आधार पर उनके वेतन में इजाफा होता चला जाता है। देश के साथ-साथ विदेशों में भी इनकी खासी मांग है।



## आधे से ज्यादा लोग अपनी जॉब से रहते हैं नाखुश!



क्या आप जानते हैं कि आधे से ज्यादा लोग अपनी नौकरी से नाखुश रहते हैं और आधे से ज्यादा लोग इस बात को महसूस करते हैं कि वह जिस जॉब को कर रहे हैं, उसमें उनका कोई भविष्य नहीं है या उन्होंने अपनी जिंदगी में गलत करियर चुन लिया।

यह बात ब्रिटेन स्टडी में सामने आई है। स्टडी में कहा गया है कि ब्रिटेन में काम करने वाले लोग अपनी जॉब से परेशान हैं और वह मानते हैं कि वह अपने भविष्य को सही जगह नहीं ले गए। इसके साथ ही एक चौथाई लोग अपने आपको गरीब कर्मचारी मानते हैं। वह लोग ऐसा इसिलए समझते हैं, क्योंकि वह अपनी जॉब से खुश नहीं होते।

स्टडी के मुताबिक 7 में से 1 कर्मचारी ऐसा भी होता है, जो अपनी जॉब से परेशान होकर उसकी आदर नहीं करते और वह जॉब पर ध्यान नहीं देता। इसके साथ-साथ 49 फीसदी ब्रिटेन के कर्मचारी ऐसे भी हैं, जो जॉब करने के साथ साथ किसी और फिल्ड में भी अपना कैरियर तलाश करते हैं।

## प्रतिद्वंद्वी को अपना अच्छा दोस्त बनाएं



### जब दोस्त ईर्ष्या करने लगे

कई बार ऑफिस में प्रमोशन मिलने से आपकी बैस्ट फ्रैंड को भी आपसे ईर्ष्या हो जाती है। ऐसे में अपनी ही दोस्त के बिहेवियर में जलन का भाव देख कर किसी को भी टैंशन होना लाजिमी है, उसे बताएं कि बहुत सी चीजें वक्त के साथ ही संभव हो पाती हैं, कल उसे भी तो प्रमोशन मिल सकता है, बस मेहनत करते रहो। इस प्रकार दो दोस्तों के दिलों में पडऩे वाली दीवार को समय रहते मिटाया जा सकता है।

### शिकायत करने वालों से बचें

ऐसे दोस्तों की भी कमी नहीं जिसे हमेशा आपसे कोई न कोई शिकायत रहती हो। हर बार कमी गिनाने वाले लोग पॉजीटिव सोच वाले नहीं हो सकते। अत- जरूरी है कि उसकी अधिकांश शिकायतों को उसकी आदत जान कर नजरअंदाज करना आरंभ करें। जब भी वह आपसे शिकायत करने लगे तो बात का टॉपिक ही बदल दें, यदि फिर भी वह न समझे, तो उसे साफ.-साफ कह दें कि हर समय अपनी कमी सुनना अपको पसंद नहीं और वह भी अपने नैगेटिव थॉट्स छोड़ कर पॉजीटिव बातों की तरफ ध्यान दे।

### हमेशा सलाह देने वालों से बचें

कुछ लोगों की आदत होती है कि अपने फ्रैंड्स को परेशान देख कर बिना उसकी परेशानी का सबब जाने ही उसे सलाह देने बैठ जाएंगे, बिना यह जाने कि उसे इसकी जरूरत है भी या नहीं। ऐसे दोस्तों को लगता है कि आप में किसी प्रकार का फैसला लेने की क्षमता नहीं है और आपकी भलाई हमेशा उन्हें ऐसा करने को प्रेरित करती रहती है।

अब भले ही आपको यह सब बुरा लगे, पर इतनी सी बात पर दोस्ती कोई नहीं तोड़ता। अब की बार जब वह आपको बिन मांगे सलाह देने लगे तो बड़े प्यार से उसे यह समझाएं कि आप उसकी सलाह एवं राय का आदर करती हैं पर आप भी दूसरों की तरह अपनी ही गलतियों से सीखना चाहती हैं। यदि आपको उसकी सलाह की आवश्यकता होगी तो आप स्वयं उससे सलाह मांग लेंगी, तब तक उन्हें खुद ही इसका हल ढूंढने दिया जाए।

### खुद करें पहल

दोस्ती एक ऐसा फेवीकोल है जो बिखरते रिश्तों को मजबूती से जोडऩे का काम करता है। यदि आप किसी दूसरे से बेहतर बनना चाहती हैं, तो उसकी दोस्त बन जाएं, फिर आपको उससे प्रतिस्पर्धा करने में तनाव भी नहीं होगा और आपको एक नया दोस्त भी मिल जाएगा, जिससे आप प्रतिदिन कुछ नया सीखेंगी। नए रिश्ते बनाने में पहल किसी को तो करनी ही होती है, तो क्यों न आप ही शुरूआत करें क्योंकि प्रतिद्वंद्वी को ही अपना अच्छा दोस्त बनाने से बेहतर और क्या हो सकता है।

### बीती बातों को भुलाना बेहतर

कभी किसी दोस्त के लिए गुस्से में अपशब्द निकल गए हों तो उसे भुला कर उससे माफी मांग लें, क्योंकि बीती बातों को दोहराने का कोई लाभ नहीं। माफी मांग लेने से आप एक अच्छे दोस्त को खोने से बच जाएंगी और साथ ही उसकी नजरों में आपका स्थान और ऊंचा हो जाएगा।

# अनुवादक

## कॅरियर का बेहतरीन विकल्प



आज दुनिया भर के कई देशों में डिस्कवरी सबसे लोकप्रिय चैनल है। यह चैनल दुनिया के कई देशों में उनकी भाषा में प्रसारण करता है। ऐसा संभव होता है अनुवाद के कारण। अनुवाद एक ऐसा माध्यम है जिसने ग्लोबल दुनिया को एक-दूसरे से जुडऩे में अहम भूमिका निभाई है। दुनिया की कई भाषाओं में अच्छे अनुवादकों की आज भारी मांग है। अच्छे अनुवादकों को अच्छा काम और अच्छा पैसा मिलने की चिंता नहीं करनी पड़ती है। अच्छे अनुवादक की योग्यता- यह ध्यान रखने की बात है कि अनुवाद मूल लेखन से भी मुश्किल है। सबसे पहले आपको अपनी मातृभाषा के अलावा दूसरी भाषा की जानकारी हो। इसके लिए महज फर्राटे से स्पैनिश और फ्रेंच बोलने से काम नहीं चल जाता। अनुवादक का मकसद एक से दूसरे भाषा क्षेत्र में जाना होता है। इसलिए इसके लिए धैर्य, स्थिरता और समय की जरूरत होती है। अनुवाद शुरू करने से लेकर खत्म करने तक में अनुवादक को कई तरह के प्रयोग करने होते हैं। शब्दों के विकल्पों में से सटीक शब्द चुनना होता है। मूल लेखन और टारगेट रीडर के बीच की दूरी खत्म करनी होती है। यह दूरी जितनी ज्यादा कम हो जाए, अनुवाद उतना सफल होता है। अवसर- शिक्षा और मीडिया से जुड़े लोगों के बीच अनुवाद के काम की बहुत मांग है। विभिन्न दूतावासों में भी अच्छे अनुवादकों की दरकार होती है। फिल्मों और धारावाहिकों में डबिंग के लिए भी अनुवादक की जरूरत होती है। एक प्रोफेशनल अनुवादक के लिए रोजगार के कई अवसर हैं। आज देश में लगभग पांच करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्हें तीन भाषाओं का ज्ञान है। आने वाले समय में यह संख्या बढ़ेगी जिसके कारण रोजगार की संख्या बढ़ेगी। जिन लोगों को दो या तीन भाषाओं की अच्छी जानकारी होती है, वे अनुवादक के रूप में अच्छा करिअर बना सकते हैं। अनुवाद का मानव सभ्यता और संस्कृति के विकास में बहुत बड़ा योगदान है। अनुवाद दरअसल एक सेतु है, जो दो भाषाओं, दो संस्कृतियों और दो सभ्यताओं को आपस में जोड़ता है। भूमंडलीकरण के इस दौर में अनुवादकों की माँग बहुत ज्यादा बढ़ रही है। अनुवाद करने वालों के लिए प्रकाशन गृह में हमेशा स्थान होता है। इसके अलावा फिल्मी दुनिया में भी विदेशी फिल्मों के सबटाइटल' बनाने और

भाषा संप्रेषण का माध्यम है लेकिन यदि भाषा पर अधिकार हो तो करिअर बनाने की डगर बहुत आसान हो जाती है। वैसे तो आप किसी भी क्षेत्र में अपना करिअर बनाएँ, दो या दो से अधिक भाषाओं पर अच्छी पकड़ आपको हर क्षेत्र में खास तवज्जो दिलाएगी। दो भाषाओं पर अच्छा अधिकार अपने आप में एक विशेषता है।

किसी अन्य भाषा में फिल्म की डबिंग करने के लिए अनुवादकों की आवश्यकता होती है। अखबार और पत्रिकाओं में भी अनुवाद का बहुत काम होता है, इसलिए प्रिंट मीडिया में भी अनुवादकों के लिए अवसर मौजूद होते हैं। निजी क्षेत्र के अलावा शासकीय क्षेत्र में भी अनुवादकों के लिए रोजगार के कई अवसर उपलब्ध होते हैं। शासकीय दूतावासों में अनुवादक की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। दूतावास में काम करने वाले अनुवादकों को विदेश जाने के अवसर एवं प्रतिष्ठापूर्ण ओहदा मिलता है। कई लोग अनुवाद को केवल हिंदी और अंग्रेजी के साथ जोड़कर ही देखते हैं। जबकि ऐसा नहीं है, अनुवाद के संदर्भ में हिंदी और अंग्रेजी का क्षेत्र बहुत विस्तृत है, लेकिन अन्य भाषाओं में भी अनुवाद के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। यदि हम अपने देश के बारे में बात करें तो हिंदी के अलावा गुजराती, मराठी, कन्नड, तमिल जैसी भाषाओं में भी अनुवादकों के लिए बहुत से अवसर उपलब्ध हैं। यदि अनुवादक के रूप में नौकरी न करना चाहें तो फीलांस अनुवादक के रूप में काम किया जा सकता है। फीलांस अनुवादकों के लिए भी अवसरों की कमी नहीं है। फीलांस अनुवादकों के लिए इंटरनेट बहुत बड़ा अवसरदाता है। कई वेबसाइट अनुवादकों को अवसर मुहैया करवा रही है। इन साइटों पर अनुवादक अपना पंजीयन करवाते हैं।

## बीजेपी के टिकट पर 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ेंगी कंगना रनौत

मंडी । बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत 2024 में लोकसभा का चुनाव लड़ने जा रही हैं। वह बीजेपी के टिकिट पर चुनाव लड़ेंगी। हालांकि कंगना को लेकर लगातार चुनाव लड़ने की चर्चाएं चल रही हैं। वहीं, अब उनके पिता ने यह घोषणा करके इन चर्चाओं को विराम लगा दिया है। कंगना के पिता ने उनके लोकसभा चुनाव लड़ने की बात स्वीकार की है। हालांकि, पिता ने कहा कि भाजपा तय करेगी कि बेटी कंगना को कहां से चुनाव लड़वाना है। अभिनेत्री कंगना रनौत के पिता अमरदीप ने एक बयान में कहा कि कंगना भाजपा के टिकट पर ही चुनाव लड़ेंगी, लेकिन वह कहां से चुनाव लड़ेंगी, इस बात को पार्टी नेतृत्व ने ही तय करना है। बड़ी बात यह है कि कंगना ने दो दिन पहले ही कुल्लू में अपने घर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की थी। मुलाकात के बाद से उनके चुनाव लड़ने की चर्चाओं को और बल मिला था। लेकिन अब पिता ने यह कहकर स्पष्ट कर दिया है कि कंगना चुनाव लड़ेंगी। बीते सप्ताह हिमाचल के बिलासपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तरफ से सोशल मीट कार्यक्रम करवाया गया था। इसमें भी कंगना पहुंची थी और कहा था कि आरएसएस की विचारधारा, उनकी विचारधारा से मेल खाती है। यहां गौरतलब है कि कंगना के मंडी लोकसभा सीट या फिर चंडीगढ़ से चुनाव लड़ने की भी चर्चाएं हैं। फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत मूलत: मंडी जिला के सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के भांबला गांव की रहने वाली हैं। उन्होंने मनाली में भी अपना एक घर बना रखा है। उनका बाकी परिवार अब मनाली में ही रहता है। बताया जा रहा है कि कुछ माह पहले ही कंगना रनौत ने गुजरात के द्वारका में मीडिया से बातचीत में यह स्पष्ट किया था कि अगर भगवान की कृपा रही तो वह जरूर चुनाव लड़ेंगी। इसके बाद तभी से कंगना के चुनाव लड़ने को लेकर खबरों का बाजार गर्म हो गया था।



## योगी के नाम पर ठगी, योगी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया बनाकर दिया झांसा

गोरखपुर । यूपी के गोरखपुर में योगी के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। यहां पर पुलिस के हत्थे दो ऐसे जालसाज चढ़े हैं जो फर्जी पते पर, फर्जी संस्था बनाकर लोगों को ठगते थे। इन्होंने आम लोगों के साथ-साथ कई स्थानीय बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं को अपना निशाना बनाया है। ये कभी संस्था में पद दिलाने के नाम पर ठगी करते तो कभी सीएम से मिलवाने के नाम पर लोगों को गुमराह कर रहे थे। लोगों को झांसे में लेने के लिए इन्होंने अपने नाम में योगी टाइटल भी जोड़ रखा था। ठगों ने एक कंपनी बनाई, जिसका नाम भी योगी कॉर्पोरेशन ग्रुप ऑफ इंडिया रख रखा था। इतना ही नहीं कंपनी का पता इन्होंने गोरखनाथ मंदिर दर्शाया था। इसी मंदिर के सामने ये सेल्फी क्लिक कर सोशल मीडिया पर डालते और लोगों को झांसे में लेते रहे। गोरखपुर पुलिस ने जानकारी दी कि योगी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया नामक संस्था बनाकर लोगों को बीजेपी संगठन में पद दिलाने का वादा करने वाले दो घोटालेबाजों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने अपने नाम के साथ योगी और पते के रूप में गोरखनाथ मंदिर का उल्लेख किया है। इस ठगी के मामले में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि गाजियाबाद निवासी हर्ष चौहान उर्फ योगी हर्षनाथ और महाराजगंज निवासी योगी केदारनाथ उर्फ केदारनाथ अग्रहरि को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। साथ ही उनका बैंक खाता भी सीज कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि घोटालेबाजों ने 13 दिसंबर को योगी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के नाम से एक एमएसएमई बनाई और अपने दावे को सच साबित करने पता गोरखनाथ मंदिर का दे दिया। इतना ही नहीं दोनों घोटालेबाजों ने अपने नाम के आगे योगी टाइटल भी जोड़ लिया था। पकड़े गए दोनों जालसाज पूरे देश में 1100 रुपये प्रति वर्ष पर सदस्यों का फर्जी नामांकन कर रहे थे। फर्जी आइकार्ड के उनसे पैसे ले लेते थे। कुछ ही दिनों में दोनों ने मोटी रकम जमा कर ली। हालांकि, अब उनका बैंक खाता जब्त कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, पुलिस को दोनों जालसाजों के पास से 87 फर्जी नियुक्ति पत्र, 83 नकली लेटरहेड, आठ आवेदन पत्र, सीएम के जनता दर्शन में शामिल होने के अनुरोध वाले पत्र, दो मोबाइल फोन और फर्जी आईडी कार्ड बरामद हुए हैं। आम लोगों की समस्याओं से संबंधित कुछ पत्र भी बरामद किये गए हैं। इन ठगों की शिकायत कानपुर बीजेपी की मंडल मंत्री रंजना सिंह ने पुलिस से की थी, इसके बाद उन पर यह कार्रवाई की गई है।

## भारी बारिश ने दक्षिण तमिलनाडु में मचाई आफत, बचाव में जुटी इंडियन आर्मी

चेन्नई । दक्षिण तमिलनाडु में इन दिनों भारी बारिश ने आफत मचाई हुई है। इससे पहले चेन्नई और आसपास के जिलों में चक्रवात मिचौंग कहर ढाया था। इसके बाद, चक्रवाती हवाओं के कारण भारी बारिश होने लगी। इसका सामना करने के लिए चार दक्षिणी जिलों, विशेष रूप से तिरुनेलवेली और तूतीकोरिन तैयार है। यहां पर सोमवार को तीनों सशस्त्र बल फंसे हुए लोगों को बचाने में जुट गए हैं। तमिलनाडु सरकार भी लगातार इने साथ राहत कार्यों में सहयोग कर रही है। यहां पर दो जिलों में भारी बारिश ने तबाही मचाई थी। जानकारी के मुता?बिक तिरुनेलवेली जिले में बारिश से संबंधित घटनाओं में तीन की मौत हो गई। राज्य सरकार ने बारिश को अभूतपूर्व करार दिया और तिरुनेलवेली में राहत सामग्री पहुंचाने के लिए सुलूर हवाई अड्डे से भारतीय वायुसेना के हेलिकॉप्टरों को लगाया। तूतीकोरिन के कयालपट्टिनम में सोमवार सुबह 8.30 बजे समाप्त हुई 24 घंटे की अवधि में ऐतिहासिक 95 सेमी बारिश दर्ज की गई, जबकि तूतीकोरिन के कई शहरों में 60 सेमी से अधिक बारिश दर्ज की गई। यहां पर ज्यादातर नदियां और नाले उफान पर हैं। दरअसल जलग्रहण क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश के कारण पापनासम, मणिमुथर, पेचिपराई और पे रुंचनिम सहित क्षेत्र के प्रमुख जलाशय लबालब हो गए हैं। इस क्षेत्र के 37 वर्षा निगरानी स्टेशनों ने अत्यधिक भारी वर्षा दर्ज की थी। बाद में शाम को केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से तिरुनेलवेली, तूतीकोरिन सहित चार जिलों में अभूतपूर्व बारिश के कारण कटे हुए लोगों को बचाने के लिए नावों और हेलीकॉप्टरों सहित अतिरिक्त एनडीआरएफ सहायता प्रदान करने को कहा है। आईएमडी ने अनुमान लगाया है कि यहां कन्याकुमारी, तूतीकोरिन, तिरुनेलवेली और तेनकासी में एक या दो स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है।

## धर्म परिवर्तन मामला : सुप्रीम कोर्ट ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों को गिरफ्तारी से प्रदान की सुरक्षा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कथित जबरन धर्म परिवर्तन के एक मामले में सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (इलाहाबाद) के कुलपति और पांच अन्य अधिकारियों को गिरफ्तारी से सुरक्षा दे दी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और केवी विश्वनाथन की अवकाश पीठ ने 12 जनवरी या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, रोक लगा दी, पिछले हफ्ते इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश में राजेंद्र बिहारी लाल और अन्य को 20 दिसंबर तक आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया था। छह लोगों ने उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया, जिसमें विश्वविद्यालय के एक पूर्व कर्मचारी ने उनके खिलाफ 4 नवंबर को उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में ईसाई धर्म अपनाने के लिए राजी करने के लिए नौकरी की पेशकश और अन्य प्रलोभन का आरोप लगाते हुए दायर मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया था। शिकायतकर्ता ने सामूहिक बलात्कार का भी आरोप लगाया है और एक अन्य महिला पर उसे फंसाने और नियमित रूप से चर्च में ले जाने का आरोप लगाया है।

## सीएम शिंदे ने किसानों को दिये राहत राशि के चेंक

नागपुर। बेमौसम बारिश से हुए नुकसान से किसानों को सहायता वितरण की शुरुआत मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा की गई। ये बेमौसम बारिश नवंबर में हुई थी। इस बारिश से फसल को हुए नुकसान से राहत मिल सके, इसलिए प्रभावित किसानों को मंगलवार को प्रतिनिधिक स्वरूप में चेक दिए गए। विधान भवन के मंत्रिमंडल सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजित पवार, उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल, मदद व पुनर्वास मंत्री अनिल पाटिल, राजस्व मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल, वन मंत्री सुधीर मुनगंटीवार, राज्य उत्पादन शुल्क मंत्री शंभूराज देसाई, ग्रामीण विकास मंत्री गिरीश महाजन, लोक निर्माण मंत्री दादाजी भुसे, मुख्य सचिव मनोज सौनिक सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# राहुल, खरगे और प्रियंका की भी यूपी से लड़ने की योजना?

### – सपा से गठबंधन होने पर कांग्रेस को कितनी सीटें मिलेंगी, यह बड़ा सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विपक्ष के इंडिया गठबंधन की बैठक से पहले ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ने बंगाल में कांग्रेस को महज 2 सीटें देने के संकेत दिए हैं। वहीं सपा भी कई बार यह दोहरा चुकी है कि जिसकी जहां ज्यादा ताकत है, उसे वहां अधिक मौके मिलने चाहिए। ऐसे में यूपी में सपा से गठबंधन होने पर कांग्रेस को कितनी लोकसभा सीटें चुनाव लड़ने के लिए मिलेंगी, यह बड़ा सवाल है। हाल ही में ऐसे ही तमाम सवालों को लेकर यूपी कांग्रेस के नेताओं की राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से दिल्ली में बैठक हुई। इस बैठक में यूपी कांग्रेस के ज्यादातर नेताओं और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की सलाह थी कि सपा से ही गठबंधन किया जाए। कुछ नेताओं ने तो बसपा का साथ लेने की भी बात कही, लेकिन मायावती के एकला चलो वाले रुख को देखते हुए उस पर चर्चा नहीं हुई। इस बीच सपा से गठबंधन की स्थिति में कई नेताओं ने सवाल उठाया कि यह समझौता सम्मानजनक होना चाहिए और हमें सीटों को लेकर समझौते से बचना होगा। दरअसल कांग्रेस नेताओं को अखिलेश यादव का रुख देखते हुए लग रहा है कि वह कांग्रेस को रायबरेली और अमेठी के अलावा अन्य सीटें देने में आनाकानी कर सकते हैं। ऐसे में कांग्रेस पहले ही सपा पर दबाव बनाने की कोशिश में है।



कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पार्टी 2004 और 2009 में जीती हुई सीटों पर दावा कर सकती है। कांग्रेस मानती है कि कुछ शहरी सीटें जैसे कानपुर, प्रयागराज, फूलपुर आदि में उसकी अच्छी पकड़ रही है। ऐसे में यहां सपा को त्याग करना चाहिए। इस बैठक में एक और रणनीति पर चर्चा हुई है। वह यह कि सोनिया गांधी तो रायबरेली से चुनाव लड़ती ही हैं। उनके अलावा अमेठी से राहुल गांधी मैदान में उतरें और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी यूपी की ही किसी सीट से चुनावी समर में जाएं। प्रियंका गांधी वाड्रा को भी यूपी की किसी सीट से चुनाव लड़ाने की बात बैठक में कही गई। खुद कांग्रेस के यूपी अध्यक्ष अजय राय ने यह सुझाव दिया। इसके अलावा कांग्रेस का कहना है कि उसके साथ मुस्लिम वर्ग एकमुश्त होकर आ रहा है। इसलिए सपा को उन सीटों पर भी बड़ा दिल दिखाना चाहिए, जहां मुस्लिम आबादी की बहुलता है। इन सीटों में मुरादाबाद, सहारनपुर आती हैं। इसके अलावा पूर्वांचल में मऊ और गाजीपुर जैसी सीटों पर भी कांग्रेस दावा ठोक सकती है।

## इस बार भी ईडी के सामने पेश नहीं होंगे अरविंद केजरीवाल, राघव चड्ढा ने की पुष्टि

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तलब किया है। हालांकि, वह 10 दिवसीय विपश्यना ध्यान सत्र में जाने की अपनी योजना जारी रखेंगे। पार्टी नेता नेता राघव चड्ढा ने पुष्टि की। चड्ढा ने कहा कि आप सुप्रीमो के विपश्यना शिविर की योजना पहले से तय थी और नेताओं से कानूनी सलाह ली जा रही है। केजरीवाल लंबे समय से विपश्यना का अभ्यास कर रहे हैं, जो एक प्राचीन भारतीय ध्यान तकनीक है जिसमें अभ्यासकर्ता मानसिक कल्याण को बहाल करने के लिए लंबे समय तक संचार के किसी भी माध्यम से दूर रहते हैं और बेंगलुरु सहित कई ऐसे शिविरों में गए हैं। आप नेता हर साल 10 दिन का विपश्यना कोर्स करते हैं। इस वर्ष का पाठ्यक्रम 19 से 30 दिसंबर तक निर्धारित है। इस बीच, ईडी ने अब खत्म हो चुकी दिल्ली शराब नीति में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के सीएम को 21 दिसंबर को पेश होने के लिए बुलाया है। केजरीवाल को यह दूसरा समन है। पहले उन्हें 2 नवंबर को जांच एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा गया था। केजरीवाल ने नवंबर के समन को नजरअंदाज कर दिया था और इसे अवैध और राजनीति से प्रेरित बताया था। अप्रैल में दिल्ली शराब मामले के सिलसिले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने भी उनसे पूछताछ की थी। राघव चड्ढा ने भाजपा पर अरविंद केजरीवाल से 'डरने' और उन्हें 'कमजोर' करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर आज सत्येन्द्र जैन, मनीष सिसौदिया और संजय सिंह बीजेपी में शामिल होते हैं तो वे ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत करेंगे और मामले खत्म करा देंगे। बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने रविवार को दिल्ली के सीएम पर तंज कसते हुए कहा कि इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि वह कब तक जेल से दूर रह पाएंगे।

# विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन की बैठक के दिन पटना में लगे पोस्टर, नीतीश को अहम भूमिका देने की मांग

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राष्ट्रीय राजनीति में बड़ी भूमिका सौंपने की मांग वाले पोस्टर मंगलवार को राज्य की राजधानी पटना के कई हिस्सों में लगाए गए। कुमार विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन की एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने के लिए दिल्ली गए हुए हैं। यहां लगाए गए इन पोस्टर के बारे में कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की ओर से त्वरित स्पष्टीकरण आया है कि उसका इन पोस्टर से कोई लेना-देना नहीं है। जदयू के सर्वोच्च नेता कुमार ने पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि उनकी कोई व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा नहीं, उनका एकमात्र उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी एकता को मजबूत करना है। बिहार में जदयू के साथ महागठबंधन सरकार में शामिल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने अपनी ओर से यह स्पष्ट कर दिया है कि प्राथमिक लक्ष्य लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराना है और अगर इस प्रक्रिया में मुख्यमंत्री को शीर्ष पद मिलता है, तो यह बिहार के लिए गर्व की बात होगी।

जदयू के मुख्य प्रवक्ता और विधानपरिषद नीरज कुमार ने कहा, यह ज्ञात नहीं है कि पोस्टर किसने लगाए हैं। लेकिन इसके निश्चय (संकल्प) में कोई भी दोष नहीं निकाल सकता है। वह कुमार की तस्वीर वाले पोस्टरों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिनमें लिखा है, अगर सच में विजय चाहिए तो फिर एक निश्चय चाहिए। पोस्टर में वर्णित शब्द निश्चय नीतीश कुमार सरकार के



सात निश्चय कार्यक्रम की याद दिलाते हैं जो समाजवादी नेता और और बिहार में सबसे लंबे लंबी अवधि तक मुख्यमंत्री रहे कुमार के निचले स्तर तक का विकास मॉडल है। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि राष्ट्रीय राजधानी में होने वाली बैठक में विभिन्न पार्टियां इस बहुदलीय गठन में कुछ हद तक एकजुटता लाने के लिए सत्तर वर्षीय कुमार को 'इंडिया' गठबंधन के संयोजक के रूप में नामित करने पर सहमत हो सकती हैं।

कुमार ने जून में यहां देश भर के भाजपा विरोधी नेताओं की पहली बैठक की मेजबानी की थी और एक महीने बाद बेंगलुरु में आयोजित सम्मेलन में 'इंडिया' गठबंधन नाम पर सहमति बनी थी। कुमार सहित गठबंधन के अधिकांश नेताओं की राय रही है कि सबसे बड़ी पार्टी होने के कारण कांग्रेसको राष्ट्रीय समूह में सबसे आगे होना चाहिए। वह बिहार के सत्तारूढ़ महागठबंधन में एक 'जूनियर पार्टनर' भी है। हालाँकि, महागठबंधन के सूत्र इस बात से सहमत हैं कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में हाल के विधानसभा चुनावों की पृष्ठभूमि में पुनर्विचार का आह्वान किया जा सकता है, जहां कांग्रेस ने खराब प्रदर्शन किया। इस बीच, बिहार के सत्तारूढ़ महागठबंधन के सबसे बड़े घटक राजद ने कहा कि अगर जदयू द्वारा पोस्टर लगाए भी गए तो भी उसमें कोई दिक्कत नहीं है।

राजद संस्थापक लालू प्रसाद और नेहरू-गांधी परिवार के बीच व्यक्तिगत समीकरणों के आधार पर राजद का कांग्रेस के कट्टर सहयोगी के रूप में देखा जाता है। राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा, हर पार्टी अपने नेताओं को आगे बढ़ते हुए देखना पसंद करती है। भले ही नीतीश कुमार की पार्टी ने पोस्टर लगाए हों, इसमें कुछ भी गलत नहीं है। अगर हमारे मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री बनते हैं, तो यह हर नागरिक के लिए गर्व की बात होगी। हालाँकि, उन्होंने यह भी कहा, ये गौण बातें हैं। हमारे नेता तेजस्वी यादव ने विधानसभा के पटल पर कहा है कि वह उपमुख्यमंत्री के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करके खुश हैं और नीतीश कुमार का उत्तराधिकारी बनने की जल्दी में नहीं हैं।

# सांसदों के निलंबन पर एनसीपी प्रमुख पवार ने मोदी सरकार को सुना दी खरी-खरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने संसद सुरक्षा चूक पर मोदी सरकार से बयान मांगने के बाद सांसदों को निलंबित करने के फैसले की जमकर आलोचना की। राज्यसभा सांसद पवार ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को पत्र लिखकर सुरक्षा चूक की घटना के लिए स्पष्टीकरण मांगने वाले सांसदों को निलंबित करने के फैसले को जवाबदेही और पारदर्शिता के सिद्धांतों के प्रतिकूल बताया। एनसीपी प्रमुख पवार ने कहा, सांसदों को स्पष्टीकरण मांगने और संसदीय माहौल की सुरक्षा सुनिश्चित करने का वैध अधिकार है, जो हमारे देश के लोकतंत्र का प्रतीक है। हालांकि, मोदी सरकार ने न केवल इस तरह के बयान से खुद को दूर कर लिया, बल्कि देश की सर्वोच्च कानून बनाने वाली संस्था की सुरक्षा में चूक पर स्पष्टीकरण/ बयान मांगने वाले सांसदों को निलंबित करने की कार्रवाई भी की। ये दुर्भाग्यपूर्ण है। पवार ने कहा कि उन्हें बताया गया है कि कुछ सांसद जो सदन के वेल में नहीं गए, नारेबाजी नहीं की और लगातार व्यवधान में शामिल नहीं थे, उन्हें भी निलंबित सांसदों की सूची में शामिल किया गया है। पवार ने कहा, हमले और उसके बाद निलंबन के मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए, मैं आपसे संसदीय प्रक्रियाओं और मिसालों और लोकतांत्रिक मूल्यों की अखंडता को बनाए रखने के हित में इस मामले को संबोधित करने का अनुरोध करूंगा।

पवार ने कहा कि पिछले बुधवार को संसद पर एक कनस्तर हमला हुआ था, जिसमें दो लोग दर्शक दीर्घा से सदन में कूद गए थे, हालांकि उनको काबू कर लिया गया। संसद के बाहर दो अन्य लोग भी थे जिन्होंने रंगीन धुआं छोड़ा और सदन परिसर में नारे लगाए और अब उन चारों को उनके अन्य साथियों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। पवार ने उस दिन की घटना को बेहद परेशान करने वाली बताया, खासकर इसलिए तब जब उसी दिन (13 दिसंबर) आतंकवादी हमले की बरसी थी।

## बीजेपी ने दिल्ली में किया सातों सीटें जीतने का दावा, फूंका लोकसभा चुनाव का बिगुल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में बीजेपी ने बिगुल फूंक दिया है। इस सिलसिले में रविवार को दिल्ली बीजेपी की एक बड़ी संगठात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसे पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल. संतोष ने संबोधित किया। पार्टी नेताओं ने एक बार फिर दिल्ली की सातों लोकसभा सीटें जीतने का दावा किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को नसीहत देते हुए कहा कि वह निश्चिंत ना हों और अपनी तैयारियों में कोई कोर कसर ना छोड़ें। बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। बैठक को दिल्ली प्रदेश प्रभारी बैजयंत जय पांडा, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। बैठक में आमंत्रित नेताओं के अलावा पार्टी के प्रदेश, जिला और मंडल स्तर के पदाधिकारी, सांसद, विधायक और पार्षद भी मौजूद रहे। बीएल. संतोष ने कहा कि 2019 की तुलना में 2024 का लोकसभा चुनाव आसान है, लेकिन इसमें लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं है। आज हमारे सामने केवल राजनीतिक दलों की ही नहीं, बल्कि उन वैचारिक शक्तियों की भी चुनौतियां हैं, जो पीएम मोदी को हराने के लिए विपक्षी पार्टियों को मदद कर रही हैं। हमें उन शक्तियों पर भी विजय हासिल करनी है।


भाजपा नेता ने कहा ?कि विकसित भारत अभियान और बूथ सशक्तिकरण अभियान को सफल बनाने के लिए भी हमें पूरी मेहनत करनी है और दिल्ली के सभी 13,000 से अधिक बूथों की संगठात्मक भागीदारी सुनिश्चित करनी है। उन्होंने मोदी सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियानों और कार्यक्रमों की सफलता का जिक्र करते हुए कहा कि जिन कार्यकर्ताओं के संपर्क में अगर कोई स्कूल हो, तो वीर बलिदान दिवस के दिन उन स्कूलों में किसी कार्यक्रम का आयोजन करें। पिछले 70 सालों से हम सिर्फ चिल्ड्रंस डे मना रहे हैं, लेकिन बच्चों ने हमारे सामने क्या आदर्श प्रस्तुत किया है, इसकी जानकारी आज तक किसी ने नहीं दी।

बैठक में उन्होंने 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन वाले दिन सभी से अपने घरों को दीयों से सजाने और परिवार सहित किसी मंदिर में जाकर दर्शन करने और दीये जलाने की अपील की। बैठक में बैजयंत पांडा ने कहा कि राज्यों से हाल ही में आए चुनावी परिणामों ने माहौल को बढ़िया बना दिया है, इसलिए हमारे अंदर कोई संदेह नहीं होना चाहिए। राष्ट्रीय नेतृत्व की रणनीति और कार्यकर्ताओं के बल पर हम इस बार भी दिल्ली की सभी सातों सीटें जीत रहे हैं।

## बाबरी मस्जिद पर सब्र किया, ज्ञानवापी पर नहीं करेंग: तौकीर रजा

### -आइएमसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सड़क पर लड़ाई लड़ने की दी धमकी

**लखनऊ (एजेंसी)।** आइएमसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा ने कहा है कि बाबरी मस्जिद पर बहुत सब्र किया है लेकिन ज्ञानवापी पर जरा भी सब्र नहीं करेंगे। उन्होंने भड़काऊ बयान देते हुए कहा कि अबकी बार सड़क पर लड़ाई लड़ी जाएगी। यूपी में इस समय काशी- मथुरा का मुद्दा गरमाया हुआ है। लगातार कोर्ट में इन दोनों मुद्दों को लेकर कानूनी लड़ाई लड़ी जा रही है। इसी बीच इत्तेहाद- ए- मिल्लत काउंसिल (आइएमसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा का यह भड़काऊ बयान सामने आया है। उन्होंने इस मामले में देश की सरकार को घेरने की कोशिश की है। उन्होंने लोगों के बीच धर्म की खाई पैदा करने का आरोप लगाया है। ज्ञानवापी मस्जिद मामले पर मौलाना तौकीर रजा ने कहा है कि देश में फूट डालो और राज करो की साजिश चल रही है। ज्ञानवापी पर हक को लेकर सड़कों पर लड़ाई होगी। मौलाना तौकीर राजा ने मौजूदा सरकार और पिछली सरकार को घेरते हुए कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। मुसलमानों को लेकर उन्होंने कहा कि हमें मोहताजी नहीं, हिस्सेदारी चाहिए। उन्होंने सीधे तौर पर केंद्र की मोदी और यूपी की योगी सरकार निशाना साधा है।



मौलाना तौकीर रजा ने कहा कि अंग्रेजों ने फूट डालो और राज करो वाली नीति अपनाई थी। देश पर राज किया। तौकीर रजा ने विवादित बयान देते हुए कहा कि अंग्रेजों के इस तरीके पर आज की सरकार हुकूमत कर रही है। अगर हमने उसके तरीके को पहचान लिया है तो तमाम गरीब, पिछड़ों को एकजुट होना चाहिए। मौलाना राजा ने कहा कि आज हिंदुस्तान में कानून को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। जब हुकूमत से फैसले होंगे, पुलिस खुलेआम एनकाउंटर करेगी। अदालतों तक जब बात नहीं पहुंचेगी, तो फिर कानून के राज पर सवाल खड़ा होता है। तौकीर रजा दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में तकरीर कर रहे थे।

तौकीर रजा ने कहा कि आज सवाल कानूनी संस्थाओं की अहमियत पर है। हम अदालतों की रक्षा के लिए खड़े हैं। हम कानून की हिफाजत के लिए खड़े हैं। ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर मौलाना तौकीर राजा ने कहा कि हमारी आस्था की भी अहमियत है। हमने बाबरी मस्जिद पर सब्र किया है। ज्ञानवापी पर सब्र नहीं करेंगे। यह लड़ाई सड़कों पर लड़ी जाएगी। हमारे वकील कोर्ट में इसकी लड़ाई लड़ेंगे। लेकिन, हम मुसलमान सड़कों पर इसको लेकर उतरेंगे। हमारी सत्ता में मोहताजी नहीं चाहिए। हमें हिस्सेदारी चाहिए। हम अपने लोगों का काम खुद करना चाहते हैं। हम तुम्हारे मोहताज नहीं रहना चाहते हैं।

## कोरोना महामारी को लेकर स्वास्थ्य मंत्री मंडाविया ने बुलाई बैठक

नई दिल्ली । कोरोना के मामले देश में एक बार फिर से बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। सिंगापुर, अमेरिका और चीन स ?हित कई देशों में कहर बरपाने के बाद इसके नए वेरिएंट जेएन-1 ने देश में भी दस्तक के दी है। उधर कर्नाटक सरकार ने मास्क पहनने की सलाह दी है। महामारी की बढ़ती संभावनाओं के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को अलर्ट पर रहने को कहा है। साथ ही स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने 20 दिसंबर को सभी स्वास्थ्य मं ?त्रियों की बैठक बुलाई है। केंद्र के आंकड़ों के अनुसार केरल राज्य में कोरोना केस सप्ताह भर में तीन गुना तक बढ़ गए हैं। केरल में कोरोना मामलों के साथ-साथ मौतों में भी वृद्धि देखी जा रही है। राज्य स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने कहा कि केंद्र को भेजे गए आंकड़ों के अनुसार केरल में कोरोना के दैनिक मामले एक सप्ताह में लगभग तीन गुना हो गए हैं। जबकि 1 से 17 दिसंबर तक 10 मौतें हुई हैं। सरकार की चिंता नए वेरिएंट जेएन.1 को लेकर है, जो हाल ही में केरल में एक 79 वर्षीय महिला में पाया गया था। यह कोरोना का सबसे नया वेरिएंट है, जो सिंगापुर, अमेरिका और चीन समेत कई देशों में जमकर कहर बरपा रहा है। 16 दिसंबर को केरल में 302 कोरोना के नए मामले और चार मौतें दर्ज की गईं। इससे पहले 10 दिसंबर को केरल में 109 मामले सामने आए थे। 12 दिसंबर को राज्य में कोरोना केस 200 को पार कर गए और चार दिनों के भीतर, केरल में 300 से अधिक नए मामले सामने आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने राज्यों को लिखे अपने पत्र में कोरोना की बिगड़ती स्थिति के मद्देनजर एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने राज्य सरकारों से नियमित आधार पर कोरोना केसों की रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं। केंद्र ने कहा है कि राज्य में कोरोना केसों की बढ़ती संख्या का पैटर्न क्या है? इस पर भी रिपोर्ट दी जाए। इसके अलावा सभी राज्यों को आरटी-पीसीआर टेस्टों की संख्या बढ़ाने और जीनोम अनुक्रमण के लिए पॉजिटिव नमूने भारतीय प्रयोगशालाओं में भेजने की सलाह दी है ताकि नया वेरिएंट अगर है तो इसका पता लगाया जा सके।

# पाकिस्तान अपनी छवि सुधारने के लिए ले रहा दाऊद का सहारा!

**मुंबई (एजेंसी)।** पाकिस्तान झूठ बोलने में माहिर है। कई बार उसका झूठ पकड़ा जा चुका है। इसके बाद भी झूठ पर झूठ बोलने से नहीं चूकता है। भारत का मोस्ट वांटेड डॉन दाऊद इब्राहिम को लेकर भी पाकिस्तान छल प्रपंच के साथ दुनिया को धोखा देने की कोशिश हो सकती है। मुंबई हमले का मास्टरमाइंट दाऊद इब्राहिम को जहर दिए जाने की खबर के बाद सोशल मीडिया पर की तरह के दावे किए जा रहे है। डॉन जिंदा है या मर गया? इस पर ये सवाल चर्चा के केंद्र में है।

इस बीच पाकिस्तानी महिला पत्रकार आरजू काजिमी ने कई सनसनीखेज दावे किए हैं। एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में पाकिस्तानी पत्रकार आरजू काजिमी ने कहा कि पाकिस्तान दुनिया की नजर में अपनी छवि सुधारने के लिए ऐसा कर सकता है जिसमें दाऊद इब्राहिम को एलीमिनेट (मार देना) करना भी शामिल हो सकता है। पाकिस्तानी पत्रकार ने कहा कि बीते दिनों पाकिस्तान में कई टार्गेटेड किलिंग हुई है लेकिन अब लोग पूछ रहे हैं कि आखिर ऐसे आतंकी संगठनों को चलाने वाले उनके मुखिया कब मारे जाएंगे।

पत्रकार आरजू काजमी ने कहा कि दुनिया ही नहीं अब पाकिस्तान का सबसे अच्छा दोस्त चीन भी कहने लगा है कि पाकिस्तान में ऐसे लोग नहीं होने चाहिए। इसलिए ये संभव है कि पाकिस्तान खुद ही दाऊद इब्राहिम जैसे लोगों को अब रास्ते से हटाना चाह रहा हो। पाकिस्तानी पत्रकार आरजू काजमी का दावा है कि पाकिस्तान सरकार आज भी ये स्वीकार नहीं करती है कि दाऊद इब्राहिम पाकिस्तान में है क्योंकि वो अभी भी भारतीय नागरिक के तौर पर ही जाना जाता है। उन्होंने कहा कि अगर दाऊद इब्राहिम यहां मारा गया या किसी बीमारी की वजह से भी उसकी मौत हो गई तो पाकिस्तान ये कभी स्वीकार नहीं करेगा।

एक रिपोर्ट के अनुसार, कराची के क्लिफटन इलाके में दाऊद इब्राहिम का ठिकाना है और यहां वह परिवार के साथ रहता है। दाऊद के ठिकाने से करीब 8 किलोमीटर दूर कराची के आगा खान हॉस्पिटल में उसके के भर्ती होने का दावा पाकिस्तानी मीडिया की तरफ से किया गया है जहां किसी को भी जाने की इजाजत नहीं है।



# आइसलैंड में ज्वालामुखी का महाविस्फोट होने से धरती में बनी 3.5 किमी की दरार

## –दहशत के साये में रहवासी, प्रशासन ने आपातकाल की अवधि बढ़ाई

रेक्जाविक । आइसलैंड में ज्वालामुखी का महाविस्फोट होने से धरती में 3.5 किमी की दरार बन गई है। इससे यहां के लोग दहशत में जी रहे हैं। हालांकि प्रशासन ने यहां पर आपातकाल बढ़ा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 800 भूकंपों के बाद आखिरकार यहां पर ज्वालामुखी विस्फोट हो गया है। देश के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान कार्यालय ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम आइसलैंड के रेक्जेन्स प्रायद्वीप पर हफ्तों की तीव्र भूकंप के बाद एक ज्वालामुखी फट गया है। आइसलैंडिक मौसम विज्ञान कार्यालय के अनुसार विस्फोट ग्रिंडाविक से लगभग 4 किमी उत्तर पूर्व में सुंधनुकागिगर के करीब स्थित है, और इसे पास के वेब कैमरों पर देखा जा सकता है। मौसम केन्द्र के अनुसार सोमवार की रात लगभग 9 बजे शुरू हुए भूकंप के झटके के बाद रात 10.17 बजे विस्फोट शुरू हुआ था। मौसम कार्यालय ने बताया कि ज्वालामुखी में दरार की लंबाई लगभग 3.5 किमी है, इसमें लावा लगभग 100 से 200 क्यूबिक मीटर प्रति सेकंड की दर से बह रहा है। यह हाल के वर्षों में रेक्जेन्स प्रायद्वीप पर पिछले विस्फोटों की तुलना में कई गुना अधिक था। हालांकि विस्फोट के सटीक स्थान और आकार की पुष्टि करने के लिए एक तटरक्षक हेलीकॉप्टर को क्षेत्र में भेजा गया है। इस संबंध में आइसलैंड के राष्ट्रीय पुलिस आयुक्त ने बताया कि नागरिक सुरक्षा सेवा स्तर को अलर्ट से आपातकाल तक बढ़ा दिया गया है। वहीं नागरिक सुरक्षा समन्वय केंद्र को सक्रिय कर दिया गया है। फिलहाल अधिकारियों ने जनता से विस्फोट स्थल पर नहीं जाने को कहा है और आपातकालीन कर्मचारी स्थिति का आकलन कर रहे हैं। राजमार्ग 41 सहित ग्रिंडाविक शहर की सभी सड़कें बंद हैं और यातायात पूरी तरह से प्रतिबंधित है। रेक्जेनस प्रायद्वीप के उत्तरी हिस्से की मुख्य सड़क है, जो बड़े रेक्जाविक क्षेत्र और केफ्लाविक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को जोड़ती है। विस्फोट राजधानी रेक्जाविक से देखा जा सकता है। स्थानीय मीडिया ने प्रधान मंत्री कैटरीन जैकब्सडॉटिर के हवाले से कहा कि हाल ही में निर्माण शुरू होने वाले रक्षात्मक किलेबंदी से ज्वालामुखी विस्फोट से निपटने में महत्वपूर्ण अंतर आएगा।

# पराग्वे में पुलिस की कार्रवाई में 10 लोगों की मौत

असुनसियन। पराग्वे की राजधानी असुनसियन के ताकुम्बु में पुलिस और सेना की ओर से चलाए गए अभियान में करीब 10 लोग मारे गए। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार नौ कैदी और राष्ट्रीय पुलिस सामरिक समूह के एक कर्मी की मौत हो गई, जबकि 20 कैदी और 36 पुलिस और सैन्यकर्मी घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह अभियान ताकुम्बु जेल पर नियंत्रण पाने के लिए चलाया गया था, जो वर्षों से रोटेला कबीले के नाम से जाने जाने वाले आपराधिक समूह के नियंत्रण में था। रिपोर्ट में कहा गया है कि कैदियों के साथ तगड़ा टकराव के बाद पुलिस और सैन्यकर्मी आपराधिक गुट के नेता अरमांडो जेवियर रोटेला के ठिकाने तक पहुंच गए। इसके बाद उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया और उस विनस क्यू सैन्य जेल में भेज दिया गया है।

# पाकिस्तानी पत्रकार आरजू काजमी का दावा, दाऊद को जहर दिया

करांची। जहां पाकिस्तान में दाऊद को जहर देने की खबर के बाद देश में हलचल तेज हो गई है। वहीं पाकिस्तानी पत्रकार आरजू काजमी का एक वीडियो भी इस समय खूब वायरल हो रहा हैं। वीडियो में पत्रकार ने दावा किया है कि दाउद इब्राहिम को जहर दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को कराची में जहर दिया गया है। पाकिस्तान की वरिष्ठ पत्रकार आरजू काजमी का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। आरजू काजमी ने कहा कि सुनने में आ रहा है कि दाऊद इब्राहिम को किसी ने जहर दिया है। उसकी तबियत बहुत ज्यादा खराब हो गई है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। आरजू आगे कहती हैं कि कराची के किसी हॉस्पिटल में उसको रखा गया है। ये खबर सोशल मीडिया पर गर्दिश कर रही है और ये बात कहां तक सही है, फिलहाल मालूम नहीं है। इतना ही नहीं वीडियो में आरजू ने कहा कि आप लोग जानते हैं कि अगर कोई भी नाम लेगा या कुछ भी कंफर्म करने की कोशिश करेगा तो फिर उसकी भी शामत आ जाएगी। बता दें कि आरजू काजमी पाकिस्तान की बेबाक पत्रकार हैं। वो हर वक्त अपनी बातों को बेहद ही बेबाकी से पेश करती हुई नजर आती हैं।

# लाल सागर में जहाजों पर हमलों से निपटने नए अंतरराष्ट्रीय मिशन की तैयारी

वाशिंगटन। लाल सागर में जहाजों पर हो रहे हमलों से निपटने के लिए अमेरिका सहित कई अन्य देश नए अंतरराष्ट्रीय मिशन की तैयारी में जुट गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार ये देश लाल सागर से गुजरने वाले उन जहाजों की सुरक्षा के लिए एक नयी सेना तैयार कर रहे हैं, जिन पर यमन के हूती नियंत्रित क्षेत्रों से दागे गए ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला हुआ है। रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने बहरीन में मंगलवार को इसकी घोषणा की। हमले की गंभीरता को देखते हुए कई शिपिंग कंपनियों को अपने जहाजों को रुकने और बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य में तब तक प्रवशे न करने का आदेश दिया है। हालांकि यह तब तक है जब तक कि सुरक्षा स्थिति का समाधान नहीं हो जाता है। गौरतलब है कि हाल के दिनों में इस क्षेत्र में कई पोतों पर हमला हुआ है। रक्षा सचिव लॉयड ने एक बयान में कहा कि यह एक अंतरराष्ट्रीय चुनौती है, जो सामूहिक कार्रवाई की मांग करती है। ऑस्टिन ने घोषणा की कि ब्रिटेन, बहरीन, कनाडा, फ्रांस, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, सेशेल्स और स्पेन नए मिशन में शामिल होंगे। कुछ देश संयुक्त गश्त करेंगे जबकि अन्य दक्षिणी लाल सागर और अदन की खाड़ी में खुफिया सहायता प्रदान करेंगे। एक रक्षा अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि कई अन्य देश भी इस अभियान में शामिल होने के लिए सहमत हुए हैं, लेकिन वो सार्वजनिक रूप से इसकी घोषणा नहीं करना चाहते हैं। इस अंतरराष्ट्रीय मिशन का समन्वय पहले से मौजूद संयुक्त टास्क फोर्स 153 द्वारा किया जाएगा। जिसे अप्रैल 2022 में लाल सागर, बाब अल-मंडेब और अदन की खाड़ी में समुद्री सुरक्षा में सुधार के लिए बनाया गया था।

# अमेरिका के पूर्वी तट में शक्तिशाली तूफान से मची तबाही, तीन लोगों की मौत

न्यूयॉर्क। अमेरिका के पूर्वी तट पर भयानक तूफान आने से तबाही का मंजर हो गया है। यहां पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में आए शक्तिशाली तूफान से तीन लोगों की मौत होने की सूचना है। इलाके में बिजली गुल हो गई, सड़कें बह गईं और एक समुदाय को वहां से निकलने के लिए मजबूर भी होना पड़ा है। मीडिया में आई रिपोर्ट्स के मुताबिक दो मौतें पेंसिल्वेनिया और मैसाचुसेट्स में हुईं, जहां तूफान प्रणाली के कारण दिनभर तेज हवाएं चलीं और भारी बारिश हुई। वहीं तीसरी मौत दक्षिण कैरोलिना में हुई, जो सप्ताहांत में तूफान से प्रभावित हुआ था। यह तूफान पूरे पूर्वोत्तर में छाया रहा जहां तेज हवाएं और भारी बारिश शुरू कर दी, इससे 24 घंटों के भीतर अधिकांश क्षेत्र में 2-4 इंच पानी बह गया। साथ ही न्यूयॉर्क शहर के उत्तर-पश्चिम में पांच इंच से अधिक पानी होने की खबरें हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सोमवार को न्यूयॉर्क सिटी आपातकालीन प्रबंधन ने स्टेटन द्वीप और ब्रुकलिन को जोड़ने वाले वेराज़ानो-नैरो ब्रिज को अस्थायी रूप से बंद कर दिया। वहीं क्वींस और ब्रोंक्स को जोड़ने वाला थ्रोग्स नेक ब्रिज और थ्रोग्स नेक ब्रिज, मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्टेशन अथॉरिटी ने भी कई सबवे रोक दिए है। प्रबंधन ने कहा कि शहर के बिजली आपूर्तिकर्ता कंसोलिडेटेड एडिसन, इंक. के 10,000 से अधिक ग्राहक इस समय बिना बिजली के हैं। शहर भर में पेड़ों के गिरने की 237 रिपोर्टें हैं। फ्लाइट अवेयर के आंकड़ों के अनुसार न्यूयॉर्क के लागार्डिया और जॉन एफ कैनेडी हवाई अड्डों और बोस्टन के लोगान अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगभग 400 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। हालांकि विगत सोमवार को तूफान के चलते 4,700 से ज्यादा उड़ानें भी देरी से उड़ीं। न्यूयॉर्क में लगभग 5,000 उपयोगिता कर्मचारियों के साथ अग्रिम चेतावनी और यात्रा सलाह जारी की है। पॉवरआउटेज. यूएस के अनुसार, पूर्वोत्तर में सोमवार रात तक 660,000 से अधिक ग्राहक बिना बिजली के हैं। उनमें से अधिकांश मेन में थे, जहां ट्रैक किए गए 852,000 से अधिक ग्राहकों में से 420,000 से अधिक ग्राहक अंधेरे में है। मीडिया में आई जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय मौसम सेवा केन्द्र ने अनुमान लगाया है कि यहां बह रही नदी मंगलवार तक लिटिल फॉल्स में बड़े बाढ़ चरण में पहुंच जाएगी। हालांकि अधिकारियों ने पहले ही चेतावनी दी थी कि बाढ़ विनाशकारी हो सकती है। राष्ट्रीय मौसम सेवा केन्द्र ने कहा कि मेन और न्यू हैम्पशायर में, जल बचाव की कई रिपोर्टें हैं। हालांकि तूफान सोमवार देर रात कनाडा की ओर बढ़ गया लेकिन इसका प्रभाव लंबे समय तक रहने की उम्मीद है।



सिंगापुर गार्डन्स में क्रिसमस के लिए हुई रोशनी को देखते हुए लोग।

# चीन में भूकंप से 111 लोगों की मौत, रिक्टर पर 6.2 तीव्रता मापी गई

बीजिंग। चीन के गांसु प्रांत में भूकंप आने से 111 लोगों की मौत होने की जानकारी मिली है। यहां पर आए रिक्टर पैमाने पर 6.2 तीव्रता के भीषण भूकंप के बाद अनेक घर ढह गए। अधिकारियों ने मंगलवार को चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र के हवाले से बताया कि भूकंप सोमवार रात 11.59 बजे आया था। इसकी गहराई 10 किमी बताई जा रही है। भूकंप का केंद्र लिउगौ टाउनशिप, लिनक्सिया हुई स्वायत्त प्रान्त, गांसु में जिशिशान बाओआन, डोंगज़ियांग, सालार स्वायत्त काउंटी की काउंटी सीट से लगभग 8 किमी दूर है। भूकंप किंघई के ज़िनिंग और हैडोंग शहरों में भी ज़ोर से महसूस किया गया, जहां कुछ घर ढह गए और उनमें दरारें आ गईं। हालां?कि गांसु और पड़ोसी किंघई से लोगों के मरने की सूचना भी मिली है। इसी दौरान प्रांतीय अग्निशमन और बचाव विभाग ने 88 अग्निशमन गाड़ियों, 12 खोजी और बचाव कुत्तों, 10,000 से अधिक उपकरणों के साथ 580 बचावकर्मियों को आपदा क्षेत्र में भेज दिया है। इधर रेलवे प्राधिकरण ने भूकंप क्षेत्र से गुजरने वाली यात्री और मालवाहक ट्रेनों को रोक दिया है और पटरियों की सुरक्षा जांच के आदेश दिये हैं। दहेजिया टाउनशिप में सुबह तापमान शून्य से 16 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया है। कड़ाके की सर्दी के बावजूद एक स्थानीय अस्पताल में 140 से अधिक चिकित्सा कर्मचारी घायलों की देखभाल में लगे हुए हैं। वहीं राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने गांसु में आए भूकंप से पूर्ण बचाव प्रयास करने का आदेश दिया है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि खोज और बचाव करने, घायलों का समय पर इलाज करने और हताहतों की संख्या को कम करने के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए। बता दें कि गांसु, चीन के सबसे गरीब क्षेत्रों में से एक, तिब्बती और लोएस पठारों के बीच स्थित है और इसकी सीमा मंगोलिया से लगती है। चीन एक ऐसे क्षेत्र में स्थित है जहां कई टेक्टोनिक प्लेटें, विशेष रूप से यूरेशियन, भारतीय और प्रशांत प्लेटें मिलती हैं, और विशेष रूप से यहां पर भूकंप का खतरा बना है।

# अब तक 19 हजार लोगों को निगल गई इजरायल और हमास की जंग

**तेल अवीव (एजेंसी)।** जंग कहीं भी और किसी के साथ हो, परिणाम हमेशा घातक ही होते हैं। दोनों ही देशों को तबाही के अलावा कुछ हाथ नहीं लगता है। इजरायल और हमास के बीच बीते 74 दिनों से जंग चल रही है, जिसमें अब तक 19 हजार से अधिक लोगों को मौत हो चुकी है। आगे यह सिलसिला कब तक चलेगा कोई नहीं जानता, पर इतना जरुर है कि लंबे समय तक लोगों के लिए तकलीफदायक होगा। गाजा में जारी बमबारी के बीच इजराइली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि युद्ध खत्म होने में समय लगेगा. इजराइली रक्षा मंत्री का यह बयान अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन के साथ मीटिंग के बाद आया है। इससे पहले भी उन्होंने गैलेंट ने यही बयान दिया था। इससे जाहिर होता है कि इजराइल गाजा में अभी युद्ध रोकने के मूड में नहीं है। इजराइली रक्षा मंत्री ने पिछले महीने एक बयान में कहा था कि गाजा में अभी कई महीनों तक जंग जारी रहेगा। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी कहा है कि इजराइल तब तक लड़ता रहेगा जब तक वह हमास को पूरी तरह खत्म और अपने बंधकों को रिहा नहीं करा लेता।

अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने सोमवार को इजराइली रक्षा मंत्री योव गैलेंट से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गाजा में इजराइली अभियानों को कम करने को लेकर चर्चा की। ऑस्टिन और अन्य अमेरिकी अधिकारियों ने गाजा में बड़ी संख्या में नागरिकों की मौत के बारे में बार-बार चिंता व्यक्त की है मगर उन्होंने युद्धविराम को लेकर कोई बातचीत नहीं की।



इजराइली रक्षा मंत्री योव गैलेंट के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिकी रक्षा सचिव ने कहा कि यह इजराइल का ऑपरेशन है। मैं यहां समयसीमा या शर्तें तय करने के लिए नहीं आया हूं। अमेरिकी अधिकारियों ने हमास के लड़ाकों को खत्म करने, सुरंगों को नष्ट करने और बंधकों को बचाने के उद्देश्य से लक्षित अभियानों का आह्वान किया है। बता दें कि अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र में युद्धविराम के आह्वान को वीटो कर दिया था। बता दें कि गाजा में ढाई महीने से अधिक समय से जंग जारी है और यह जंग कब थमेगी, इसके बारे में कहना फिलहाल मुश्किल है। गाजा में अब तक यहां 1900 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। हमास के 7 अक्टूबर के हमलों के बाद इजराइल लगातार गाजा में बमबारी कर रहा है।

# ईरान में हुए धमाके से दूसरे देशों में बढ़ा तनाव !

**तहरीन (एजेंसी)।** यहां एक बड़ा धमाका हुआ है। जिसे लेकर दूसरे देश भी अलर्ट हो गए है। वैश्विक स्तर पर भी चर्चा शुरु हो गई है। कई तरह की आशंकाएं व्यक्त की जाने लगी हैं। ये धमाका तेहरीन में ईरानी एविएशन एंड स्पेस फोर्स हेडक्वार्टर में हुआ है। धमाके के बाद हेडक्वार्टर से आग की



लपटे उठती दिखीं। भीषण धमाके ने मिडिल ईस्ट में संकट और बढ़ने की आशंका बयां की है। गाजा पट्टी और लेबनान बॉर्डर पर जारी जंग के बीच इस धमाके से अमेरिका और ईरान के बीच टकराव बढ़ सकता है। विस्फोट इतना जोरदार था कि आग की ऊंची-ऊंची लपटे काफी देर तक हेडक्वार्टर से उठती रहीं। जानकारी के मुताबिक एविएशन एंड स्पेस फोर्स के इस हेडक्वार्टर से ही मिसाइल और ड्रोन की सप्लाई होती थी। आशंका है कि इसी जगह से इजरायल और अमेरिका के खिलाफ युद्ध लड़ रहे हमास, हिज्बुल्लाह और हूती विद्रोहियों तक घातक हथियार भेजे जा रहे थे।

हालांकि अभी तक इस धमाके की असली वजह का खुलासा नहीं हुआ है। ये हादसा है या साजिश इससे लेकर अभी ईरान ने भी प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन गाजा जंग के बीच ऐसी घटना को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। अमेरिका और इजरायल ने प्रॉक्सी समूहों को लेकर हाल ही में ईरान को चेतावनी थी और कहा था कि ईरान आग से खेलना बंद करे। तनाव के बीच ईरान के गैस स्टेशनों पर इजरायली हैकर्स ने साइबर अटैक किया। ईरान के करीब 60 से 70 फीसदी गैस स्टेशनों पर कामकाज ठप होने से हाहाकार मच गया। ईरान ने गैस स्टेशनों पर हुए साइबर हमले का आरोप इजरायल और अमेरिकी हैकर्स पर लगाया है। ईरान तेल मंत्रालय के मुताबिक इस घटना की वजह से सोमवार को देशभर में सिर्फ 30 फीसदी तक ही गैस स्टेशनों पर कामकाज हुआ। साइबर हमले के लिए इजरायली हैकर्स समूह 'गोंजेश्को दारांदे' को जिम्मेदार ठहराया। देश में कुल 33 हजार गैस स्टेशन हैं। लेकिन गैस आपूर्ति में आ रही दिक्कतों के वजह से गैस स्टेशनों पर दिनभर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। इस दौरान स्टॉक और आपूर्ति डेटा में भारी गड़बड़ी देखने को मिली। 2022 में भी इजरायली हैकर्स के इसी समूह ने ईरान के एक प्रमुख स्टील कंपनी को हैक कर लिया था।

# दुनियाभर में होने लगी चर्चा, दाऊद के बाद अब किसकी बारी ?

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** भारत के मोस्ट वांटेड डॉन दाऊद इब्राहिम कराची के आगा खान अस्पताल में हैं। हालत गंभीर है और उपचार चल रहा है। दावा किया जा रहा है कि डॉन को जहर दिया गया था। हालांकि पाकिस्तान की ओर से इस पर कोई बयान नहीं दिया गया है। माना जा रहा है कि दाऊद उसी फेहरिस्त का हिस्सा हैं जो पिछले एक साल से पाकिस्तान में हो रहा है। यदि ऐसा है तो इस सूची में अगला नंबर हाफिज सईद और मसूद अजहर का हो हो सकता है। पाकिस्तान की पत्रकार आरजू काजमी ने दावा किया है कि दाऊद इब्राहिम को जहर दिया गया है। काजमी ने कहा कि दाऊद इब्राहिम अस्पताल में है और उसे जहर दिया गया है। उन्होंने ये भी कहा कि पाक सरकार इसे कभी स्वीकार नहीं करेगी और न ही इसे कंफर्म करेगी। आरजू ने कहा कि सिर्फ दाऊद ही नहीं बल्कि इस लिस्ट में अभी कई ऐसे नाम हैं जिनका नंबर जल्द ही आने वाला है। पत्रकार आरजू काजमी ने बताया कि दाऊद इब्राहिम कराची में रहता है। यहां के क्लिफटन इलाके में उसका घर है। हालांकि पाकिस्तान इसे स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने दावा किया कि कराची में दाऊद का इलाज चल रहा है। इसे लेकर पाकिस्तान की मीडिया में अजीब सी खामोशी छाई है। हालांकि पाकिस्तान में सोशल मीडिया पर दाऊद को लेकर खूब बातचीत हो रही है।

आरजू काजमी ने दावा किया कि दाऊद की खबर को छिपाने के लिए ही सरकार ने पाकिस्तान में इंटरनेट बंद किया है। पाक पत्रकार आरजू काजमी ने दावा किया कि पाकिस्तान में पिछले एक साल से टारगेट किलिंग हो रही है। उन्होंने दावा किया कि इसमें पाकिस्तान का ही हाथ है। आरजू काजमी का कहना है कि नवाज शरीफ की पार्टी भारत से रिश्ते सुधारना चाहती है। इसीलिए आने वाले समय में हाफिज सईद और मसूद अजहर की भी टारगेट किलिंग हो सकती है। पाकिस्तान में हाफिज सईद लश्कर ए तैयबा का संस्थापक है और जमात उद दावा से संबंध रखता है। यह भारत की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल है।

# किम जोंग उन की नई इंटर कॉन्टीनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल, जद में पूरा अमेरिका, स्पीड 30 हजार किमी

**सियोल (एजेंसी)।** दक्षिण कोरियाई अधिकारियों का कहना है कि उत्तर कोरिया ने संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों की अवहेलना करते हुए अपनी सबसे उन्नत लंबी दूरी की मिसाइल दागी है। अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) के प्रक्षेपण की पश्चिम से तत्काल निंदा हुई। यह जापान में होक्काइडो के पश्चिम में उतरा। यह तब हुआ है जब दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने पिछले सप्ताह उत्तर से परमाणु हमले का जवाब देने की योजना को अद्यतन करने के लिए मुलाकात की थी। प्योंगयांग ने जवाब में अधिक आक्रामक जवाबी कदम उठाने की कसम खाई थी।

सुबह स्थानीय समयानुसार लगभग 08:24 बजे (23:24 रविवार GMT) प्योंगयांग क्षेत्र से लंबी दूरी की मिसाइल लॉन्च की। दक्षिण कोरियाई और जापानी अधिकारियों ने कहा कि मिसाइल ने 73 मिनट तक यात्रा की, जिसमें लगभग 1,000 किमी (621 मील) की दूरी तय की गई। ICBM की सीमा उत्तरी अमेरिकी महाद्वीप तक पहुंचने की है। सोमवार का प्रक्षेपण इस साल उत्तर कोरिया का आईसीबीएम का पांचवां सफल प्रक्षेपण है। दक्षिण कोरिया, जापान और अमेरिका ने सोमवार को मिसाइल परीक्षण की तुरंत निंदा की और कहा कि यह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा



परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन है और इससे कोरियाई प्रायद्वीप कम सुरक्षित हो जाएगा।

उत्तर और दक्षिण के बीच तनाव पिछले महीने तब बढ़ गया जब प्योंगयांग ने संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए एक जासूसी उपग्रह को कक्षा में सफलतापूर्वक लॉन्च किया। सियोल ने उत्तर के साथ एक सैन्य समझौते को आंशिक रूप से निलंबित करके जवाब दिया, जिसका उद्देश्य सीमा पर सैन्य गतिविधि को सीमित करना और झड़पों की संभावना को कम करना था। इसके बाद प्योंगयांग पूरी तरह से समझौते से हट गया। उत्तर कोरिया ने तब से अपने सैनिकों को असैन्यीकृत क्षेत्र के पहले से निहत्थे क्षेत्रों में फिर से संगठित किया है जो उसके क्षेत्र को दक्षिण से अलग करता है।

# जेल में बंद इमरान ने एआई की मदद से शुरु किया चुनाव प्रचार

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान में फरवरी 2024 में आम चुनाव होने हैं। सलाखों के पीछे होने के बावजूद, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रमुख और पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के द्वारा सक्रिय रूप से चुनाव अभियान में शामिल हो गए हैं। उनकी पार्टी की ओर से विपक्षी नेता की ओर से जोशीला भाषण देने का एक वॉयस क्लोन जारी किया गया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा सोशल मीडिया पर चार मिनट के संदेश को वर्चुअल रैली नाम दिया गया। पीटीआई ने कहा कि खान का भाषण उस पाठ से तैयार किया गया था जो उन्होंने जेल से लिखा और जिसे उनके वकीलों ने मंजूरी दी थी। इमरान खान अगस्त से जेल में हैं और उन पर गोपनीय डेटा लीक करने का मुकदमा चल रहा है, उनका दावा है कि ये आरोप उन्हें फरवरी के आम चुनाव में भाग लेने से रोकने के लिए लगाए जा रहे हैं।

पीटीआई पार्टी ने इमरान का चार मिनट का संदेश तैयार करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल किया, जो इंटरनेट व्यवधानों के बावजूद सोशल मीडिया पर आयोजित एक वर्चुअल रैली का शीर्षक था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने कहा कि इमरान खान ने वकीलों के माध्यम से एक शॉर्टहैंड स्क्रिप्ट भेजी थी, इस उनकी अलंकारिक भाषा में शामिल किया गया था। इसके बाद एआई के एक टूल का उपयोग करके टेक्स्ट को ऑडियो में डब किया गया, जो मौजूदा भाषण नमूनों से वॉयस क्लोन बनाने की क्षमता का दावा करता है। इमरान की नकल करते हुए आवाज ने कहा कि मेरे साथी पाकिस्तानियों, मैं सबसे पहले इस ऐतिहासिक प्रयास के लिए सोशल मीडिया टीम की प्रशंसा करना चाहूंगा। ऑडियो को फेसबुक, एक्स और यूट्यूब पर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ समर्थकों के भाषणों की पांच घंटे की लाइव-स्ट्रीम के अंत में प्रसारित किया गया था, और इमरान के ऐतिहासिक फुटेज और स्थिर छवियों के साथ कवर किया गया था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अनुसार इस एक समय के क्रिकेट स्टार के पूर्व भाषणों के वास्तविक वीडियो क्लिप के साथ बुक किया गया था, लेकिन बीच-बीच में एक कैप्शन दिखाई दिया, जिसमें इमरान की एआई आवाज उनके नोट्स के आधार पर के रूप में चिह्नित किया गया था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के सोशल मीडिया प्रमुख जिब्रान इलियास ने कहा कि यह हमारे लिए कोई बड़ी बात नहीं थी, जब इमरान खान वास्तव में एक राजनीतिक रैली में मिलने के लिए मौजूद नहीं हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पाकिस्तान की पहली राजनीतिक पार्टी थी जिसने सोशल मीडिया की क्षमता का व्यापक रूप से उपयोग किया, युवा दर्शकों को लक्षित करने के लिए एप का उपयोग किया, जिन्होंने उन्हें पांच साल पहले सत्ता में पहुंचाया था।





# आईपीएल 2024 नीलामी

## हर्षल पटेल सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी बने, स्टार्क की रिकॉर्डतोड़ बोली के बीच छाए

**दुबई (एजेंसी)।** दुबई में आईपीएल 2024 के लिए मिनी ऑक्शन जारी है। इस ऑक्शन में 332 खिलाड़ियों के नाम पर बोली लग रही है। जिसमें 216 भारतीय खिलाड़ी हैं। अभी तक नीलामी में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का ज्यादा बोल बाला दिखा। जहां सबसे महंगे खिलाड़ी के रूप में मिचेल स्टार्क 24.75 करोड़ में बिके तो उनके ही हमवतन पैट कमिंस को सनराइजर्स हैदराबाद ने 20.50 करोड़ में अपनी टीम में शामिल किया। लेकिन इस बीच हर्षल पटेल छा गए। हर्षल पटेल बतौर भारतीय खिलाड़ी सबसे महंगे खिलाड़ी बिके।

आईपीएल के इस मिनी ऑक्शन में टीम इंडिया के तेज गेदंबाज हर्षल पटेल का जलवा देखने को मिला। उन्हें पंजाब किंग्स ने 11.75 करोड़ रुपये में खरीदा। हर्षल इस नीलामी में बिकने वाले सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी रहे। हर्षल आईपीएल के पिछले सीजन में आरसीबी का पार्ट थे।

नीलामी में गुजरात टाइटंस ने सबसे पहले उन पर बोली लगाई। फिर पंजाब और लखनऊ के बीच उन्हें खरीदने की रेस लगी। लखनऊ के पर्स में कम




कीमत होने के कारण वो पीछे हट गई। आरसीबी ने हर्षल के लिए थोड़ी भी दिलचस्पी नहीं दिखाई।

हर्षल टी20 क्रिकेट के बेहतरीन गेंदबाज माने जाते हैं। स्लोअर गेंदों से विकेट चटकाने में माहिर हर्षल ने आईपीएल 2021 में आरीसीबी के लिए खेलते हुए पर्पल कैप हासिल की थी।

## मुंबई इंडियंस की कप्तान संभालने के बाद पहली बार जिम में नजर आये हार्दिक



**मुम्बई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस क्रिकेट टीम की कप्तानी संभालने के बाद हार्दिक पंड्या पहली बार जिम में नजर आये। इसका एक वीडियो भी पांड्या ने साझा किया है। मुम्बई टीक ने आईपीएल के अगले सत्र के लिए अभी से अभ्यास शुरु कर दिया है। पंड्या की नजरें इस बार अपनी टीम को आईपीएल खिताब दिलाना है। पंड्या जब से मुम्बई के नये कप्तान बने हैं। सोशल मीडिया पर रोहित शर्मा के साथ चर्चा में बने हुए हैं। रोहित की जगह पंड्या को मुम्बई का कप्तान बनाने के कारण प्रशंसकों की मिली जुली प्रतिक्रियाएं मिली हैं। कुछेक ने इसे भविष्य के लिए साहसिक कदम बताया तो कइयों ने इसपर नाराजगी जतायी है।

हालांकि पांड्या इन चर्चाओं से परेशान नहीं हैं। हार्दिक ने मुंबई इंडियंस के कप्तान बनने के बाद जिम में अभ्यास का एक वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाऊंट पर साझा किया है। पंड्या की मुंबई इंडियंस में वापसी एक तरह की उनके लिए घर वापसी तरह ही है। उन्होंने 2015 में फ्रेंचाइजी के लिए आईपीएल में पदार्पण किया और कुछ ही समय में वह एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित हो गये थे। उनका ऑलराउंडर के तौर पर कौशल और आक्रामक खेल शैली मुंबई इंडियंस के खेल के तरीके से मिलता भी है।

## आईपीएल 2024: ऋषभ पंत को फिट होने में लगेगा समय, विकेटकीपर बल्लेबाज ने खुद दिया फिटनेस अपडेट

**गक्बेरहा (एजेंसी)।** भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को उम्मीद है कि वह अगले कुछ महीनों में पूरी तरह से फिट हो जाएंगे और अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में बहुप्रतीक्षित वापसी करेंगे। बता दें कि, पंत पिछले साल सड़क दुर्घटना में चोटिल हो गए थे जिसके कारण वह वर्ष 2023 में नहीं खेल पाए। वह प्रशंसकों के प्यार और स्नेह से अभिभूत हैं जिससे उन्हें उम्मीद से जल्दी फिट होने में मदद मिली।

दिल्ली कैपिटल्स ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो जारी किया है जिसमें पंत ने कहा,'' मुझे लगता है कि पिछले कुछ महीनों की तुलना में मैं अब काफी बेहतर महसूस कर रहा हूं। मैं अब भी शत प्रतिशत फिटनेस हासिल करने की राह पर हूं। लेकिन उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में मैं पूरी तरह से फिट हो जाऊंगा।'' ऋषभ पंत के सड़क दुर्घटना में चोटिल होने के बाद प्रशंसकों ने उनके प्रति जो प्यार और स्नेह दिखाया वह इस विकेटकीपर बल्लेबाज के दिल को छू गया जिसका अहसास उन्हें पहली बार हुआ।

उन्होंने कहा,'' यह वास्तव में शानदार अहसास है क्योंकि जब हम क्रिकेट खेलते हैं तो ऐसा लगता है कि कोई हमसे प्यार नहीं करता क्योंकि कई चीजों का दबाव रहता है। लेकिन वास्तव में यह काफी मुश्किल समय था और मुझे पता चला कि लोग हमें प्यार करते हैं। वे हमारा सम्मान करते हैं और मेरे चोटिल होने के बाद वे भी चिंतित थे। यह दिल को छूने वाला था और मेरे लिए यह काफी मायने रखता है।''

पंत ने आगे कहा,''जब आप बुरे दौर से गुजर रहे होते हैं या आपके साथ ऐसा कुछ होता है तो यह केवल शारीरिक ही नहीं मानसिक लड़ाई भी होती है और अगर आपके प्रशंसक आपके प्रति प्यार और स्नेह दिखाते हैं तो यह काफी मायने रखता है और इससे वास्तव में चोट से उबरने में मदद मिली।'' पंत की अनुपस्थिति में पिछले सत्र में ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने दिल्ली कैपिटल्स की अगुवाई की थी।



## आईएलटी20 ने नवीन उल हक पर लगाया प्रतिबंध

मुम्बई। अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीन-उल-हक पर 20 माह का प्रतिबंध लगा दिया गया है। नवीन पर ये प्रतिबंध इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) ने लगाया है। नवीन पर ये पाबंदी शारजाह वॉरियर्स के साथ अपने खिलाड़ी समझौते का उल्लंघन करने के लिए लगाया गया है। वॉरियर्स ने सीजन 1 के लिए नवीन से करार किया था। वहीं एक बयान के अनुसार, नवीन को वॉरियर्स द्वारा एक और साल के विस्तार की पेशकश की गई थी पर उन्होंने सीज़न 2 के लिए रिटेंशन नोटिस पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। इसके कारण अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज ने शारजाह वॉरियर्स के साथ अपना करार समाप्त कर दिया। गौरतलब है कि नवीन ने जनवरी-फरवरी 2023 विंडो में शारजाह वॉरियर्स के लिए आईएलटी 20 के सीजन 1 में खेला था, जिसने इस साल की शुरुआत में उन्हें खिलाड़ी करार शर्तों के अनुसार समान नियमों और शर्तों पर रिटेंशन नोटिस दिया था। वहीं शारजाह वॉरियर्स ने इस विवाद में हस्तक्षेप करने के लिए आईएलटी 20 से संपर्क किया था। आईएलटी 20 की तीन सदस्यीय अनुशासन समिति लीग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड व्हाइट, सुरक्षा और भ्रष्टाचार विरोधी प्रमुख कर्नल आजम और अमीरात क्रिकेट बोर्ड के सदस्य जायद अब्बास शामिल थे, ने दोनों पक्षों को अलग-अलग सुना। डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 के सीईओ डेविड व्हाइट ने कहा कि सभी से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी अनुबंध संबंधी प्रतिबद्धताओं का पालन करें।



## रोहित के मुंबई इंडियंस के छोड़ने की खबरों पर लगा विराम



मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के लिए मुंबई इंडियंस ने जब से रोहित की जगह हार्दिक पांड्या को नया कप्तान बनाया है, तभी से अलग-अलग तरह की खबरें मीडिया में आ रही हैं। एक खबर चर्चा में आई कि मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा बुधवार के बाद किसी और टीम को ट्रेड किए जा सकते हैं, इसके अलावा मुंबई इंडियंस के सीनियर खिलाड़ी जैसे जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन भी किसी और फ्रेंचाइजी टीम को ट्रेड किए जा सकते हैं। मुंबई इंडियंस के अधिकारी के हवाले से कहा गया हैं कि यह सब बस अफवाह है, ना रोहित शर्मा कहीं जा रहे हैं और ना ही कोई और खिलाड़ी।

मुंबई इंडियंस के अधिकारी ने कहा, इस तरह की खबरें पूरी तरह से झूठी और गलत हैं। कोई भी मुंबई इंडियंस का खिलाड़ी हमें छोड़कर नहीं जा रहा है और ना ही हम किसी को ट्रेड करने जा रहे हैं। मुंबई इंडियंस की तरफ से इस तरह का बयान पहली बार आया है क्योंकि हार्दिक पांड्या के कप्तान बनने के बाद से ही अलग-अलग तरह की खबरें सोशल मीडिया पर फैल रही हैं। मुंबई इंडियंस की ओर से कहा गया हैं कि पांड्या को कप्तान बनाने से पहले हर खिलाड़ी को कॉन्फिडेंस में लिया गया था। रोहित को भी इस बारे में खबर दी गई थी। और वह इस फैसले को लिए जाने वाले ग्रुप का हिस्सा था।

## शानदार एकदिवसीय पदार्पण से उत्साहित हैं सुदर्शन

**जोहान्सबर्ग (एजेंसी)।** युवा बल्लेबाज साईं सुदर्शन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी अच्छी शुरुआत से बेहद उत्साहित हैं। साईं ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार एकदिवसीय पदार्पण करते हुए 55 रन बनाये। वहीं सोशल मीडिया पर इस बल्लेबाज ने कहा, यह बेहद शानदार था क्योंकि एक युवा खिलाड़ी के रूप में हर कोई देश के लिए खेलना चाहता है। टीम की जीत में अपना योगदान देना और देश के लिए ट्रॉफियां जीतना हर कोई खिलाड़ी चाहता है। इसलिए, मैं अपने प्रदर्शन से खुश था और यह एक बहुत ही अच्छा अनुभव है।

साथ ही कहा कि एक संस्कृति जो मुझे पसंद है, वह है डेब्यू कैप मिलना जिसे मैं तमिलनाडु के दिनों से देखना पसंद करता हूं। तब राष्ट्रगान के दौरान मैं थोड़ा भावुक था। यह एक शानदार एहसास है और मैंने इसका आनंद लिया। इस बल्लेबाज ने अपने पहले ही मैच में एक बेहतरीन कवर ड्राइव के साथ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपना प्रभाव दिखाया और अपने पहले एकदिवसीय मैच में चौके के साथ अपना खाता खोला। इतना ही नहीं सुदर्शन ने स्पिनरों के खिलाफ अपने फुटवर्क का इस्तेमाल करने के तरीके से भी प्रभावित किया।

सुदर्शन ने कहा कि इस सीरीज से पहले दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ भारत ए की ओर से लाल गेंदों के चार दिवसीय मैच खेलने के अनुभव से भी मदद मिली। उन्होंने कहा, मैंने बस इस बारे में जितना संभव हो सके उतनी जानकारी एकत्र करने की कोशिश की। मुझे अंदाजा था कि दक्षिण अफ्रीका में हालात कैसे होंगे।



## ऑस्ट्रेलिया से शर्मनाक हार पर बोले पूर्व कप्तान- गेंदबाजों ने पाकिस्तान को निराश किया



**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अजहर अली ने अपने गेंदबाजों की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में पर्थ की उस पिच पर वह अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे जिससे असमान उछाल मिल रही थी। ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट मैच 360 रन से जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की।

अजहर ने कहा, 'जिस तरह से चौथे दिन पिच से असमान उछाल मिल रही थी उसे देखते हुए पाकिस्तान का 89 रन पर आउट होना हैरानी भरा नहीं रहा। हर समय इस तरह की असमान उछाल से निपटना मुश्किल था।' अजहर ने गेंदबाजों की कड़ी आलोचना की जिनके बारे में उनका मानना है कि उन्होंने हाल के कुछ वर्षों में ऑस्ट्रेलिया में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। उन्होंने कहा, 'कितनी बार गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया को कम स्कोर पर आउट किया जबकि बल्लेबाजों ने समय-समय पर अच्छा स्कोर बनाया। जब तक आप ऑस्ट्रेलिया को 250 या 300 रन से कम पर आउट नहीं करते हो तब तक आप ऑस्ट्रेलिया में मैच जीतने की उम्मीद नहीं कर सकते हो।'

## हेजलवुड मार्च और अप्रैल में आईपीएल नहीं खेलेंगे, अन्य ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी उपलब्ध रहेंगे

मुम्बई। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड मार्च और अप्रैल में आईपीएल नहीं खेले पायेंगे। वह मई माह से ही इस लीग से जुड़ेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस बारे में सभी आईपीएल टीम को जानकारी दे दी है। माना जा रहा है कि हेजलवुड अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे। इस तेज गेंदबाज को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने पहले ही 'रिलीज कर दिया था। वहीं ऑस्ट्रेलिया के अन्य सात खिलाड़ी आईपीएल के पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान भी 22 मार्च से 11 मई तक ही उपलब्ध रहेंगे। बांग्लादेश के ही तेज गेंदबाज तास्किन अहमद और शोरिफुल इस्लाम अगले साल होने वाले आईपीएल को मार्च और अप्रैल में श्रीलंका और जिंबॉब्वे के खिलाफ होने वाली घरेलू श्रृंखला के लिए खेलना है इसलिए वह भी आईपीएल में इस समय उपलब्ध नहीं रहेंगे। वहीं श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसरंगा और तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा आईपीएल के पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे क्योंकि उन्हें टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है जबकि श्रीलंका की टेस्ट टीम में शामिल अन्य खिलाड़ी बांग्लादेश के खिलाफ तीन अप्रैल को समाप्त होने वाली श्रृंखला के बाद ही आईपीएल में खेलेंगे।



## लेडीज यूरोपीय टूर : प्रणवी संयुक्त 5वें स्थान पर पहुंची, टेन शीर्ष पर पहुंची

माराकेश। भारत की प्रणवी उर्स यहां अच्छा प्रदर्शन करते हुए लेडीज यूरोपीय टूर (एलईटी) में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर पहुंच गयी हैं। प्रणवी का अंतिम क्वालीफायर के दूसरे दौर में 4 अंडर 68 का स्कोर बनाया। वहीं पहले दौर में उन्होने 68 का स्कोर बनाया था। वहीं सिंगापुर की शेनन टेन भी 68 का स्कोर बनाने के साथ ही प्रणवी के साथ ही संयुक्त रूप से 5वें स्थान पर रही है। वहीं फर्नांडा लिरा दूसरे दौर में 71 के स्कोर से कुल 12 अंडर के स्कोर के साथ शीर्ष पर चल रही हैं। भारत की ही नेहा त्रिपाठी दूसरे दौर में छह अंडर 67 के स्कोर से तीन अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 25वें स्थान पर चल रही हैं। इसके अलावा वाणी कपूर (73 और 70) संयुक्त 37वें, त्वेसा मलिक (74 और 70) संयुक्त 51वें, अमनदीप द्राल 75 और 70) संयुक्त 63वें, रिद्धिमा दिलावरी (74 और 72) संयुक्त 77वें, अवनी प्रशांत (76 और 71) संयुक्त 85वें स्थान पर चल रही हैं।

## गावस्कर का दावा, मुंबई इंडियंस में नई सोच लेकर आएंगे हार्दिक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिग्गज भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने दावा किया है कि मुंबई इंडियंस के नए कप्तान हार्दिक पांड्या इस टीम में नई सोच लेकर आएंगे। उन्होंने कहा कि रोहित थके हुए नजर आ रहे थे और पिछले कुछ वर्षों से उन्होंने बल्लेबाजी में पर्याप्त योगदान नहीं दिया। बता दें कि भारत की टी20 टीम के कप्तान हार्दिक को मुंबई इंडियंस ने दुबई में मंगलवार को होने वाली आईपीएल नीलामी से पहले अपनी टीम से जोड़ा। मुंबई ने बाद में उन्हें अपना नया कप्तान नियुक्त किया। रोहित और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल के सबसे सफल कप्तानों में शामिल हैं। इन दोनों की अगुवाई में उनकी टीम ने पांच-पांच खिताब जीते हैं। हालांकि मुंबई इंडियंस 2021 के बाद खिताब नहीं जीत पाया और 2022 में वह अंतिम स्थान पर रहा था। गावस्कर ने कहा कि ऐसा रोहित के थके हुए होने के कारण हो सकता है क्योंकि वह लगातार सिर्फ आईपीएल टीम ही नहीं, भारत के कप्तान की भूमिका भी निभा रहे थे।

गावस्कर ने कहा कि हमें हार्दिक को मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाना सही या गलत के रूप में नहीं देखना है। उन्होंने यह फैसला टीम के फायदे के लिए लिया है। रोहित का यहां तक कि बल्लेबाजी में भी योगदान थोड़ा कम हो गया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले रोहित बल्लेबाजी में काफी योगदान देते थे लेकिन पिछले कुछ वर्षों में वे नौवें या दसवें नंबर पर रहे हैं। पिछली बार उन्होंने प्लेऑफ में जगह बनाई, लेकिन मुंबई इंडियंस में जो जोश पहले दिखाई देता था वैसा नहीं दिखाई दिया। ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि रोहित लगातार क्रिकेट खेलता रहा है जिससे वह थक गए होंगे। वह लगातार भारतीय टीम और फिर मुंबई इंडियंस की कप्तानी कर रहे थे।

बता दें कि हार्दिक की अगुवाई में गुजरात टाइटंस ने 2022 में अपने शुरुआती सत्र में ही खिताब जीता था जबकि इस साल उसकी टीम उप विजेता रही थी। हालांकि क्रिकेटर से कमेंटेटर बने गावस्कर का मानना है की हार्दिक ने गुजरात की टीम के साथ खुद को साबित किया है और मुंबई इंडियंस में उनकी वापसी से टीम में नई सोच जुड़ेगी। उन्होंने कहा कि मुंबई ने यह फैसला कर लिया है। वह कप्तानी के मामले में युवा खिलाड़ी है जो गुजरात टाइटंस को दो बार फाइनल में पहुंचाकर और एक बार खिताब दिलाकर खुद को साबित कर चुका है। इस पर गावस्कर ने कहा कि उन्होंने इसी नई सोच के साथ उसे टीम का कप्तान बनाया है।

## दुनिया भर की फुटबाल टीमों में हैं भारतीय मूल के कई खिलाड़ी

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) राष्ट्रीय टीम में चयन के लिए विदेश में खेल रहे भारतीय मूल के व्यक्तियों (पीआईओ) के चयन की संभावना पर गौर कर रहा है और जल्द ही ऐसे 24 खिलाड़ियों से संपर्क करेगा। पीआईओ और भारत के विदेशी नागरिक (ओसीआई) खिलाड़ियों का राष्ट्रीय टीम में चयन लंबे समय से बहस का मुद्दा रहा है। राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमेच पहले ही भारतीय टीम में पीआईओ खिलाड़ियों के चयन की जरूरत की वकालत कर चुके हैं। लेकिन ऐसा करना आसान नहीं होगा क्योंकि भारतीय कानून दोहरी नागरिकता को स्वीकृति नहीं देता। अगर कोई पीआईओ खिलाड़ी भारत के लिए खेलना चाहता है तो उसे भारतीय नागरिकता लेनी होगी। नागरिकता के लिए आवेदन करने से पहले उस व्यक्ति को 12 महीने भारत में रहना होगा। चौबे ने खिलाड़ियों के नाम का खुलासा किए बिना कहा, 'हम 24 पीआईओ खिलाड़ियों से संपर्क करने पर विचार कर रहे हैं जो दुनिया भर में खेल रहे हैं। लेकिन आपको पता है कि दोहरी नागरिकता का मुद्दा है।

THE PHOTON NEWS

12 www.thephotonnews.com
Wednesday, 20 December 2023



# एनिमल ने सुपरस्टार्स में लाकर खड़ा कर दिया रणबीर को

बालीवुड एक्टर रणबीर कपूर को एनिमल की धुआंधार कामयाबी ने सबसे बड़े भारतीय सुपरस्टार्स में लाकर खड़ा कर दिया है। भारत ही नहीं, विदेशों में भी एनिमल की कमाई तेज गति से आगे बढ़ रही है। थिएटर्स में फिल्म जिस तरह का बिजनेस कर रही है, वो सीधा शाहरुख खान की दो बड़ी ब्लॉकबस्टर पठान और जवान के स्तर पर है।

निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने रणबीर को जिस खूंखार अवतार में स्क्रीन पर पेश किया है, उसका जलवा जनता को लगातार थिएटर्स में खींच रहा है। फिल्म की पॉपुलैरिटी का कमाल ये है कि 11 दिन में फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 737 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन जुटा लिया। 12वें दिन रणबीर की फिल्म 750 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई है और इसने एक नया रिकॉर्ड बना लिया है। एनिमल ने 12 दिन के अंदर कनाडा में 5.28 मिलियन डॉलर ( 44 करोड़ रुपये ) का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है।

रणबीर की फिल्म ने इस आंकड़े तक पहुंचते हुए शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर जवान को भी पीछे छोड़ दिया है। जवान ने कनाडा में 5.27 मिलियन डॉलर का बिजनेस किया था। अब एनिमल कनाडा में दूसरी सबसे बड़ी भारतीय फिल्म बन चुकी है।एनिमल ने 11 दिन में भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 401 करोड़ रुपये से ज्यादा नेट कलेक्शन कर लिया। शाहरुख की जवान ने भी इतने ही दिन में इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ का आंकड़ा पार किया था और अब ये दोनों फिल्में सबसे तेज इस माइलस्टोन तक पहुंचने वाली फिल्में हैं।

ट्रेड रिपोर्ट्स कहती हैं कि एनिमल ने 12वें दिन इंडिया में करीब 13 करोड़ का नेट कलेक्शन किया है। इसके साथ भारत में फिल्म का नेट कलेक्शन 458 करोड़ रुपये के करीब पहुंच गया है। 12 दिन बाद सिर्फ हिंदी वर्जन से एनिमल करीब 412 करोड़ रुपये कमा चुकी है। अभी कनाडा में सबसे बड़ी भारतीय फिल्म का रिकॉर्ड शाहरुख की पठान के नाम है, जिसने 6 मिलियन डॉलर ( 50 करोड़ रुपये से ज्यादा ) का बिजनेस किया था। लेकिन अब जल्दी ही रणबीर की फिल्म, शाहरुख की इस फिल्म को भी पीछे छोड़ देगी और रणबीर कनाडा में सबसे बड़े इंडियन सुपरस्टार बन जाएंगे।

# ऑडियो फॉर्मेट बहुत अधिक बोझिल और चुनौतीपूर्णः मसाबा

## कहानी कहने के ऑडियो फॉर्मेट पर की खुलकर बात



एक्ट्रेस नीना गुप्ता की बेटी और मशहूर फैशन डिजाइनर और अभिनेत्री मसाबा गुप्ता ने कहानी कहने के ऑडियो फॉर्मेट पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि यह बहुत अधिक बोझिल और चुनौतीपूर्ण है। हिंदी ऑडिबल ऑरिजिनल पॉडकास्ट सीरीज मार्वल्स वेस्टलैंडर्स ~ ब्लैक विडो में ब्लैक विडो/हेलेन ब्लैक की आवाज के रूप में करीना कपूर खान, लिसा कार्टराईट के रूप में मसाबा, जॉर्डन टेम्पल के रूप में विहान समत, येलेना बेलोवा के रूप में अदा शर्मा, जूडी क्रेट्ज के रूप में नीतू चंद्रा और के.आई.एम के रूप में अदिति भाटिया शामिल हैं। एक बातचीत में मसाबा ने कहा कि उन्हें यह माध्यम दिलचस्प लगा क्योंकि उनका ऑडियो आम तौर पर किसी वीडियो प्रारूप का अनुसरण करता है। मसाबा ने कहा, यह नया था क्योंकि आप ऑडियो के माध्यम से दुनिया का निर्माण कर रहे हैं। यह बहुत अधिक कठिन और चुनौतीपूर्ण है क्योंकि ऐसा नहीं है कि लोग किसी चीज को समझने के लिए दृश्य का सहारा ले सकते हैं। मुझे यह चुनौतीपूर्ण भी लगा क्योंकि इसमें कोई संदर्भ नहीं था। मुझे यह बहुत दिलचस्प लगता है। यह मेरे लिए आश्चर्य की बात है लेकिन मैं कहानी कहने की इस नई पीढ़ी और नई परत के खुलने के लिए उत्साहित हूं।

करीना के साथ काम करने पर एमटीवी सुपरमॉडल ऑफ द ईयर के जज ने कहा, यदि आप एक ही कहानी में हैं तो आपको एक ही लाइन पर चलना होगा। मेरा मतलब है कि जब आप विशेष रूप से आवाज रिकॉर्ड कर रहे हों तो ही ऐसा हो सकता है। चाहे मैं अलग-अलग बैंडविड्थ पर बोल रही हूं और वह अलग-अलग बैंडविड्थ पर बोल रही हो, भले ही हमारे किरदार अलग-अलग हों, हमें उसका मिलान करना होगा। उन्होंने कहा, दिलचस्प बात यह है कि यह काम कर गया। इस प्रोजेक्ट के लिए हां कहने का मेरा बड़ा कारण यह था कि करीना ब्लैक विडो का किरदार निभा रही हैं।



# स्ट्रीमिंग सीरीज कर्मा कॉलिंग में नजर आएंगी रवीना टंडन

बालीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन स्ट्रीमिंग सीरीज कर्मा कॉलिंग में नजर आएंगी। एक्ट्रेस विश्वासघात से भरी चकाचौंध और ग्लैमर की दुनिया में इंद्राणी कोठारी की भूमिका निभाएंगी। सीरीज के बारे में बात करते हुए रवीना टंडन ने कहा, इंद्राणी कोठारी का मानना है कि दुनिया उनका मंच है। मैंने बहुत लंबे समय से ऐसा कोई किरदार नहीं निभाया है।

कर्मा कॉलिंग निश्चित रूप से जो दिखता है, उससे कहीं अधिक है और यह अमीरों की दुनिया के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करता है। इंद्राणी की भूमिका निभाने से मुझे एक अभिनेत्री के रूप में खुद को और अधिक तलाशने में मदद मिली। यह पहले कभी नहीं देखी गई और पहले कभी नहीं की गई भूमिका है और मैं दर्शकों की प्रतिक्रियाओं का इंतजार कर रही हूं। रुचि नारायण के साथ सहयोग करना असाधारण रहा है। निर्देशक रुचि नारायण ने कहा, कर्मा कॉलिंग बेहद अमीर और संपन्न कोठारी परिवार और उनकी दुनिया में उनके इर्द-गिर्द रची गई साजिशों की पृष्ठभूमि पर आधारित है।

सीरीज में भव्यता और ग्लैमरस दृष्टिकोण है, जिसकी कहानी बदला, धोखे, विश्वासघात को बुनती है और कोठारी परिवार के अनुभवों को भी दर्शाती है। सीरीज निश्चित रूप से आपके लिए आनंददायक होगी और आपको और अधिक देखने के लिए लालायित कर देगी। रवीना टंडन और डिज्नी प?लस हॉटस्टार के साथ सहयोग करना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। आर.ए.टी फिल्म्स द्वारा निर्मित कर्मा कॉलिंग 26 जनवरी, 2024 को डिज्नी प?लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी। बता दें कि यह सीरीज अमेरिकी मूल सीरीज रिवेंज पर आधारित है, जो 2011-2015 तक प्रसारित हुई थी।

# वरुण तेज और मानुषी छिल्लर स्टारर 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' का टीजर रिलीज

वरुण तेज और मानुषी छिल्लर स्टारर 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' का टीजर रिलीज कर दिया गया है।' अक्षय कुमार स्टारर 'सम्राट पृथ्वीराज' से बॉलीवुड में कदम रखने वालीं मानुषी छिल्लर अब तेलुगू सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं। उनकी फिल्म 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म के जरिए एयर फोर्स के जवानों द्वारा झेली जाने वाली चुनौतियों को करीब से दिखाया जाएगा। 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' में वरुण तेज आईएएफ अफसर अर्जुन देव के रोल में हैं। वहीं मानुषी छिल्लर राडार अफसर के किरदार में हैं। टीजर की शुरुआत में दिखाया गया है कि एयर फोर्स की एक टीम को किसी और देश में भेजा जा रहा है। पहले ही यह अंदेशा जता दिया जाता है कि एयर फोर्स को किसी और देश में भेजना युद्ध जैसी स्थिति पैदा करने जैसा है। आवाज आती है, 'अगर हम ऐसे ही बदला लेते रहे हो, देश नहीं बचेगा सिर्फ बॉर्डर रह जाएंगे।' वहीं एयर फोर्स पायलट बने वरुण तेज टीम से बोलते हैं, 'वक्त आ गया है कि हम दुश्मन को याद दिलाएं कि ये देश गांधी जी ही नहीं, सुभाष चंद्र बोस का भी है।' ऑपरेशन वैलेंटाइन' को तेलुगू और हिंदी भाषा में शूट किया गया है ।सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस और संदीप मुद्दा की रेनेसां पिक्चर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म को शक्ति प्रताप सिंह हाडा ने निर्देशित किया है ।यह फिल्म 16 फरवरी 2024 को रिलीज होगी।




# सनी देओल की फिल्म सफर में कैमियो करेंगे सलमान खान!

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान, सनी देओल की आने वाली फिल्म सफर में कैमियो करते नजर आ सकते हैं। सनी देओल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म सफर की तैयारी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि सनी देओल जनवरी में फिल्म सफर की शूटिंग करेंगे। सफर एक बेहद दिल छू लेने वाली फिल्म होने वाली है, जो सनी देओल और एक चाइल्ड आर्टिस्ट की अलग-अलग मुश्किलों से भरे सफर की कहानी होगी। सनी देओल चाहते थे कि सलमान फिल्म में कैमियो करें। इसके लिए उन्होंने खुद कॉल कर उनसे कैमियो की रिक्वेस्ट की थी। सलमान खान कॉल पर ही फिल्म के लिए राजी हो गए। सलमान खान जनवरी 2024 में फिल्म सफर की शूटिंग करेंगे। उनका शूटिंग शेड्यूल महज 1 दिन का होगा। फिल्म में सलमान रियल लाइफ के सुपरस्टार सलमान खान बनकर ही नजर आएंगे ।सलमान खान और सनी देओल फिल्म जीत में साथ काम कर चुके हैं ।फिल्म सफर को विशाल राणा, एकलॉन प्रोडक्शन बैनर तले प्रोड्यूस कर रहे हैं।



# विद्युत जामवाल और नोरा फतेही की फिल्म क्रैक की शूटिंग पूरी

विद्युत जामवाल और नोरा फतेही स्टारर फिल्म क्रैक की शूटिंग पूरी हो गयी है। नोरा फतेही इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म क्रैक को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में वह अभिनेता विद्युत जामवाल के साथ नजर आयेंगी। फिल्म क्रैक की शूटिंग पूरी हो गई है। नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रैप-अप शूट की कई तस्वीरें शेयर की हैं। सेट पर नोरा बॉडीकॉन ड्रेस और डेनिम जैकेट में हाथ में क्लिप बोर्ड लेकर पोज दे रही हैं। एक तस्वीर में वह हाथों में गुलदस्ता लिए पोज रही हैं ।फोटोज शेयर करते हुए नोरा फतेही ने कैप्शन में लिखा, क्रैक की शूटिंग खत्म। पूरी टीम के साथ मेरा अनुभव बहुत ही खास रहा। मुझे एक लीड के रूप में लेने के लिए आदित्य दत्त, विद्युत जामवाल और पूरी टीम को शुक्रिया। मैंने सेट पर बहुत कुछ सीखा है और मैं दुनिया के इस फिल्म के देखने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। फिल्म 23 फरवरी 2024 को रिलीज हो रही है।



# डंकी और सालार की होगी बडी टक्कर

बालीवुड स्टार शाहरुख खान की डंकी और प्रभास स्टारर सालार को लेकर जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। दोनों बड़े बजट की फिल्में हैं। इन फिल्मों के कलेक्शन पर सभी की निगाहें हैं। इन दोनों फिल्मों की बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ी टक्कर होने वाली है। पहले सालार सितंबर में रिलीज होने वाली थी लेकिन फिर इसे बढ़ाकर दिसंबर में कर दिया गया। उम्मीद जताई जा रही हैं कि दोनों ही फिल्में अच्छा कलेक्शन करेंगी लेकिन क्या टकराव से उनके कलेक्शन पर फर्क पड़ेगा इस पर ट्रेड एक्सपर्ट क्या कहते हैं इस रिपोर्ट में बताते हैं। क्रिसमस पर बॉक्स ऑफिस पर पैसा ही पैसा बरसने वाला है क्योंकि दो बड़े स्टार्स की फिल्में आने वाली हैं। राजकुमार हिरानी निर्देशित फिल्म डंकी में शाहरुख मुख्य भूमिका में हैं। इस साल यह उनकी तीसरी फिल्म है। पहले दोनों फिल्में पठान और जवान ब्लॉकबस्टर हुईं तो डंकी से भी काफी उम्मीदें हैं।

पहली बार शाहरुख और हिरानी साथ काम कर रहे हैं। ट्रेड एक्सपर्ट का मानना है कि





टकराव से दोनों फिल्मों को नुकसान होगा और यह पठान-जवान जैसा कलेक्शन नहीं कर पाएगी। इस बारे में ट्रेड एनालिस्ट रमेश बाला ने कहा, मुझे यकीन है कि अकेले रिलीज की तुलना में शुरुआती वीकेंड थोड़ा कम रहेगा। दोनों फिल्में एक दूसरे के बिजनेस को नुकसान पहुंचाएंगी और बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड संख्या दर्ज करने की संभावना नहीं है। जब फिल्म सिंगल रिलीज होती है तब आमतौर पर रिकॉर्ड टूटते हैं। एक ही समय में दो बड़ी फिल्मों के आने से यह बंट जाता है। दोनों फिल्मों की ओपनिंग जवान, पठान या आरआरआर के लेवल की नहीं होगी। आने वाले समय में अगर अच्छा वर्ड ऑफ माउथ रहा तो फिल्मों को फायदा होगा और नंबर बढ़ सकते हैं।

यह फिल्म के विषय पर निर्भर करेगा। हिंदी बेल्ट में शाहरुख बहुत बड़े स्टार हैं। एक अन्य ट्रेड एनालिस्ट अतुल मोहन ने कहा, नॉर्थ में डंकी एग्जीबिटर्स की पहली पसंद बनी रहेगी। इसमें कोई शक नहीं है। शाहरुख की दो बड़ी हिट के बाद यह फिल्म आ रही है। जबकि प्रभास के लगातार फ्लॉप के बाद सालार आ रही है। इस वजह से जाहिर है शाहरुख की फिल्म को अधिक शोज मिलेंगे। कम से कम शुरुआती हफ्तों में तो यही होने वाला है। उसके बाद यह वर्ड ऑफ माउथ पर निर्भर करेगा।